आश्विन कृष्ण पक्ष तृतीया उपरांत 09:15 चतुर्थी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 20 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 31, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





वैज्ञानिकों ने खोज निकाला सबसे बड़ा ब्लैकहोल जेट 14

अपने बेटों को जब वी मेट दिखाना चाहती हैं करीना 13


## बिहार में दबंगों ने दलितों के 80 घर जलाए

### पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी सहित 15 को किया गिरफ्तार

नवादा/पटना, एजेंसी



बिहार के नवादा में दबंगों द्वारा दलित बस्ती में लगाई गई आग में जलते घर।

बिहार के नवादा जिले में बुधवार शाम को दबंगों ने दलित बस्ती के करीब 80 घरों में आग लगा दी। इस दौरान फायरिंग भी की गई। घटना के पीछे जमीन का विवाद कारण बताया जा रहा है। हालांकि प्रशासन की ओर से 34 घरों के आग के चपेट में आने की बात कही जा रही है।

कृष्ण नगर माझी टोले में हुई इस घटना में पुलिस ने अभी तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना की निंदा करते हुए सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। नवादा के जिलाधिकारी (डीएम) आशुतोष कुमार वर्मा ने बताया कि माझी टोला में एक समूह ने करीब 34 घरों को नष्ट कर दिया। आगजनी से प्रभावित ज्यादातर घर एससी/एसटी समुदाय के लोगों के थे। डीएम ने कहा कि यह आशंका भी जताई जा रही है कि आरोपियों ने घरों में आग लगाने से पहले हवा में गोलियां चलाईं।

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की घटना की निंदा

## बबुआ के राज में माफिया चलाते थे समानांतर सरकार

### योगी ने कहा-जनता पिसती थी, बबुआ 12 बजे सोकर उठता था, 1005 करोड़ की 93 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव पर कड़े प्रहार किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार के समय हर जिले का बड़ा माफिया व गुंडा सीधे सपा से जुड़ा था। पदाधिकारी या शागिर्द भी उसी पार्टी का था।

कहा कि बबुआ 12 बजे तक सोता था। बबुआ घर से बाहर नहीं निकलता था। माफिया समानांतर सरकार चलाते थे। अराजकता व गुंडागर्दी करते थे। वह मिल्कीपुर में विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 1005 करोड़ की 93 परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण समारोह पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के



समय में संगठित अपराध था। पशु, वन, खनन और भू-माफिया थे। मुस्लिम तुष्टिकरण की हद थी। पर्व व त्योहारों में इन लोगों ने अराजकता फैलाई थी। सारा काला चिट्ठा सामने आएगा तो मुंह दिखाने लायक नहीं बचेंगे। होली, दिवाली, रक्षाबंधन-शिवरात्रि, रामनवमी-जन्माष्टमी को प्रतिबंधित कर दिया था। जन्माष्टमी के आयोजनों पर थाना, पुलिस लाइन, जेलों में रोक लगा दी थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह इनके संस्कार हैं। कहते थे कि जन्माष्टमी में भजन न गाओ। हरे रामा, हरे कृष्णा की धुन कुछ लोगों को पसंद नहीं है। कांवड़ यात्रा पर बैन लगाते थी। दुर्गा पूजा में अयोध्या का दंगा हर किसी ने देखा। सपा सरकार में अयोध्या के देवकाली मंदिर में मूर्ति चोरी हो गई थी। बतौर सांसद गोरखपुर से आकर मैंने आंदोलन किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में कोई जमीन घोटाला नहीं हुआ। गुर्गों पर कार्रवाई की तो सरगना को तकलीफ हो रही है। उन्होंने अयोध्या के विकास कार्यों की फेहरिस्त गिनाई। उनके साथ प्रदेश सरकार के कई मंत्री, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी मंच पर मौजूद थे।

### समाजवादी पार्टी को डकैती डालने के लिए अंधेरा ही चाहिए

योगी ने कहा कि दीपोत्सव पर अयोध्या के मंदिरों पर जब दीप जलते हैं तो सिर्फ सपा मुखिया और पाकिस्तान को परेशानी होती है। इन्हें मालूम है कि अयोध्या में जलने वाला एक-एक दीप अयोध्या, प्रदेश व देश को रोशन करेगा। पाकिस्तान भारत का दुश्मन है, उसे तो परेशानी होती है, लेकिन हिंदू विरोधी मानसिकता के कारण समाजवादी पार्टी को भी दिक्कत होती है। सपा को डकैती डालने के लिए अंधेरा ही चाहिए।

## एक नजर

### महंत नृत्य गोपालदास की फिर बिगड़ी तबीयत



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की फिर से तबियत बिगड़ने के बाद गुरुवार को उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि फिर उन्हें यूरिन की समस्या हुई है। भोजन-पानी भी नहीं ले रहे थे। उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने बताया कि कुछ जांच भी होनी है, जिसके लिए दो दिन भर्ती रहना होगा।

### सलमान के काफिले में घुसे युवक पर मामला दर्ज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के सुरक्षा काफिले में घुसे मोटरसाइकिल सवार के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि यह घटना बीती रात बांद्रा में महबूब स्टूडियो और गैलेक्सी अपार्टमेंट के बीच हुई, जहां अभिनेता का घर है। अभिनेता को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से कई धमकियां मिली हैं और उन्हें मुंबई पुलिस द्वारा वाई-प्लस सुरक्षा दी गई है। घटना के समय सलमान अपने घर लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि रात लगभग 12.15 बजे जब काफिला महबूब स्टूडियो से गुजरा तो मोटरसाइकिल पर सवार उजैर फैज मोहिउद्दीन (21) ने सलमान की कार के पास जाने की कोशिश की।

## कश्मीर में नहीं लागू होने देंगे खून बहाने का पाकिस्तानी एजेंडा : मोदी

### प्रधानमंत्री ने कहा-पड़ोसी मुल्क के इशारे पर खेल रहे नेकां और कांग्रेस

- दावा-दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में 370 वापस नहीं ला सकती
- भरोसा : जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य बनेगा और भाजपा ही इसे पूरा करेगी



श्रीनगर/जम्मू, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि यह गठबंधन आतंक के आका पाकिस्तान के उसी एजेंडे को जम्मू-कश्मीर में लागू करना चाहता है, जिसने यहां पीढ़ियां बर्बाद की और खून बहाया। अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे और दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती है। मोदी जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

इससे पहले, उन्होंने दिन में श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक रैली को संबोधित किया। दोनों ही जनसभाओं में प्रधानमंत्री ने इस पूर्ववर्ती प्रदेश के लोगों को भरोसा दिलाया कि जम्मू-कश्मीर फिर से राज्य बनेगा और भाजपा ही इस प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। कटरा की रैली में मोदी ने कहा कि कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस को लेकर जम्मू-कश्मीर में भले ही उत्साह न हो, लेकिन पड़ोसी देश इन्हें लेकर बहुत उत्साह में है। पाकिस्तान में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन की बल्ले बल्ले हो रही है। इनके घोषणापत्र से पाकिस्तान बहुत खुश नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का खुलकर समर्थन किया है, जिन्होंने कहा है कि अनुच्छेद 370 और 35 ए को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का एजेंडा वही है जो पाकिस्तान का है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस ने यहां वही काम किया जो आतंक के आका पाकिस्तान को फायदा पहुंचाता था। उन्होंने कहा कि आज भी यह आतंकी आका के उसी एजेंडे को लागू करना चाहते हैं। लेकिन मोदी आज कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस को डंके की चोट पर कह रहा है कि हम जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे। दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापसी नहीं करा सकती। ज्ञात हो कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक पाकिस्तानी समाचार चैनल से बातचीत में कहा था कि उनका देश कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के विचारों से सहमत है कि अनुच्छेद 370 को बहाल किया जाना चाहिए।

### कांग्रेस-पाकिस्तान के इरादे और एजेंडा एक : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तानी मंत्री ख्वाजा आसिफ की टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि इससे फिर से यह स्पष्ट हो गया है कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। शाह ने 'एक्स' पर कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री द्वारा अनुच्छेद 370 और 35ए पर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का समर्थन करने की बात ने एक बार फिर कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया है। इस बयान ने पुन: यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देशवासियों की भावनाओं को आहत करते हुए हर एक भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू पर एफआईआर



- राहुल गांधी पर की थी टिप्पणी

**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए बयानों को लेकर उनके खिलाफ टिप्पणी के लिए केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के विरुद्ध यहां एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। गुरुवार को पुलिस ने बताया कि कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक पदाधिकारी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। बिट्टू ने रविवार को कहा था कि जब बम बनाने में माहिर लोग राहुल गांधी का समर्थन कर रहे हैं, तो वह देश के नंबर एक आतंकवादी हैं।' इस बयान की कांग्रेस ने कड़ी निंदा की थी।

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद बिट्टू ने कहा कि वह अपनी टिप्पणी पर कायम हैं और पुलिस शिकायतों से नहीं डरते। प्राथमिकी दर्ज होने पर रेल राज्य मंत्री बिट्टू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा प्राथमिकी और पुलिस मामले दर्ज करके डराने की कोशिश करती है। मैं बिल्कुल भी चिंतित नहीं हूं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत में सिखों की स्थिति के बारे में जो भी कहा है, मैं उस विचार से कैसे सहमत हो सकता हूं।

## अब रामपुर में ट्रैक पर खंभा रख ट्रेन पलटाने की साजिश

संवाददाता, बिलासपुर (रामपुर)

- बिलासपुर में शरारती तत्वों की करतूत, लोको पायलट की सूझबूझ से टला हादसा



"बिलासपुर क्षेत्र में रेलवे लाइन पर लोहे का खंभा पड़ा होने की जानकारी पर मैंने मौके का निरीक्षण किया। रामपुर जीआरपी में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। -**आशुतोष शुक्ला**, एसपी रेलवे, मुरादाबाद मंडल

**अमृत विचार :** रामपुर में रेलवे लाइन पर शरारती तत्वों ने लोहे का खंभा रखकर उधर से गुजर रही देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस को बेपटरी करने की कोशिश की लेकिन लोको पायलट की सजगता हादसा टल गया। पायलट ने वक्त रहते खंभे को देखकर ट्रेन को रोक लिया। जानकारी मिलने पर रेल अधिकारियों में खलबली मच गई। खंभे को हटाने के बाद ट्रेन आगे रवाना हुई।

सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र तथा जीआरपी के पुलिस अधीक्षक ने मौका मुआयना किया। जीआरपी रामपुर ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रुद्रपुर बॉर्डर से सटी क्षेत्र की बलवंत एनक्लेव कालोनी के पीछे पिलर संख्या 45/10 तथा 45/11 के बीच रेलवे लाइन पर शरारती तत्वों ने टेलीफोन लाइन बिछाने में इस्तेमाल होने वाला लोहे का खंभा रख दिया। देहरादून-काठगोदाम जन शताब्दी एक्सप्रेस (12091) बुधवार की रात को करीब 10 बजे देहरादून से काठगोदाम जा रही थी। लोको पायलट ने ट्रैक पर लोहे का खंभा रखा देखकर ट्रेन रोक ली और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इसके बाद लोको पायलट ने खंभे को रेलवे लाइन से हटाकर ट्रेन को रवाना किया। ट्रेन को 9:45 पर रुद्रपुर पहुंचना था। घटना के चलते वह ट्रेन 10:15 बजे रुद्रपुर स्टेशन पहुंची। हाल ही में ट्रेन पलटाने की कई साजिशें हुईं हैं। 17 अगस्त को साबरमती एक्सप्रेस ट्रैक पर रखे लोहे के टुकड़े के कारण डीरेल हो गई थी। 8 सितंबर को कालिंदी एक्सप्रेस तथा 24 अगस्त को फर्रुखाबाद पैसेंजर को पलटाने की साजिश की गई थी।

## दुष्कर्म पीड़िता को गोली से उड़ाया

### मां तथा भाई के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रही थी छात्रा

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

- कार सवार हमलावरों ने बाइक से खींचकर छात्रा को मार दी गोली
- कैलादेवी थाना क्षेत्र की वारदात आरोपी व मामा के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में मां और भाई के साथ बाइक से घर लौट रही दुष्कर्म पीड़िता कक्षा नौ की छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मां और भाई का आरोप है कि कार में सवार दुष्कर्म के आरोपी ने अपने मामा के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस दूसरे पहलू पर भी जांच कर रही है।

कैला देवी थाना क्षेत्र के भमोरी पट्टी गांव निवासी किसान गाजियाबाद के साहिबाबाद मंडी में ट्रैक्टर चलाता है। उसकी पत्नी बुधवार को बेटी के साथ गाजियाबाद से गांव लौट रही थी। सौंधन पहुंचने पर उन्हें लेने के लिए बेटा बाइक लेकर आ गया। बारिश की वजह से रात 10 बजे तक सौंधन में ही रहे। इसके बाद तीनों बाइक से गांव को रवाना हुए। छात्रा की मां का आरोप है कि रास्ते में सरकारी स्कूल के सामने कार सवार लोगों ने बाइक रोक ली। उनकी बेटी से दुष्कर्म करने का आरोपी रिंकू पुत्र राकेश निवासी भमौरी पट्टी अपने मामा पप्पू पुत्र जुगली निवासी सेतुआ थाना रजपुरा के साथ कार से उतरा और बाइक पर बैठी बेटी को खींच लिया और उसे गोली मार दी।

सूचना पर थाना पुलिस के साथ एएसपी श्रीशचंद और सीओ अनुज चौधरी मौके पर पहुंचे। सीओ अनुज चौधरी ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिंकू और उसके मामा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने रिंकू को जेल भेजा था, वह 20 दिन पहले ही जमानत पर छूटा है।

## आतिशी 21 को लेंगी मुख्यमंत्री पद की शपथ

नई दिल्ली, एजेंसी



- पांच कैबिनेट मंत्री भी होंगे, एक नया चेहरा शामिल

दिल्ली की नामित मुख्यमंत्री आतिशी के नेतृत्व में नया मंत्रिमंडल 21 सितंबर को शपथ लेगा। मंत्रिमंडल में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक मुकेश अहलावत नया चेहरा होंगे जबकि चार मंत्री बरकरार रहेंगे।

'आप' ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दिल्ली की मुख्यमंत्री नामित की गईं आतिशी और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी 21 सितंबर को पद की शपथ लेंगे। आप ने कहा कि निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मंत्रीमंडल का हिस्सा रहे गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत और इमरान हुसैन को पुनः मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी। आप के राष्ट्रीय संयोजक के विश्वासपात्र सहयोगियों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन द्वारा पिछले साल फरवरी में इस्तीफा देने के बाद आतिशी और भारद्वाज को केजरीवाल के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद आतिशी ने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया।

## शनिवार से काम पर लौटेंगे जूनियर डॉक्टर

**आरजी कर अस्पताल मामला**

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा अधिकतर मांगें मान लिए जाने के बाद आंदोलनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों ने घोषणा की है कि वे शनिवार से अपना आंदोलन आंशिक रूप से खत्म करके राज्य द्वारा संचालित अस्पतालों में आपातकालीन और आवश्यक सेवाओं में अपनी ड्यूटी आंशिक रूप से शुरू करेंगे। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना के बाद पिछले 41 दिनों से काम से दूर चिकित्सकों ने घोषणा की है कि वे शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन के बाहर अपना धरना समाप्त कर देंगे।

धरना समाप्त करने से पहले वे राज्य स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय स्वास्थ्य भवन से साल्ट लेक क्षेत्र में सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीबीआई कार्यालय तक एक मार्च निकालेंगे। एक आंदोलनकारी चिकित्सक ने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि राज्य में बाढ़ की स्थिति और राज्य सरकार द्वारा हमारी कुछ मांगों पर सहमति जताए जाने के मद्देनजर हम शनिवार से आपातकालीन और आवश्यक सेवाओं में आंशिक रूप से काम पर लौटेंगे लेकिन बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में काम नहीं करेंगे।

- आंदोलन आंशिक रूप से समाप्त करने की घोषणा
- ओपीडी में नहीं करेंगे काम, आपातकालीन सेवा देंगे

### पूर्व प्राचार्य संदीप घोष का चिकित्सा पंजीकरण रद



पश्चिम बंगाल चिकित्सा परिषद (डब्ल्यूबीएमसी) ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष का पंजीकरण गुरुवार को रद कर दिया। घोष आरजी .कर अस्पताल में महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामलें में इस समय सीबीआई की हिरासत में हैं। डब्ल्यूबीएमसी द्वारा तैयार की जाने वाली पंजीकृत चिकित्सकों की सूची से घोष का नाम 19 सितंबर को हटा दिया गया।

## भाजपा विधायक के मामा की गोली मारकर हत्या

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)



- हसनपुर के घंसूरपुर खालसा गांव में हुई घटना

**अमृत विचार :** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव घंसूरपुर खालसा में बुधवार रात गोशाला में सो रहे हसनपुर विधानसभा से भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के मामा सत्यप्रकाश (72) की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

परिजन उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां से उन्हें मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। देर शाम डीआईजी मुनिराज जी ने गांव में पहुंचे। हसनपुर कोतवाली के गांव घंसूरपुर खालसा में सत्यप्रकाश खड़गवंशी (70) परिवार सहित रहते हैं। सत्यप्रकाश के भांजे महेंद्र सिंह खड़गवंशी हसनपुर से विधायक हैं। उनके भतीजे महेश खड़गवंशी भाजपा में मंडल महामंत्री हैं। भतीजे महेश खड़गवंशी का कहना है कि पशुओं की रखवाली के लिए बुधवार रात सत्यप्रकाश घर के पास ही पशुशाला में चारपाई पर सो रहे थे। रात में गोली की आवाज सुनकर वह पशुशाला में पहुंचे तो सत्यप्रकाश लहूलुहान मिले।

### शफी पंडित के निधन पर मोदी ने जताया शोक

**श्रीनगर।** कश्मीर के पहले मुस्लिम आईएएस अधिकारी मोहम्मद शफी पंडित का गुरुवार को निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पंडित के निधन पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने पंडित की प्रशंसा की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने श्रीनगर में एक रैली के दौरान कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि कश्मीर के पहले आईएएस अधिकारियों में से एक और क्षेत्र के लिए गौरव का स्रोत पंडित का कल रात निधन हो गया। अपनी सेवानिवृत्ति के बाद भी, उन्होंने समाज के कल्याण के लिए काम करना जारी रखा। इस दुख की घड़ी में, हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

## बिजली कनेक्शन प्रस्ताव को लेकर बनी भ्रम की स्थिति

### पावर कॉरपोरेशन ने कहा, कनेक्शन होगा सस्ता, इस्टीमेट की व्यवस्था होगी समाप्त, लाइन चार्ज पर मौन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में नए बिजली कनेक्शन के प्रस्ताव को लेकर गुरुवार को भ्रम की स्थिति बन गई। एक ओर जहां उपभोक्ता परिषद ने लाइन चार्ज बढ़ाकर कनेक्शन महंगा करने व इसका कड़ा विरोध का तर्क दिया, तो उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने प्रस्ताव में पहले की तुलना में कनेक्शन को सस्ता कर उपभोक्ताओं को राहत देने की बात कही।

कॉरपोरेशन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि प्रस्तावित व्यवस्था में उपभोक्ता को बिना भागदौड़ के ऑनलाइन आवेदन पर पारदर्शी तरीके से कनेक्शन मिलेगा। इस्टीमेट का झंझट खत्म कर दिया गया है। कहा गया है कि अभी तक दो किलोवाट व 100 मीटर तक के घरेलू कनेक्शन के लिए आवेदनकर्ता को इस्टीमेट के तौर पर 21,422 रुपए जमा करने पड़ते थे, अब मात्र 2522 रुपए ही जमा करने होंगे। इस तरह उपभोक्ताओं को 18,900 रुपए की बचत होगी।

इसी तरह 5 से 10 किलोवाट के घरेलू उपभोक्ता को वर्तमान व्यवस्था में 39,157 रुपए से 20,8657 रुपए तक देना पड़ता है। प्रस्तावित व्यवस्था में मात्र 14,957 रुपए से 24,957 रुपए तक की राशि जमा करनी होगी। वर्तमान व्यवस्था में 40 मीटर से अधिक दूरी के कनेक्शन के लिए उपभोक्ता को इस्टीमेट दिया जाता है। प्रस्तावित व्यवस्था में 150 किलोवाट तक के उपभोक्ताओं से इस्टीमेट की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अब भार के अनुरूप समान व नियत धनराशि जमा करनें पर उपभोक्ता को घर बैठे कनेक्शन मिलेगा। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार विद्यमान लाइन से अधिकतम 250 मीटर की दूरी के अन्तर्गत आने वाले आवेदकों से आवेदन के समय एकमुश्त नियत धनराशि जमा कराई जाएगी। इसके बाद लाइन निर्माण, ट्रांसफार्मर स्थापन, क्षमतावृद्धि आदि कार्य का उत्तरदायित्व वितरण निगम का होगा। इस मद में कोई अतिरिक्त धनराशि की मांग आवेदक से नहीं की जा सकेगी। आवेदक के परिसर की विद्यमान लाइन से दूरी 250 मीटर से अधिक होने पर ही इस्टीमेट बनाया जाएगा।

### इस्टीमेट की आशंका खत्म होगी: गोयल

पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल का कहना है कि 40 मीटर से अधिक दूरी के उपभोक्ताओं की शिकायतें और समस्याएं लगातार आ रही थीं। प्रस्तावित व्यवस्था पारदर्शिता व उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखकर बनाई गई है। अब 150 किलोवाट व 250 मीटर तक के कनेक्शन भार के अनुरूप निर्धारित राशि जमा होगी। अनाप-शनाप इस्टीमेट की आशंका खत्म हो जाएगी।

### गुमराह कर रहा कॉरपोरेशन:अवधेश वर्मा

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि कॉरपोरेशन उपभोक्ताओं को गुमराह कर रहा है। उन्होंने कहा कि चालीस मीटर के अंदर कनेक्शन की दरों में लाइन चार्ज को लेकर बढ़ोतरी पर कॉरपोरेशन ने चुप्पी साध रखी है, जो उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाला है। आयोग में दाखिल प्रस्ताव विद्युतीकृत क्षेत्र का है।

# कुछ लोगों तक पहुंची सरकारी मदद, बाकी बेहाल

○ बाढ़ राहत कैंप में मात्र पांच परिवार, तिरपाल के सहारे बाकी लोग ○ वरुण विहार, बर्रा-8 बस्ती के 200 से अधिक घर बाढ़ प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● बस्ती वासी बोले- दो दिन से कोई नहीं आया, बच्चों को भेज दिया गांव

**अमृत विचार।** गिने-चुने लोगों तक ही सरकारी सुविधाएं पहुंच रही हैं, दो दिन से सड़क किनारे तिरपाल डाल कर रात गुजार रहे, लेकिन अब तक कोई पूछने नहीं आया। मकान जलमग्न हो गया, सिलेंडर तक निकाल नहीं पाए। जिस वजह से खाना नहीं बना पा रहे, कोई खाना दे देता है तो खा लेते हैं। यह दर्द था कानपुर देहात निवासी सुनीता का। आप बीती बताते हुए सुनीता के पलकें आंसुओं से भीगी हुई थीं। बोली, भइया हम तो भूख बर्दाश्त कर लेंगे, लेकिन बच्चे भूखे न रहें, इसलिए उन्हें गांव भेज दिया। ऐसी ही पीड़ा पांडु नदी की बाढ़ में बेघर हुए कई लोगों ने बताई।

लेखपाल अमित कुमार दीक्षित ने बताया कि गुरुवार को सुबह पांडु नदी का जलस्तर थोड़ा कम हुआ था, लेकिन दोपहर को भौंती टिकरा गांव से पानी छोड़े जाने के कारण नदी के जलस्तर में फिर बढ़ोत्तरी हो गई। बर्रा विश्वबैंक आई-ब्लॉक स्थित कंपोजिट विद्यालय में जिला प्रशासन की ओर से बनाए गए राहत कैंप में करीब पांच से सात परिवारों के करीब 30 से 40 लोग गुरुवार तक पहुंचे थे, जिनमें राजकुमार कश्यप, प्रेमचंद्र कश्यप, राजू व बाबू कश्यप के परिवार राहत कैंप में मिले।

कैंप में मौजूद लोगों ने बताया कि रात में जिला प्रशासन की ओर से भोजन मिला था। बच्चों के लिए प्रशासन ने दूध-ब्रेड की व्यवस्था की थी। इसके इतर गुरुवार को बस्ती के आसपास लोग सड़कों के किनारे तिरपाल में रह रहे थे। बस्ती में रहने वाले कानपुर देहात के सरवनखेड़ा, निनाया गांव निवासी छोटे की पत्नी सुनीता ने बताया कि उनके पांच बच्चे हैं। पति प्राइवेट नौकरी करते है। सामान पानी में डूब गया।

### राहत कैंप में पूरी व्यवस्था 70 लोगों ने खाया खाना

- जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के लिए तैनात लेखपाल अमित कुमार दीक्षित, उदयभान, राजस्व निरीक्षक प्रमोद सेंगर ने बताया कि गुरुवार शाम कैंप में करीब 70 लोगों ने खाना खाया था। कैंप में सबके लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई, लोग खाना खाकर चले जाते हैं। कैंप में अन्य लोगों को ठहराने का प्रयास किया जा रहा है।


सीवरेज पंप हाउस पर तिरपाल लगा कर रहते बाढ़ प्रभावित लोग अमृत विचार


खाना बनाती शकुंतला। अमृत विचार

### पीएम आवास के लिए कई बार भरा फार्म


उमा कश्यप ने बताया कि वह पति शिवा व एक बेटे अमर के साथ रहती है। बीते 5 साल से वह बस्ती में रह रही है हर साल बाढ़ की समस्या का सामना करना पड़ता है। किसी तरह गृहस्थी तैयार करते हैं जो बारिश में बर्बाद हो जाती है। कई बार पीएम आवास योजना का फार्म भरा लेकिन लाभ नहीं मिला।

### साहब खाना न मिले, लेकिन एक मकान दिला दो


बाढ़ राहत कैंप में मौजूद मदारपुर ड्योढ़ी निवासी सुनीता ने बताया कि साहब हर साल यही होता है। गांव में अगर घर होता तो कभी यहां रहने नहीं आते। फार्म भरने के बावजूद प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला। साहब एक बार खाना न मिले, लेकिन एक मकान दिला दो।

### 3500 में कमरा, पानी निकलते ही खाली करना होगा


वरुण विहार निवासी विकास ने बताया कि घर पानी में डूब गया है। बड़ी मुश्किल से 3500 रुपये में किराए का एक कमरा मिला है। मकान मालिक की शर्त है कि अगर दो दिन में बाढ़ का पानी निकल गया तो तुरंत मकान खाली करना होगा। उसने बताया कि पूरा किराया एडवांस लिया गया है।

### जाति पूछ कर लोग दे रहे किराये पर कमरा


बस्ती निवासी सफाई कर्मचारी भगवादीन ने बताया कि पत्नी संध्या व बच्चे कालीचरण व रामचरण के साथ वह तिरपाल में रात गुजारने को मजूबर हैं। आस-पास इलाके में लोग जाति पूछ कर मकान दे रहे हैं। प्रशासन की ओर से कई लोग आए थे, लेकिन मदद नहीं मिली।

# दुकान से युवक को ले गए एक घंटे बाद शव लाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● करंट से मौत की बात बताई, परिजन हुए बेहाल
● बिधनू थानाक्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** बिधनू थानाक्षेत्र में बुधवार शाम मोबाइल शॉप पर बैठे युवक को क्षेत्र में रहने वाला एक युवक अपने साथ ले गया। तकरीबन एक घंटे बाद उसके शव को कार में लेकर घर के बाहर पहुंचा और मौत की जानकारी दी। जिससे परिजनों के होश उड़ गए। उसने करंट लगने की जानकारी दी। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि बिजली का काम करने के लिए उसे ले गए थे। परिजनों ने रात में हंगामा किया तो पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिधनू के कठारा गांव निवासी अशोक कुशवाहा का 19 वर्षीय इकलौता पुत्र शिवम कुशवाहा घर के पास मोबाइल शॉप चलाता था। परिवार में मां रामा और तीन बहनें आरती, पूजा और शीतल हैं। परिजनों का आरोप था कि बुधवार शाम करीब 7 बजे वह अपनी मोबाइल शॉप पर बैठा था। इसी दौरान गांव का एक युवक उनके बेटे को ले गया था। इसके बाद वह उसे 8 बजे लाए और करंट लगने से मौत की जानकारी दे दी। इकलौते



बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए हंगामा किया तो पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों का आरोप था कि घटना के बाद दो तरह की बात कही जा रही है। एक तरफ वह लोग निमंत्रण में ले जाने की बात बोल रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ करंट की चपेट में आने की बात बोली है। जबकि शिवम को बिजली का काम नहीं आता था। आरोप था कि भाजपा के विधायक आरोपियों के रिश्तेदार हैं, इस कारण पुलिस भी दबाव में है। इस संबंध में बिधनू प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम में करंट लगने से मौत की पुष्टि हुई है। परिजनों के आरोपों की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### ट्रक ने मजदूर को रौंदा

**कल्याणपुर।** उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम के कैंपस में सो रहे मजदूर को ट्रक में रौंद दिया। मौके पर ही मजदूर की मौत हो गई। आगरा निवासी 22 वर्षीय राजेश कुमार दलहन क्रॉसिंग के पास स्थित उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम में मजदूरी करता था। बुधवार देर रात राजेश कैंपस में बने आईसीसी ब्लॉक पर सो रहा था। तभी कैंपस में दाखिल हुए ट्रक ने उसे रौंद दिया। फूफा श्यामवीर ने बताया कि गाड़ी मोड़ते समय राजेश चालक की गलती से हादसे का शिकार हो गया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

### सचेंडी में युवक ने की आत्महत्या

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र के ग्राम सीपी नगर भौती प्रतापपुर निवासी 20 वर्षीय अविनाश कुमार ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि उसने घर के अंदर कपड़े सुखाने वाले पोल से फांसी लगा ली। परिजन मौत के पीछे का कारण नहीं बता सके हैं।

### शराब दुकानों, संदिग्ध वाहनों की चेकिंग

**कानपुर।** सहायक पुलिस आयुक्त कर्नलगंज तेज बहादुर सिंह के नेतृत्व में थाना कोहना पुलिस व थाना नवाबगंज पुलिस ने रैना मार्केट की शराब की दुकानों एवं अन्य दुकानों में चेकिंग अभियान चलाया। वीआईपी रोड पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई जिसमें दोनों थानों के प्रभारी निरीक्षक साथ में मौजूद रहे।

### टेंट हटाते समय गिरने से कर्मी की मौत

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र ज्योरा कब्रिस्तान झोपड़पट्टी निवासी 42 वर्षीय कल्लू उर्फ प्रदीप बुधवार को गणेश महोत्सव का टेंट हटाने के लिए घुड़िया पर चढ़ा था। जहां से वह संतुलन खो बैठने से नीचे गिर गया। जिससे वह घायल हो गया। लोगों ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। भाई शानू ने बताया कि प्रदीप आतिफ टेंट हाउस में टेंट लगाने का काम करता था। हादसे में जान चली गई।

# रुकीं परियोजनाओं पर शासन को लिखें पत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● एक करोड़ से ऊपर की परियोजनाओं की डीएम ने ली जानकारी

**अमृत विचार।** जिले में एक करोड़ से ऊपर की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने गुरुवार को समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पेशल टास्क फोर्स कार्यालय भवन निर्माण, अग्निशमन केंद्र, हृदय रोग संस्थान में जी प्लस थ्री भवन निर्माण, आईटीआई कल्याणपुर व पांडुनगर में निर्माणाधीन आईटी लैब, मौरंग मंडी में 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय की प्रगति की अधिकारियों से जानकारी ली।

सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी ने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देश दिया कि निर्माणाधीन योजनाएं जिनमें 100 प्रतिशत धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है, लेकिन कार्यदायी संस्था की प्रगति धीमी है ऐसी संस्थाओं से भी स्पष्टीकरण लिया जाए। जो परियोजनाएं धन के आभाव में रुकी हैं उनके संबंध में शासन को पत्र भेजा जाए। कार्यदायी संस्थाओं की प्रगति खराब होने पर सभी संस्थाओं की बारी-बारी से समीक्षा करने का निर्देश सीडीओ को दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि राजकीय निर्माण निगम की दो परियोजना सामुदायिक स्वस्थ केंद्र बरीपाल व बिठूर का अलग से निरीक्षण होना चाहिए। जो परियोजना लंबे समय से धन के अभाव या धन मिलने की संभावना नहीं है, लेकिन पोर्टल पर लंबित दिख रही हैं उन्हें डिलीट कराकर धन मिलने के बाद ही पोर्टल पर अपलोड कराएं। राज्य विद्युत उत्पादन निगम, जल निगम ग्रामीण, एसटीपीआई के बिना पूर्व सूचना बैठक से गैरहाजिर रहने पर स्पष्टीकरण के निर्देश दिए।

# शास्त्री नगर में लो वोल्टेज, पंखा सिर्फ हिल रहा

**कानपुर।** मंगलवार रात मूसलाधार बारिश के बाद से बिगड़ी बिजली व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को करीब दो दर्जन क्षेत्रों में बिजली संकट रहा। शास्त्री नगर व आसपास के क्षेत्रों में लो वोल्टेज की काफी समस्या रही। इसके अलावा कई इलाकों में बिजली संकट की शिकायत रही।

मंगलवार रात से बुधवार तड़के तक भीषण बारिश हुई थी। जिससे कई इलाकों में पेड़ तारों पर गिरने और तमाम फाल्ट के कारण बिजली व्यवस्था गड़बड़ा गई थी। अभी भी बिजली पटरी पर नहीं आई है। शास्त्री में रहने वाले संजय ने केस्को मुख्यालय में शिकायत की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लो वोल्टेज की काफी समस्या है। वोल्टेज नहीं आने की वजह से गुरुवार को सिर्फ पंखा हिलता रहा, पूरी तरह से चला तक नहीं। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत ने बताया कि सूचना आने पर समस्या का समाधान करा दिया गया है।


मुख्यमंत्री को चित्र भेंट करते विधायक महेश त्रिवेदी। अमृत विचार


विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने भी मुख्यमंत्री को मांगपत्र दिया। अमृत विचार

# योगी ने खलवा पुल पर ओवरब्रिज बनाने को कहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● विधायक महेश त्रिवेदी की मांग पर सीएम ने डीपीआर बनाने को कहा

**अमृत विचार।** किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी ने गुरुवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सपरिवार भेंट की। विधायक ने मुख्यमंत्री से नौबस्ता केशव नगर में निर्माणाधीन 100 बेड के सरकारी अस्पताल का शीघ्र उद्घाटन कराने, जूही खलवा पुल पर रेलवे लाइन के ऊपर ओवर ब्रिज का निर्माण कराने और मेट्रो का निर्माण संबंधी विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल्द अस्पताल का उद्घाटन कराने का आश्वासन दिया। विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा कि जूही खलवा पुल के रेलवे लाइन के ऊपर ओवर ब्रिज बनाना जनहित में बहुत जरूरी है। प्रत्येक वर्ष बारिश के मौसम में जल भराव हो जाने के कारण लोगों का जनजीवन ठप हो जाता है। जलभराव में डूबकर कई जान भी जा चुकी है। विधायक के अनुसार इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा विधायक ने बारादेवी से नौबस्ता एलिवेटेड मेट्रो के नीचे सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ हाथ रेल के साथ, प्रत्येक स्टेशन के दोनों तरफ बस स्टॉप और प्रसाधन, पानी की निकासी की पूर्ण व्यवस्था, चौराहे पर मेट्रो स्टेशन के चारो तरफ सुंदर बगीचा तैयार करने, प्रत्येक स्टेशन पर पार्किंग व्यवस्था, सड़क किनारे साइकिल ट्रैक का निर्माण आदि कई अन्य कार्यों को कराने के लिए उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन( यूपीएमआरसी ) को आदेशित करने की मांग रखी। मुख्यमंत्री योगी ने आश्वासन दिया।

### मैथानी ने 37 बस्तियों के विकास के लिए सौंपा पत्र

- **कानपुर।** गोविंद नगर विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट करके विधानसभा क्षेत्र के 37 मलिन बस्तियों में सीवर, पेयजल, सड़क, नाली, और खड़ंजा जैसी बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिये पत्र सौंपा। विधायक ने कहा कि इन बस्तियों में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के लाखों गरीब परिवार रहते हैं। इन बस्तियों का सर्वांगीण विकास कर, इन्हें आदर्श बस्तियों के रूप में बदला जा सकता है। मुख्यमंत्री ने विधायक को आश्वासन दिया।

# सीसामऊ सीट पर कांग्रेस यूं ही नहीं छोड़ेगी अपनी दावेदारी

विशेष संवाददाता, कानपुर

▸▸ प्रदेश नेतृत्व ने बैठक के बाद शहर अध्यक्ष को दिए चुनावी तैयारी के निर्देश
▸▸ 15 अक्टूबर को संविधान सम्मान महा सम्मेलन के जरिए दबाव की रणनीति

**अमृत विचार।** प्रदेश में प्रस्तावित 10 विधानसभा सीटों के उप चुनाव में कांग्रेस और सपा का गठबंधन बिखर सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रदेश कांग्रेस ने सीसामऊ सीट पर प्रत्याशी लड़ाने के लिए रिपोर्ट हाईकमान को भेजने का फैसला लिया है। फिलहाल चुनावी रणनीति का ताना-बाना बुना जा रहा है। इसके तहत शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी को सीसामऊ इलाके में 15 अक्टूबर को संविधान सम्मान महासम्मेलन आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। महासम्मेलन में कांग्रेस के यूपी प्रभारी, राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, विधायक दल नेता, उपचुनाव क्षेत्र प्रभारी शिरकत करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस की बैठक में उपचुनाव क्षेत्र वाले जिलों के प्रमुख पदाधिकारियों को खास तौर पर बुलाया गया था। बैठक में सीसामऊ सीट पर चर्चा में जनाधार वापस लाने के लिए चुनाव लड़ने पर राय बनी।

बैठक में शामिल शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम ने बताया कि लोकसभा चुनाव में लोगों का रुझान पार्टी के पक्ष में रहा है। संविधान सम्मान महासम्मेलन के माध्यम से पार्टी सीसामऊ में वापसी कर सकती है। कांग्रेस दलित या मुस्लिम प्रत्याशी को मैदान में उतार सकती है। हालांकि अंतिम निर्णय हाईकमान को करना है।

# पेंशनरों और नियोक्ताओं की समस्याएं सुलझेंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कर्मचारी राज्य निधि संगठन 27 को डिस्ट्रिक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसके तहत पेंशनरों, सदस्यों व नियोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके लिए 15 टीमें बनाई गई हैं।

सहायक भविष्य निधि आयुक्त कैलाश नाथ ने एक विज्ञप्ति के जरिए बताया कि 15 जिलों में होने वाले इस आयोजन में कानपुर नगर, कानपुर देहात, उन्नाव, औरैया, जालौन, बांदा, चित्रकूट, इटावा, झांसी हमीरपुर, ललितपुर महोबा, फतेहपुर, कन्नौज व फर्रुखाबाद शामिल हैं। कानपुर में यह आयोजन एनटीसी मिल सिविल लाइंस, कानपुर देहात में मेसर्स रुचि ऑग्रेनिक लिमिटेड रनिया, उन्नाव में रेड टेप लिमिटेड बाईपास चौराहा, औरेया में सुदुति ग्लोबल एकेडमी, जालौन में जीवन ज्योति चंद्रकमल एकेडमी, बांदा कंफर्ट केयर होटल्स लि, इटावा में ज्ञानस्थली एकेडमी, झांसी में कंटोटमेंट बोर्ड, हमीरपुर में सरस्वती शिशु मंदिर मोदहा, ललितपुर में नगर पालिका परिषद में होगा।

### जुर्माना अदा कर रिहा कराए 5 बंदी

**कानपुर।** जेल में बंद मूल सजा अवधि पूरी हो चुके 5 बंदियों को लखनऊ की एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स संस्था के सहयोग से जुर्माने की धनराशि अदा कर रिहा कर दिया गया। इस दौरान बंदियों ने शपथ ली कि बाहर निकलकर वह लोग समाज के अच्छे कार्यों में भाग लेंगे। जेल अधीक्षक डॉ बीडी पांडेय, मीना सोनी, जेलर अनिल कुमार पांडेय व मनीष कुमार, डिप्टी जेलर अरुण कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

**सूचना**
मेरा बीए प्रथम वर्ष 2018–19, द्वितीय वर्ष 2019–20 और तृतीय वर्ष 2020–21 जिसका अनुक्रमांक 1940970011305 का अंकपत्र कहीं खो गया है। **तुषार पांडेय, निवासी जगदीशपुर, डीह, जिला रायबरेली**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **शिवरतन पुत्र चेतराम, निवासी– मो0 पुराना बोर्डिग हाउस, हरदोई,** मेरा पुत्र श्रीधर शराबी तथा विकलांग है तथा मानसिक रूप से परेशान है वह सभी से विवाद तथा मारपीट करता है उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज से मेरा उसका कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि **रामकेवल पुत्र मुल्क राज, निवासी– गौसपुर पोस्ट अकबरपुर, परगना तहसील– अकबरपुर जनपद अम्बेडकर नगर,** यह कि कैलाश पुत्र सुग्रीव व जयसिंह पुत्र सुग्रीव एक ही व्यक्ति के दो नाम है। इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति है

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **सबाना अली पत्नी शहीद अली, निवासिनी–170/355, जहाँगीरपुर, पो.– शाहजहाँपुर परगना व तहसील भोगनीपुर, जिला– कानपुर देहात।** मेरे पासपोर्ट नम्बर एल. 9620715 में नाम सबाना बेगम व पता इलाहाबाद व जन्मतिथि 10–02–1981 दर्ज हैं। जो कि गलत हैं। जबकि मेरा सही नाम सबाना अली व पता– ग्राम जहाँगीरपुर पोस्ट शाहजहाँपुर परगना व तहसील भोगनीपुर जिला कानपुर देहात व जन्मतिथि 30–09–1977 हैं। जो कि सत्य व सही हैं। तथा यह नाम पता तथा जन्मतिथि आधार कार्ड संख्या 4288 5968 2800 में अंकित है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं आकृति अग्रवाल पुत्री राकेश अग्रवाल मोहल्ला घसियारीपुरा निकट सिटी मांटेसरी स्कूल कोतवाली देहात की निवासी हूं। मेरा सही नाम akriti agrawal है। मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। **आकृति अग्रवाल पुत्री राकेश अग्रवाल , मोहल्ला घसियारीपुरा, कोतवाली देहात बहराइच।**

**सूचना**
सूचित हो कि **मो0 फईम पुत्र मो0 नईम, निवासी– 572 निराला नगर रायबरेली उ0प्र0 229001,** मेरे बैंक एकाउण्ट में मेरा नाम मो0 फईम वारिस दर्ज है, जोकि पूर्णत: गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मो0 फईम पुत्र मो0 नईम है जो कि सत्य व सही है। मेरा नाम मो0 फईम तथा मो0 फईम वारिस जोकि दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है।

**सूचना**
सर्वधारण को सूचित किया जाता है,कि प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0,ग्राम पंचायत अटवा कटैया वि0ख0 अहिरोरी जनपद हरदोई की प्रथम बैठक 20 सितंबर 2024 को प्रात: 11:00 बजे ग्रा0 पं0 अटवा कटैया स्थित पानी की टंकी के पास आहूत की जानी है। जिसमें आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।
**प्रस्तावित सचिव**
**प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0, ग्राम पंचायत अटवा कटैया वि0ख0 अहिरोरी, हरदोई**


# भाजपा की कथनी और करनी में अंतर : सपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सीसामऊ विधानसभा के प्रभारी ने की बैठक

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा में प्रस्तावित उपचुनाव में क्षेत्र के 275 बूथों पर पीडीए मतदाताओं से संपर्क अभियान में व्यापक सफलता मिल रही है, जिससे सपा की जीत ऐतिहासिक होगी। भाजपा की कथनी और करनी में अंतर के कारण मतदाताओं का भाजपा से मोह भंग हो गया है। यह बात सीसामऊ विधानसभा के सपा प्रभारी राजेंद्र कुमार ने कही।

नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में गुरुवार को सीसामऊ विधानसभा के 48 मतदान केंद्रों के जोनल व सेक्टर प्रभारियों, वार्ड अध्यक्षों, पीडीए कोर कमेटी, फ्रंटल संगठनों, अधिवक्ताओं, व्यापारियों व 275 बूथ इंचार्जों का वृहद पीडीए सम्मेलन हुआ। इसमें उपचुनाव पर रणनीति तय की गई। प्रभारी व पर्यवेक्षक राजेंद्र कुमार ने कहा कि भाजपा बहुराष्ट्रीय कंपनियों को बढ़ावा देकर नौजवानों को बेरोजगार बना रही है। भाजपा के इस रवैये से जनता में नाराजगी बढ़ रही है। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि सपा पीडीए मिशन के युवा कार्यकर्ता एक अक्टूबर तक मतदाताओं के द्वार जाएंगे। महिलाओं की टीम भी गठित हो गई है। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, शैलेंद्र यादव मिंटू, सतीश निगम, नितेंद्र यादव, आशीष चौबे, नसीरुद्दीन रहे।

रणनीति सीसामऊ चुनाव पर मंत्री सुरेश खन्ना ने चुन्नीगंज, रायपुरवा, कौशलपुरी मंडल की ली बैठक

# घर-घर जाकर मतदाताओं के हाथ जोड़ें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार में संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना गुरुवार को एक बार फिर से शहर पहुंचे। सीसामऊ चुनाव को लेकर पार्टी कार्यालय नवीन मार्केट में उन्होंने चुन्नीगंज, रायपुरवा, कौशलपुरी मंडल की बैठक ली। 6 घंटे की मैराथन बैठकों में सुरेश खन्ना ने हर मंडल के प्रत्येक बूथ प्रवासी को खड़ा कर बूथ की संरचना, पन्ना प्रमुख से बूथ कमेटी का विवरण लिया।

सुरेश खन्ना ने कहा कि कोई चुनाव या युद्ध बिना उत्साह के नहीं जीता जा सकता। प्रत्येक बूथ प्रवासी अपने बूथ पर अभी से घर-घर जाकर हाथ जोड़कर निवेदन करे। यदि किसी मतदाता में कोई गुस्सा होगा या कोई शिकायत होगी तो हम लोग दूर कर लेंगे।


सीसामऊ विधानसभा अंतर्गत रायपुरवा मंडल के सेक्टर प्रवासी बूथ प्रवासी की बैठक को संबोधित करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि हमारे बूथ पर जो लाभार्थी होंगे उनको हमने योजनाओं का लाभ देकर अहसान नहीं किया, उनसे हाथ जोड़कर आगे जिस योजना के पात्र हो उनको दिलाएं। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता में हनुमान जी जैसा बल है, बस उसको याद दिलाने की जरूरत है। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, एमएलसी मानवेंद्र सिंह, विधायक महेश त्रिवेदी, नीलिमा कटियार, अनीता गुप्ता, अनूप अवस्थी, आनंद मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा, संतोष शुक्ला, अवधेश सोनकर, जितेंद्र विश्वकर्मा, कपिल गुप्ता, तीनों मंडल के अध्यक्ष गौरव पांडे, अभिमन्यु सक्सेना, करण सिंह यादव व विवेक पांडे रहे।

### विजय रुपाणी व जगदीश मुखी करेंगे प्रवास

**कानपुर।** सेवा पखवाड़ा व सदस्यता अभियान कार्यक्रम के तहत गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी 22, 23 सितंबर को कानपुर उत्तर दक्षिण जिले में प्रवास करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि 21, 22, 23 सितंबर को कानपुर ग्रामीण, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, कन्नौज, फतेहपुर में असम नगालैंड मिजोरम के पूर्व राज्यपाल रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश मुखी प्रवास करेंगे।

**आज का मौसम**

गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

32.4⁰ अधिकतम तापमान | 24.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:56 | सूर्यास्त 06:07

**शहर में आज**



- **शिविर :** लघु उद्योग भारती द्वारा निशुल्क श्रमिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, 81-बी कानपुर प्रोडक्टिविटी काउंसिल दादा नगर में सुबह 8 बजे से।
- **कन्यापूजन :** सरयू नारायण बाल विद्यालय इंटर कॉलेज आजाद नगर में बुढ़वा मंगल पर कन्यापूजन, सुबह 11 बजे।
- **भ्रमण :** उच्च शिक्षामंत्री का नगर भ्रमण व पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी वितरण, प्रमिला सभागार मोतीझील, सुबह 11.55 बजे।
- **शुभारंभ :** राष्ट्रीय फर्माकोविजिलेंस वीक का शुभारंभ, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, दोपहर 1 बजे।
- सीएसजेएमयू में इनोवेशन फाउंडेशन की ओर से आईडिया टू इम्पैक्ट कार्यक्रम, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई ऑडीटोरियम में, 2 बजे।
- **अनावरण :** बार एसोसिएशन हाल में जिला जज कानपुर नगर द्वारा स्मृति शेष पंडित राम कृष्ण शर्मा के चित्र का अनावरण, शाम 4 बजे।
- पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा हनुमान चालीसा अशोक नगर शाम 6 बजे।

**एक नजर**

### बारिश से सड़कें बदहाल

**कानपुर।** लगातार बारिश से शहर के सभी इलाकों में सड़कों का बुरा हाल हो गया है। जगह-जगह सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं और गिट्टी रोड़ी उखड़कर बाहर आ गई है। जिससे वाहनों के फिसलने का खतरा रहता है। कई स्थानों पर तो एक फीट से भी ज्यादा गहरे गड्ढे हो गए हैं जिनमें वाहन का पहिया जाने पर पलटने का डर रहता है।

# भैरवघाट और सिद्धनाथ बनेंगे दर्शनीय स्थल

## सीएम वैश्विक नगरोदय योजना से दोनों घाटों का होगा री-डेवलपमेंट और सुंदरीकरण

अभिषेक वर्मा, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा किनारे भैरवघाट और सिद्धनाथ घाट का री-डेवलपमेंट के साथ सौंदर्यीकरण होगा। साकेत नगर में नगर निगम जोन-3 का कार्यालय बनने से लोगों को सुविधा मिलेगी। ये तीनों काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी परियोजना वैश्विक नगरोदय योजना (सीएम-वीएनवाई) के तहत होंगे। योजना में शहर के लिए 6 विकास कार्यों को शामिल किया गया है, जिनमें से 3 काम पूरे करने के लिए 8 करोड़ रुपये स्वीकृत भी कर दिए गए हैं।

नगर निगम ने 39 करोड़ से विकास कार्य कराने का प्रस्ताव तैयार किया था। इसमें 6 कामों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वैश्विक नगरोदय योजना में शामिल किया गया है। नगर निगम भैरवघाट में नाली का निर्माण करा रहा है। अभी वहां जल निकासी न होने से गंदा पानी भरा रहता है।

इसके बाद शवदाह गृह में अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों की गंदगी और टूटी सड़क की दिक्कत को दूर किया जायेगा। इसी तरह आनंदेश्वर मंदिर परमट कॉरिडोर की तर्ज पर सिद्धनाथ मंदिर जाजमऊ का भी निर्माण नगर निगम करा रहा है। 4.08 करोड़ रुपये से काम चल रहे हैं। यहां अभी सुंदरीकरण किया जाना है, इसके लिए वैश्विक नगरोदय योजना से धन मिल गया है।



सिद्धनाथ घाट सुंदर बनेगा। अमृत विचार



भैरव घाट भी चमकेगा। अमृत विचार

- **8 करोड़ की 3 परियोजनाओं को हरी झंडी, साकेत नगर में बनेगा जोन-3 कार्यालय**

> वैश्विक नगरोदय योजना में नगर निगम के 3 काम स्वीकृत कर दिए गये हैं। 8 करोड़ रुपये से जल्द ही काम शुरू कराए जाएंगे।
>
> – सुधीर कुमार, नगर आयुक्त

**08** करोड़ से तीन स्वीकृत कार्य होंगे

**06** कार्यों को योजना के तहत किया गया शामिल

**03** घाट और उनके आस पास होगा जीर्णोद्धार

### योजना में यह होने हैं काम

- जोन-4 में भैरवघाट शवदाह गृह का जीर्णोद्धार।
- जोन-2 में सिद्धनाथ घाट का रीडेवलपमेंट एवं सौन्दर्यीकरण।
- साकेत नगर डम्प में जोनल कार्यालय-3 एवं सह-कार्य स्थान का निर्माण।
- सरसैया घाट सिविल लाइन्स श्रमजीवी महिला छात्रावास का निर्माण।
- जोन-1 के फूलबाग गांधी भवन में ई-डिजिटल लाइब्रेरी का काम।
- जोन-4 के वार्ड 59 में बृजभषण अवस्थी बारातशाला का निर्माण।

### सीसामऊ क्षेत्र के विकास कार्य भी तेज

शासन ने सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव को लेकर विकास कार्यों को तेज कर दिया है। नगर निगम व अन्य विभागों को सत्य हिदायत दी गई है कि सीतामऊ हुआ उसके आसपास के क्षेत्रों वह गंगा घाटों के समीप रहने वाले लोगों को विकास से वंचित न रखा जाए।

# डिप्थीरिया टीका लगाने से बच रहे कुछ स्कूल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **मना करने वाले स्कूलों की लिस्ट जिलाधिकारी को देगा विभाग**
- **26 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलेगा अभियान**

**अमृत विचार।** बच्चों को डिप्थीरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग शहरी क्षेत्रों के स्कूलों की लिस्ट तैयार कर रहा है। लेकिन शहरी क्षेत्र में कुछ ऐसे स्कूल भी हैं, जो स्कूल में टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों को मना कर रहे हैं।

शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग पहले चरण में स्कूल जाने वाले बच्चों को 26 सितम्बर से डिप्थीरिया-पर्ट्यूसिस-टिटनेस (डीपीटी) व टिटनेस-डिप्थीरिया (टीडी) का टीका लगाने के लिए स्कूल आधारित टीकाकरण अभियान चलाएगा।

टीकाकरण अभियान 26 सितंबर से सात अक्टूबर तक गैर टीकाकरण दिवस में जिले के सभी राजकीय व निजी क्षेत्र के स्कूलों में चलेगा। इस संबंध में सीएमओ ने अभियान के संचालन के प्रति स्कूल प्रबंधक व प्रधानाचार्य को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं।

स्कूलों के शिक्षक व अभिभावक बैठक करेंगे और स्कूल डायरी के जरिये अभिभावकों से टीकाकरण की सहमति लेंगे, जो अभिभावक सहमति नहीं देंगे उन्हें प्रेरित कर समझाया जाएगा। सीएमओ की अपील है कि स्कूल के प्रबंधक, प्रधानाचार्य व अध्यापक इस अभियान में रुचि दिखाएं। कुछ स्कूलों ने डिप्थीरिया से बचाव के लिए बच्चों का टीकाकरण कराने से मना कर दिया है। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि ऐसे स्कूलों की लिस्ट कानपुर मंडल की अपर निदेशक और जिलाधिकारी कार्यालय भेजी जाएगी।

# काकादेव में बेसमेंट में 3 लाइब्रेरी सील कीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **केडीए की टीम ने जांच के बाद की कार्रवाई**

**अमृत विचार।** शहर में भवनों के बेसमेंट में चल रहीं अवैध गतिविधियों के खिलाफ केडीए की जांच और अभियान जारी है। इसके तहत गुरुवार को केडीए की टीम ने काकादेव में बेसमेंट में चल रहीं 3 लाइब्रेरियों को सील कर दिया।

दिल्ली में बेसमेंट में चल रही कोचिंग की लाइब्रेरी में दो छात्र-छात्राओं की डूबकर मौत के बाद बेसमेंटों में चल रही गतिविधियों पर लगाम कसी जा रही है। इसी के तहत केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल और सचिव अभय कुमार पाण्डेय के निर्देश में गठित टीम काकादेव में भवनों की स्थलीय जांच करने पहुंची। विशेष कार्याधिकारी उप जिलाधिकारी प्रवर्तन (जोन-2) डॉ. रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम ने 3 भवनों में अवैध रूप से बेसमेंट में गतिविधियां संचालित होते पाईं। इस पर तीनों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने बताया कि 117/एन/33ए रानीगंज में संस्कार लाइब्रेरी,117/एन/287 तुलसी नगर में मिरजा लाइब्रेरी और कटियार लाइब्रेरी बेसमेंट में संचालित होते मिलीं। इन तीनों को सील करा दिया गया। डॉ. रवि प्रताप सिंह ने बताया कि जांच और कार्रवाई अभियान आगे भी जारी रहेगा। बेसमेंट में गतिविधियां नहीं चलेंगी।

# रेलवे ने कैंट साइड की ओर ढहाया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** डीआरएम हिमांशु बडोनी, पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के निरीक्षण के बाद दूसरे दिन गुरुवार को सेंट्रल स्टेशन के कैंट साइड में अवैध कब्जे ढहाए गए। अनाधिकृत रूप से रह रहे लोगों व दुकानों को हटवाया गया।

साबरमती और कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश के बाद रेलवे प्रशासन सख्त है। गुरुवार सुबह पुलिस, जीआरपी और आरपीएफ ने मिलकर रेल बाजार और फेथफुलगंज बाजार जाने वाली सड़क पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान करीब 50 से अधिक कब्जे हटाए गए। कार्रवाई के बाद रेल बाजार और फेथफुलगंज बाजार की ओर जाने वाली सड़क अतिक्रमण मुक्त दिखी।



सेंट्रल के कैंट साइड में अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर।

### रेलवे लाइन के किनारे टहलना गैरकानूनी

**कानपुर।** गुरुवार को आरपीएफ और जीआरपी स्टाफ ने मरे कंपनी पुल के पास बस्तियों व रेलवे के किनारे बसे लोगों को जागरूक किया। लोगों से कहा कि अगर रेलवे ट्रैक के किनारे कोई संदिग्ध नजर आए तो तत्काल सूचित करें। हो सके तो वीडियो और फोटो खींचकर भेजें। रेलवे लाइन के किनारे टहलना गैरकानूनी है। ट्रेनों पर पथराव, छिनैती और लूट जैसी घटनाओं को रोकने में पुलिस, जीआरपी और आरपीएफ का सहयोग करें।

### फोरेंसिक पर टिकी साबरमती हादसे की जांच

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में इंडस्ट्रियल एरिया के पास झांसी रूट पर गोविंदपुरी और भीमसेन के बीच साबरमती एक्सप्रेस के आगे रेल ट्रैक पर रखे गए पटरी के टुकड़े से टकराकर 22 कोच डिरेल हो गए थे। आशंका जताई गई थी कि साजिशकर्ताओं ने लोहे की पटरी का टुकड़ा नटबोल्ट से कस दिया था जिससे घटना हुई। मामले में फोरेंसिक टीम ने जांच और सीन रिक्रिएट कर सभी बरामद चीजों को लैब भेजा है। वहां से 25 सितंबर तक रिपोर्ट आने की उम्मीद है। एजेंसियां हो या पुलिस अधिकारी सभी जांच रिपोर्ट आने का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हादसा है या साजिश इसका पता फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही पता लग सकेगा।

# फार्मासिस्ट को पीटा लूट का आरोप

**कानपुर।** बर्रा विश्व बैंक ए ब्लॉक निवासी दिलीप सचान फार्मासिस्ट है वह पोस्टमार्टम हाउस में कार्यरत है दिलीप ने बताया कि गुरुवार रात वह पोस्टमार्टम हाउस से लौट रहे थे जब वे नंदलाल चौराहे के पास वह पहुचे थे, तभी साइड देने को लेकर उनका कार सवार युवकों से विवाद हो गया। किसी तरह लोगों के समझाया तो मामला शांत हो गया। इसके बाद वह सचान चौराहे पर पहुंचे थे, तभी पीछे से आए कार सवार युवकों ने उन्हें गाड़ी से खींच कर बाहर निकाला और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

आरोप है कि मारपीट के दौरान कार सवार युवक उनकी चेन लूट कर फरार हो गए पीड़ित ने बर्रा थाने में शिकायत की । बर्रा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला को मातृशोक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बीसीसीआई उपाध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला की मां शांति शुक्ला (90) का स्वर्गवास गुरुवार को नई दिल्ली में हो गया। वह अपने पीछे तीन पुत्र दिलीप शुक्ला, राजीव शुक्ला, सुधीर शुक्ला का भरा पूरा परिवार छोड़ गईं हैं। उनके ज्येष्ठ पुत्र संपूर्णानंद शुक्ला का निधन पहले हो चुका था।



शांति शुक्ला।

राजीव शुक्ल के पारिवारिक मित्र कौशल किशोर शर्मा एडवोकेट के अनुसार उनका निधन नई दिल्ली में हुआ। उनका पार्थिव शरीर नई दिल्ली से कानपुर लाया जा रहा है। उनकी अंतिम यात्रा 20 सितंबर शुक्रवार को सुबह नौ बजे निज निवास दर्शनपुरवा से भैरवघाट के लिए प्रस्थान करेगी।

भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच की तैयारियों में जुटे यूपीसीए के पदाधिकारियों को जैसे ही यह खबर मिली, ग्रीनपार्क स्टेडियम में शोक की लहर दौड़ पड़ी। स्टेडियम का निरीक्षण करने आए सांसद रमेश अवस्थी ने निरीक्षण रद कर शोकसभा की। वेन्यू डायरेक्टर डॉ. संजय कपूर, यूपीसीए सचिव अरविंद श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव रियासत अली, कोषाध्यक्ष प्रेम मनोहर गुप्ता, नोडल अधिकारी सुजीत श्रीवास्तव समेत यूपीसीए स्टाफ ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

# युवाओं और उद्यमियों के लिए कॉल सेंटर सुविधा

**कानपुर।** युवाओं और उद्यमियों के लिए कॉल सेंटर की सुविधा दीपावली से शुरू होगी। एजेंसी चयन की प्रक्रिया चल रही है। उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम की इस योजना में 80 फीसदी काम पूरा हो गया है।

लघु उद्योग निगम के अधिकारियों ने बताया कि कॉल सेंटर से कारोबार शुरू करने वाले युवाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ हर तरह की सहायता मिलेगी। कॉल सेंटर उद्यमियों की समस्याओं का समाधान करेगा। निगम के सुप्रीटेंडिंग इंजीनियर प्रभात कुमार बाजपेई ने बताया कि कॉल सेंटर से एमएसएमई सेक्टर को सबसे ज्यादा लाभ होगा। स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं के प्रोजेक्ट तेजी से धरातल पर उतर सकेंगे और उन्हें बाजार मिलेगा।

# सलीम बिरयानी ने बताए 12 नाम और 10 बैंक खाते

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **एपी फैनी कंपाउंड की जमीन बेचने का मामला**

**अमृत विचार।** कर्नलगंज थानाक्षेत्र में चुन्नीगंज के पास स्थित एपी फैनी कंपाउंड में अवैध तरीके से कब्जा और जमीनों की खरीद फरोख्त के मामले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए सलीम बिरयानी ने पुलिस के सामने कई राज खोले हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सलीम ने सफेदपोश समेत 12 लोगों के नाम बताए हैं। 10 बैंक खातों के बारे में भी जानकारी दी है।

बुधवार रात करीब 12 बजे सलीम बिरयानी को कर्नलगंज इंस्पेक्टर रविन्द्र श्रीवास्तव, बेकनगंज थाना प्रभारी मतीन खान ने तलाक महल से उठाया था। एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने बताया कि सलीम बिरयानी एपी फैनी कंपाउंड मामले में नामजद नहीं है, मगर इस पूरे प्रकरण में इसका नाम बार-बार प्रमुखता से आया है। उससे अभी पूछताछ जारी रहेगी।

उसने अब तक 12 लोगों के नाम बताए हैं। जिसमें कुछ सफेदपोश शामिल हैं। 10 बैंक खातों की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सलीम बिरयानी कपड़ा कारोबारी है। बैंक खातों का सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 400 वर्ग गज जमीन लीज लेने में इसका नाम है। साथ ही एक अन्य जमीन की खरीद फरोख्त में सलीम बिरयानी गवाह भी है। लीज लेने के लिए इसने 30 लाख रुपये द चर्च ऑफ इंडिया के खाते में जमा किए थे। जिस जमीन में यह गवाह है उसका पैसा भी द चर्च ऑफ इंडिया के खाते में ही गया था।

### प्लॉट पर बनाना था कारखाना

एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2018-19 में सलीम बिरयानी ने 400 वर्गगज का प्लॉट एपी फैनी कंपाउंड में लीज पर लिया था। इस जमीन पर अपना कारखाना बनवाना चाहता था। जमीन पर चार अलग अलग गुटों का झगड़ा है। जिसमें सन 2020-21 में जॉनसन टी जॉन ने सलीम बिरयानी समेत एक दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखाया था। इस मामले में सलीम हाईकोर्ट गया था और वहां से उसे कुछ राहत मिली थी। पूर्व डीआईजी डॉ प्रीतिन्दर सिंह ने जमीन पर काम नहीं होने दिया था तो उनकी पर्सनल पेशी हाईकोर्ट में हुई थी। इसी जमीन से जुड़े मामले में एक मुकदमा सलीम ने कोतवाली में जॉनसन टी जॉन समेत अन्य पर दर्ज कराया था।

# झूमते बाजार को मुनाफा वसूली का झटका

राजीव सिंह, कानपुर

**अमृत विचार।** शेयर बाजार में गुरुवार का दिन एक बार फिर ऐतिहासिक रहा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती का बाजार पर सकारात्मक असर नजर आया। सेंसेक्स और निफ्टी ने नया ऑलटाइम हाई बनाया। सेंसेक्स 236 अंक चढ़कर 83,184 पर तो निफ्टी 38 अंक ऊपर 25,415 पर बंद हुआ। सेंसेक्स ने 83,773 अंक और निफ्टी ने 25,611 का नया ऑलटाइम हाई बनाया। एक समय सेंसेक्स 800 से ज्यादा अंकों की तेजी से कारोबार कर रहा था, लेकिन छोटे व मझोले शेयरों में मुनाफावसूली के कारण कानपुर के निवेशकों के पोर्टफोलियो में 300 करोड़ रुपये की कमी का अनुमान है।



### पेजर ब्लास्ट से निवेशक चिंतित

- लेबनान में सीरियल पेजर ब्लास्ट ने शहर के निवेशकों को भी चिंता में डाल रखा है। वार-पलटवार में अगर बड़ी जंग छिड़ती है, तो बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है, इसका परिणाम शेयर बाजार में गिरावट भी हो सकता है।

### बढ़ सकती है सोने की मांग

- जब फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कमी करता है, तो अमेरिकी डॉलर कमजोर होता है। इसका प्रभाव सोने की कीमत पर होता है। डॉलर कमजोर होने से भारतीय खरीदारों के लिए सोना सस्ता हो जाता है, इससे देश में सोने की मांग बढ़ सकती है।

**मैच की तैयारी** हाई प्रोटीन डाइट दी जाएगी, बुफे सिस्टम नहीं, मटन निहारी, काकोरी कबाब, मटन गलावटी भी है पसंद

# खिलाड़ियों को सुनाएंगे रामधुन, पहनाएंगे पीला पटका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश के खिलाड़ियों के लिए होटल लैंडमार्क ने स्पेशल डाइट चार्ट तैयार किया है। लैंडमार्क में खिलाड़ियों के स्वागत में रामधुन बजेगी, रुद्राक्ष की माला, पीला पटका पहनाकर उनके माथे पर टीका लगाया जाएगा।

भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच 27 सितंबर से है। दोनों टीमें 24 सितंबर को शाम चार बजे तक शहर पहुंचेंगी। लैंडमार्क में टीम इंडिया के खिलाड़ियों का रामधुन पर स्वागत होगा। बांग्लादेश के खिलाड़ियों का स्वागत फूल गुच्छ देकर किया जाएगा। होटल लैंडमार्क के शेफ बलराम सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों के खाने में दूध से बने आइटम और स्वीट्स को दूर रखा जाएगा। मैदा, तेल, मसाले वाली डिश भी खिलाड़ियों को नहीं परोसी जाएंगी। सभी डिश हाई प्रोटीन डाइट होंगी। बुफे सिस्टम नहीं रखा गया है। खिलाड़ी अपनी पसंद का व्यंजन अपने कमरों में मंगवाएंगे। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को शहर के लोकल व्यंजन भी बहुत पसंद आते हैं। मटन निहारी-खमीरी रोटी, काकोरी कबाब, मटन गलावटी भी पसंद करते हैं।



होटल लैंडमार्क में कमरों का निरीक्षण करते पुलिस कमिश्नर व यूपीसीए की टीम। अमृत विचार

### रवि शास्त्री व दिनेश कार्तिक सुनाएंगे आंखों देखा हाल

**कानपुर।** ग्रीनपार्क टेस्ट मैच में आंखों देखा हाल सुनाने के लिए रवि शास्त्री, दिनेश कार्तिक समेत कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रहेंगे। टेस्ट मैच का प्रसारण स्पोर्ट्स-18 व डिजीटल प्रसारण जियो सिनेमा पर किया जाएगा। सुनील गावस्कर इस बार मैच की कमेंट्री नहीं करेंगे। इंग्लिश कमेंट्री के लिए रवि शास्त्री, दिनेश कार्तिक, मुरली कार्तिक, हर्षा भोगले व बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल और अख्तर अली खान होंगे। वहीं हिंदी कमेंट्री पार्थिव पटेल, सबा करीम, अभिनव मुकुंद और आरपी सिंह रहेंगे।

### बांग्लादेश टीम के लिए बाहर से बुलाए शेफ

बांग्लादेश के खिलाड़ियों के लिए 4 शेफ बाहरी स्टेट से बुलाए जा रहे हैं। मेन्यू में न्यूजीलैंड की लैंपचॉप शामिल है। नार्वे की सालमन फिश और स्नैपर परोसा जाएगा। सोयाबीन का स्पेशल दूध, कोकोनट मिल्क और सोयाबीन मिल्क से तैयार दही भी होगा।

### सुरक्षा व्यवस्था पर बैठक

सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में गुरुवार को पुलिस कमिश्ननर अखिल कुमार व यूपीसीए के पदाधिकारियों की बैठक लैंडमार्क में हुई। पुलिस कमिश्नर व वेन्यू डायरेक्टर डॉ. संजय कपूर, यूपीसीए के पदाधिकारियों ने होटल के कमरों का निरीक्षण किया।

### जेफ क्रो होंगे रेफरी

टेस्ट मैच में इंग्लैंड के रिचर्ड केटलबरो और दक्षिण अफ्रीका के एड्रियन होल्डस्टॉक मैदानी अंपायर की जिम्मेदारी निभाएंगे। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज जेफ क्रो मैच रेफरी होंगे। टीवी अंपायर आस्ट्रेलिया के रोड टकर होंगे। फोर्थ अंपायर वीरेंद्र शर्मा होंगे।

# दीक्षांत समारोह में सतीश महाना को दी जाएगी मानद उपाधि

**डी.लिट बनेंगे**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू में 28 सितंबर को होने वाले 39वें दीक्षांत समारोह में डीलिट की मानद उपाधि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को दी जाएगी। विवि की चांसलर व प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उन्हें यह मानद उपाधि दिए जाने और एआईसीटीई के वॉयस चेयरमैन डा. अभय जेरे को चीफ गेस्ट बनाए जाने पर पर अपनी सहमति दे दी है।



- **28 सितंबर को आयोजन, राज्यपाल करेंगी अध्यक्षता**

दीक्षांत समारोह में इस बार 56 मेधावी छात्रों को मेडल दिए जाएंगे, जिसमें 39 छात्राएं और 17 छात्र शामिल हैं। विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार ने बताया कि दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले मेडल विजेताओं को 25 सितंबर से पहले यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर पंजीकरण कराने के लिए कहा गया है। समारोह में मेडल पाने वाले विद्यार्थियों के अलावा 500 अन्य छात्रों को भी मौका मिल सकेगा।

### 25 तक करें पीएचडी के लिए आवेदन

**कानपुर।** सीएसजेएमयू से पीएचडी करने के लिए 25 सितंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। गुरुवार को आवेदन करने की अंतिम तिथि खत्म हो रही थी। डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने लेटर जारी करते हुए डेट आगे बढ़ने की जानकारी दी है। आवेदन के लिए युवाओं को सीएसजेएमयू की वेबसाइट में विजिट करके ऑनलाइन आवेदन करना होगा। वेबसाइट में कैंपस और कॉलेज में विषयवार सीटों की जानकारी विश्वविद्यालय की ओर से उपलब्ध करा दी गई है। जानकारी दी गई कि विवि की ओर से इस बार 50 विषयों की 555 सीटों के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं।



# योगी की अगुवाई में कारिडोर को नई ऊंचाई

## डिफेंस कॉरिडोर तक बेहतर कनेक्टिविटी और तेज रफ्तार परिवहन उपलब्ध कराने का काम हुआ और तेज

अभिनव मिश्र, कानपुर



- सरसौल मार्ग पर सचौली घाट के पास पांडु नदी पर 15.27 करोड़ से बनेंगे टू-लेन के 2 पुल
- साढ़ से नर्वल तक 16 किमी लंबा मार्ग फोरलेन करने का पहले ही लिया जा चुका है फैसला

**अमृत विचार।** 5 आयुध कारखानों और आधा दर्जन से ज्यादा रक्षा प्रतिष्ठानों वाले डिफेंस कॉरिडोर के विस्तार और विकास के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की खास तवज्जो का परिणाम है कि कॉरिडोर में रक्षा उत्पादन से जुड़ी इकाइयों में बेहतर और तीव्र गति की कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने का काम भी रफ्तार पकड़ गया है। डिफेंस कॉरिडोर तक सुगम और बेहतर परिवहन के लिए साढ़ से नर्वल तक 16 किमी लंबा मार्ग फोरलेन करने के फैसले के बाद अब सचौली घाट के पास पांडु नदी पर सेतु निर्माण निगम 2-2 लेन के 2 पुलों का निर्माण करने जा रहा है। दोनों पुलों पर 15.27 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्रदेश सरकार ने काम शुरू करने की मंजूरी दे दी है।

सेतु निगम अधिकारियों का कहना है कि डिफेंस कॉरिडोर मार्ग पर पांडु नदी के ऊपर दोनों पुलों का निर्माण कार्य एक माह के भीतर शुरू कर दिया जाएगा। अभी सरसौल और रमईपुर से डिफेंस कॉरिडोर तक जाने के लिए टू-लेन सड़क हैं। सरसौल से नर्वल होते हुए साढ़ मार्ग को टू-लेन से फोरलेन करने के योजना पीडब्ल्यूडी ने तैयार की है। पीडब्ल्यूडी ने डिफेंस कॉरिडोर के लिए 16.10 किमी लंबी सड़क के चौड़ीकरण के लिए 204.11 करोड़ का एस्टीमेट शासन को भेजा है। फोरलेन सड़क बनने से उद्यमियों को माल लाने और ले जाने में दिक्कत खत्म हो जाएगी। साढ़-सरसौल मार्ग पर सचौली गांव के पास पांडु नदी पर निर्मित पुल वर्ष 2014 में क्षतिग्रस्त हो गया था। डग्गामार बसें और मौरंग, गिट्टी लदे ओवरलोड वाहन जब पुल से गुजरते हैं, तो अत्यधिक कंपन होता है। इसे देखते हुए ही सेतु निगम ने सचौली घाट के पास 70-70 मीटर लंबे व 7.5-7.5 मीटर चौड़े 2 टू लेन पुलों का प्रस्ताव शासन को भेजा था। शासन ने दोनों पुलों को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

### 150 हेक्टेयर जमीन और ली जाएगी कॉरिडोर के लिए

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने 206 हेक्टयर में डिफेंस कॉरिडोर की स्थापना की है। यहां अडानी ग्रुप ने इकाई स्थापित करके उत्पादन भी शुरू कर दिया है। कुछ अन्य बड़ी इकाइयां स्थापित हो रही हैं। कॉरिडोर के विस्तार के लिए 150 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की अधिसूचना जारी हो गई है। इससे डिफेंस सेक्टर से जुड़ी छोटी-बड़ी इकाई तेजी से लगायी जा सकेंगी।

> डिफेंस कॉरिडोर मार्ग पर सचौली गांव के पास पांडु नदी पर जर्जर पुल के स्थान पर टू-लेन के 2 पुलों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। शासन ने 15 .27 करोड़ से पुलों के निर्माण की स्वीकृति दे दी है। दोनों पुलों का निर्माण नवंबर माह से कराया जाएगा।
> –डीके यादव, जीएम, सेतु निगम

## बमबाजी और फायरिंग में तहरीर का इंतजार

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में काजीखेड़ा इलाके में गांजा तस्करी को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद फायरिंग और बमबाजी के मामले में पुलिस को तहरीर का इंतजार है।

बुधवार की देर शाम को गांजा तस्करी के विवाद में गांजा तस्कर अंकित तुत्तल और काशी सोनकर का इलाके के अन्नी और बउवा से विवाद हुआ था। इसके बाद अंकित और काशी सोनकर ने अपने एक दर्जन साथियों के साथ इलाके में एक बम मारा था। दो राउंड फायरिंग कर दहशत फैला दी थी। वहीं, पुलिस बमबाजी-फायरिंग होने की बात गलत बता रही है। पुलिस के अनुसार अगर ऐसी घटना हुई तो इलाके का कोई तहरीर देने तो आए। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि पुलिस ने जांच की है।

## सार-संक्षेप



गुरुद्वारे में अरदार करती संगत। अमृत विचार

### श्री चंद्र महाराज का छठी महोत्सव मनाया

**कानपुर।** जगतगुरु उदासीन धन धन बाबा श्री चंद्र महाराज के पावन प्रकाश पर्व के छठे दिन स्त्री सत्संग सभा गुरुद्वारा बाबा श्री चंद्र में छठी महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर सुखमणि साहिब का पाठ हुआ। इसके बाद स्त्री सत्संग जत्थे ने शबद कीर्तन गायन किए। प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में रेखी बेबी, पिंकी, मुखपाल कौर, दलजीत कौर, नीता, सुरजीत कौर, हनी, राजिंदर कौर, सिल्की, विश्वजोत कौर, परमजीत कौर, मनप्रीत कौर आदि रहीं।



फुटबाल खिलाड़ी तेजसदीप का सम्मान किया गया। अमृत विचार

### फुटबॉलर का हुआ सम्मान

**कानपुर।** लाजपत नगर निवासी फुटबॉलर तेजसदीप सिंह का बुधवार को व्यापारी संगठनों ने सम्मान किया। तेजसदीप ने बेंगलुरू में हुई जुनियर फुटबॉल प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। लाजपत नगर वार्ड 85 के पार्षद अमनदीप सिंह गंभीर व उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी कपिल सब्बरवाल, युवा अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, लाजपत नगर दशहरा कमेटी के विक्रम पांडे, अवधेश प्रताप सिंह, राजा घई, विनीत महेश्वरी सहित अन्य मौजूद रहे।




जानकारी देते मनोज सेंगर, पूर्व सीएमओ डॉ .वीसी रस्तोगी, शेषनारायण त्रिवेदी, डॉ .उमेश पालीवाल व रविकांत तिवारी। अमृत विचार

### अजन्मी बेटियों का तर्पण व पिंडदान करेंगे

**कानपुर।** अजन्मी बच्चियों को मोक्ष दिलाने के लिए युग दधीचि देहदान संस्थान इस बार भी तर्पण व पिंडदान कराएगा। बिरहाना रोड स्थित रेस्टोरेंट में प्रेसवार्ता में यह जानकारी मनोज सेंगर के साथ डॉ. वीसी रस्तोगी, धर्म संघ संयोजक पं. शेषनारायण त्रिवेदी आदि ने दी। अभियान प्रमुख मनोज सेंगर ने बताया कि युग दधीचि देहदान संस्थान की बेटी बचाओ मुहिम के तहत 22 सितंबर रविवार को पंचमी के दिन सरसैया घाट पर सुबह 10 बजे महिलाओं द्वारा तर्पण व पिंडदान होगा। उद्घाटन पूर्व महापौर जगत वीर सिंह द्रोण, गोल्डी मसाले के सुरेंद्र गुप्ता करेंगे। मुख्य अतिथि विधायक नीलिमा कटियार होंगी व पूजन पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल विहारी बाजपेई की पौत्री-दामाद नंदिता व सुमित मिश्रा करेंगे। मुख्य यजमान राजीव माहना, मनोज अग्रवाल व डॉ .आनंद निगम रहेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रयागराज से लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. प्रभा अवस्थी होंगी। तर्पण में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के परिजन, डफरिन अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डॉ. सीमा श्रीवास्तव, पूर्व भाजपा अध्यक्ष डॉ .अनीता गुप्ता, डॉ. नीलम त्रिवेदी, डॉ. निशा गांधी समेत 40 से अधिक महिलाएं भाग लेंगी।

### बहुजन मुक्ति पार्टी ने किया प्रदर्शन

**कानपुर।** बहुजन मुक्ति पार्टी व ऑफशूट संगठनों की ओर से गुरुवार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा गया। पदाधिकारियों ने प्रदेश में हो रहीं घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन किया और मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की। बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष छेदी खोटे ने ज्ञापन के माध्यम से कहाकि सुल्तानपुर पुलिस के फर्जी एनकाउंटर मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। ईवीएम मशीनों से चुनाव बंद होना चाहिए। चुनाव बैलट पेपर से कराए जाएं। भारत सरकार की सर्व शिक्षा अभियान की योजना के तहत राज्य सरकार जनसंख्या के अनुपात में नए विद्यालय खोलने का काम करे।

### ताइक्वांडो लीग में प्रतिभाग करेंगी शिवानी, दिव्यांशी

**कानपुर।** खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग फेज-वन 19 से 22 सितंबर तक गुजरात के बड़ोदरा में आयोजित होगी। जिसमें प्रदेश टीम में कानपुर की शिवानी राजपाल, दिव्यांशी साहू प्रतिभाग करेंगी। कोच सुशांत गुप्ता होंगे। कानपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक चौरसिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश दीक्षित, बलराम यादव, अविनाश चंद्र द्विवेदी, महासचिव प्रदीप सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता, सह सचिव प्रयाग सिंह आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## एक नजर

### पुरानी चुंगी से नई चुंगी तक मार्ग का निरीक्षण

**कानपुर।** नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने जोन 2 के अंतर्गत पुरानी चुंगी से नई चुंगी तक जाने वाले मुख्य मार्ग का सौंदर्यीकरण व रोड का चौड़ीकरण कराए जाने के उद्देश्य से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता जोन 2 उपस्थित रहे। जोनल अभियंता जोन 2 ने बताया कि पुरानी चुंगी से नई चुंगी तक सड़क के चौड़ीकरण, सुंदरीकरण और नाला निर्माण का कार्य 4 .50 करोड़ से कराया जाना है। इस पूरे मार्ग को मॉडर्न रोड के रूप में विकसित किया जाना है। फुटपाथ, ग्रीन बेल्ट का निर्माण कार्य एवं स्ट्रीट वेंडिंग जोन के रूप में तैयार किया जाना है।

### झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर रंगदारी मांगी

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के दहेली सुजानपुर में हमीरपुर के जमुना घाट कजियाना निवासी विजेन्द्र उर्फ मनीष किराए पर रहते हैं। कुछ वर्ष पहले उनकी मुलाकात एक मीटिंग में सतबरी रोड निवासी शिखा निषाद से हुई थी। बताया कि शिखा ने सबसे पहले उनसे छह हजार उधार मांगे, जो वापस नहीं किए। फिर 2021 में बहन की शादी बताकर रुपये लिए। आरोप है कि करीब एक लाख ले लिए। इसके बाद अक्तूबर 2023 में शिखा ने कोर्ट के माध्यम से उसके खिलाफ शिकायत की, जहां समझौता करने पर एक लाख दिए। अब युवती समेत कुसुमा, पिता दीप नारायण उसे अलग-अलग नंबरों से फोन कर एक लाख की रंगदारी मांग रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामला दर्ज किया है। जांच की जा रही है।

### विज्ञान की समस्या का हुआ समाधान

**कानपुर।** शिक्षा सोपान और सोपान ट्रस्ट, भौतिकी विभाग और स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज की ओर से गुरुवार को एक समस्या समाधान सत्र आयोजित किया गया। 25 तक चलने वाले इस सत्र में विशेष रूप से बीएससी छात्रों को आईआईटी जैम और एनजीपीई परीक्षाओं की तैयारी में सहायता करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। सत्र में समस्या समाधान सत्रों का नेतृत्व पद्मश्री प्रोफेसर एचसी वर्मा ने किया। कार्यशाला में विभिन्न कॉलेजों और स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के लगभग 100 छात्र भाग ले रहे हैं। प्रोफेसर एचसी वर्मा ने छात्रों को एनजीपीई परीक्षा देने और आईआईटी जैम परीक्षा के लिए पूरी तरह से तैयारी करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

# सीएसए कर्मचारियों के क्वार्टरों पर गिरे तीन पेड़, गृहस्थी बर्बाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसए अधिकारियों से हुई परिवारों की नोकझोंक
- यहां से शिफ्ट करने की बात पर हंगामा

**अमृत विचार।** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के क्वार्टरों पर तीन विशालकाय पेड़ गिर गए। क्वार्टर क्षतिग्रस्त हो गए और गृहस्थी मलबे के नीचे दबने के कारण बर्बाद हो गई। सीएसए के अधिकारी पहुंचे और खतरे की बात कहते हुए क्वार्टर खाली करने को कहा। इस पर कर्मचारियों और उनके परिजनों ने हंगामा कर दिया।

कुलपति आवास के सामने 11 चतुर्थ श्रेणी सीएसए कर्मचारियों के क्वार्टर बने हुए हैं। जिनमें शिवबहादुर, शीतला, सुखदेव, दयाराम, होरीलाल, मधुर, नाजिम, हनुमान, राजेंद्र प्रसाद परिवारों के साथ वर्षों से रहते हैं। उन लोगों ने बताया कि मंगलवार देर शाम से रातभर हुई मूसलाधार बारिश के कारण क्वार्टरों में पानी तेजी से टपक रहा था। इस कारण सभी लोग जाग रहे थे। तभी करीब 2 से 3 बजे के बीच में क्वार्टर के पास लगे पीपल, पाकड़ और नीम का विशालकाय पेड़ गिर गया। पेड़ की चपेट में आकर होरीलाल और छोटेलाल के क्वार्टर क्षतिगस्त हो गए। अन्य क्वार्टर भी दरक गए। गुरुवार को सीएसए के अधिकारी मौके पर पहुंचे तो कर्मचारी और उनके परिजन आक्रोशित हो उठे। कहा उनके परिवार में बुजुर्ग हैं, जो बीमार हैं। ऐसे में दिए जा रहे तीसरे फ्लोर पर जाने का वह लोग विरोध कर रहे हैं। वहां पानी की भी असुविधा है।



पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त पड़ा क्वार्टर। अमृत विचार

> स्टॉफ मौके पर गया था। जानमाल का नुकसान नहीं था। उन लोगों को वैकल्पिक व्यवस्था कर दूसरी जगह शिफ्ट करने की तैयारी कर रहे हैं।
> –डॉ आनंद कुमार सिंह, सीएसए कुलपति

# युवाओं को शहर छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेवायोजन विभाग की ओर से अक्टूबर से शुरू होगी काउंसिलिंग

**अमृत विचार।** सेवायोजन विभाग में अगले महीने से युवाओं को नौकरी के लिए शहर छोड़ने के लिए प्रेरित करेगा। इसके लिए अगले महीने से युवाओं की काउंसिलिंग की जाएगी। रोजगार मेलों में बाहर की निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों से साक्षात्कार के दौरान युवाओं की ओर से नौकरी के लिए मना किए जाने के आंकड़े बढ़ने पर यह निर्णय लिया गया है।

सेवायोजन विभाग की ओर से हर महीने चार रोजगार मेला लगाए जाते हैं। इन मेलों में अक्सर बाहर की निजी कंपनियां रोजगार देने के लिए शहर आती हैं।

अधिकतर युवा शहर से बाहर नौकरी करने के लिए मना कर रहे हैं। विभाग की ओर से युवाओं से बातचीत पर यह पता चला कि ज्यादातर युवा 'होम सिकनेस' की वजह से ऐसा कर रहे हैं। इसके लिए अब विभाग की ओर से युवाओं को काउंसिलिंग के जरिए करियर के लिए शहर से बाहर जाने पर सफलता के बारे में बताया जाएगा। इसके लिए विशेषज्ञ मेलों से पहले युवाओं से संवाद करेंगे। इस तरह से युवाओं को यह काउंसिलिंग निशुल्क महीने में चार बार उपलब्ण हो सकेगी।

पूरे मामले पर सहायक निदेशक उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि युवाओं को दी जाने वाली इस नई सुविधा के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। रोजगार मेलों की तारीखों का शिड्यूल फाइलन होने के बाद काउंसिलिंग की तारिखों का भी ऐलान कर दिया जाएगा।

### 60 फीसदी युवा करते हैं मना

विभाग की ओर से पिछले 8 रोजगार मेलों की बात की जाए तो इनमें 17 ऐसी निजी कंपनियां शामिल हो चुकी है जिन्होंने युवाओं को शहर से बाहर रोजगार ऑफर किया था। इन कंपनियों में 823 युवाओं ने साक्षात्कार दिया था। इनमें 469 युवा ऐसे थे जिन्होंने साक्षात्कार के दौरान ही शहर से बाहर जाने के लिए इनकार कर दिया था। इनकार करने वाले युवाओं में 371 युवा ऐसे थे जिन्हें बाहर रोजगार देने वाली निजी कंपनियों ने नौकरी के लिए सहमति प्रदान कर दी थी।

# बच्ची का पिता पहुंचा थाने बोला-गलती हो गई थी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बच्ची से बैडटच का मामला बोला, कार्रवाई नहीं करनी

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र में एक निजी स्कूल में चार वर्ष की बच्ची से गलत हरकत करने का मामला सही नहीं निकला। बच्ची के पिता बुधवार को थाना काकादेव पहुंचे और पुलिस से कहा साहब गलतफहमी हो गई थी कोई कार्रवाई नहीं करनी। काकादेव पुलिस ने बताया कि मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, परिवार का कहना है कि कोई मामला नहीं हुआ था।

मंगलवार को काकादेव क्षेत्र के एक निजी स्कूल में चार वर्ष की बच्ची के परिजनों ने हंगामा किया था। आरोप था कि स्कूल में पढ़ने वाले एक नाबालिग छात्र ने उसके साथ गलत हरकत की है। इस संबंध में काकादेव इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि पुलिस ने उन्हें बुधवार को बुलाया था। जिससे स्कूल के सीसी टीवी देखे जा सके।

बच्ची का पिता आया मगर उसने कहा कि कोई फुटेज नहीं मिल पा रही है और गलतफहमी हो गई थी। उसे कोई कार्रवाई नहीं करनी। यह कहकर वह वापस चला गया। इंस्पेक्टर के अनुसार अगर वह लिखित में कोई तहरीर देता है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# अखंड ज्योति पाठ से होगा गुणगान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्री श्याम प्रभु का अखंड ज्योति पाठ, श्रृंगार व 56 भोग का आयोजन मोतीझील लॉन प्रांगण में धूमधाम से मनाया जाएगा। उत्सव कोलकाता की कमला देवी कांकाणी (मौसी) के पावन सानिध्य में होगा। यह जानकारी प्रेसवार्ता के दौरान श्री श्याम जी मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने दी।

श्री श्याम जी मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि 39वां श्री श्याम महोत्सव 21 सितंबर रात 9 बजे से शुरू होकर रविवार रात तक चलेगा। महोत्सव में श्री श्याम प्रभू के जीवन चरित्र पर आधारित अखंड ज्योति पाठ, भव्य श्रृंगार व 56 भोग लगेगा। जयपुर के संजय पारिख, कोलकाता के राज पारिक, तुषार चौधरी व सौरभ शर्मा, फतेहाबाद के परविंदर पलकआदि गायकों को आमंत्रित किया गया है। शनिवार को भजन, व निशान उत्सव होगा। श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ संदीप दीक्षित करेंगे। इसके बाद भजन संध्या व महाआरती होगी। सोमवार 23 सितंबर को शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस बार सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन का प्रयोग होगा। श्री श्याम प्रभु की शोभायात्रा फूलबाग चौराहा से शुरू होकर श्री श्याम मंदिर फीलखाना में विराम लेगी। प्रेसवार्ता में मंडल अध्यक्ष संजय खेमका, महामंत्री गोपाल गुड़ियावाला, कोषाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल, उत्सव संयोजक अनुपम अग्रवाल, गोविन्द अग्रवाल, संजय सरावगी, मनोज अग्रवाल, बनवारी लाल गुप्ता, श्याम गोयनका, अतुल अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल आशीष गोयल आदि रहे।



प्रेस वार्ता में श्याम महोत्सव की जानकारी देते आयोजक। अमृत विचार

- फूलबाग चौराहा से निकलेगी श्री श्याम शोभायात्रा

सेवा पखवाड़ा | भाजपा सांसद रमेश अवस्थी ने प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

# मोहसाना स्टेशन पर सैनिकों को चाय पिलाते दिखे मोदी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा दक्षिण की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर तक भाजपा सेवा पखवाड़ा मना रही है। इसी क्रम में भाजपा दक्षिण जिला इकाई की ओर से नमो प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं उपलब्धियां की झांकी देखने को मिली।

न्यू आजाद नगर, सतबरी रोड स्थित राधिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित नमो प्रदर्शनी की शुरुआत सांसद रमेश अवस्थी और भाजपा कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने किया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के जीवन की पूरी कहानी को चित्रों और तथ्यों के साथ बताया गया। यहां पीएम मोहसाना स्टेशन पर सैनिकों को चाय पिलाते बाल दामोदर के रूप में दिखे तो वहीं, सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 व 35 ए समाप्त करने की उपलब्धियों के साथ पीएम मोदी को दिखाया गया। प्रदर्शनी में पीएम के कार्यकाल की चुनौतियों, निर्णय, उपलब्धियों, गुजरात माडल, सेवा व समर्पण, स्टार्टअप इंडिया, राममंदिर, स्वच्छ भारत अभियान, एक राशन कार्ड, एक सविधान को चित्रों के माध्यम से दिखाया गया। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, राम बहादुर यादव, सुनील नारंग, जसविंदर सिंह, मनीष त्रिपाठी, संजय कटियार, शिवपूजन सविता, बी एल पांडेय, शिवम मिश्रा, विक्की मुरझानी सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।




नमो प्रदर्शनी को देखते सांसद रमेश अवस्थी व भाजपा नेता। अमृत विचार

# हाईवे पर पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाएं, निकटतम गौशाला में संरक्षित कराएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गौवंश आश्रय स्थलों के रास्ते दुरुस्त नहीं मिले तो सख्त कार्रवाई होगी
- समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अफसरों को दिये निर्देश

**अमृत विचार।** हाईवे पर घूम रहे पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान चलाएं और उन्हें निकटम गौवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित करायें। मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने अधिकारियों के साथ बैठक में ये दिशा निर्देश जारी किये।

मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन की अध्यक्षता में अस्थायी गौवंश आश्रय स्थलों के निर्माण तथा गौवंश संरक्षण आदि की समीक्षा की गयी। समीक्षा में विजय कुमार सिंह अपर निदेशक, पशुपालन विभाग, लखनऊ मण्डल, गजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी, आई०डी०एन० चतुर्वेदी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी तथा समस्त खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निर्माणाधीन वृहद गौसंरक्षण केंद्र नानामऊ विकास खण्ड बिल्हौर तथा जमालपुर विकास खण्ड ककवन की समीक्षा हुई जिसमें 20 प्रतिशत की भौतिक प्रगति पायी गयी। टीम गठित कर निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने तथा दिसम्बर, 2024 तक कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन गौशालाओं में आधारभूत सुविधाओं तारबाड़ी का टूटा होना, रास्तों का न होना, जलभराव, गोचर भूमि में चारागाह पर अवैध कब्जा होना आदि की समस्या तुरंत निदान हो। यह भी निर्देश दिये गये कि विशेष अभियान चलाकर 19 सितम्बर, 2024 को हाईवे पर दृष्टिगत होने वाले समस्त निराश्रित पशुओं को निकटतम गौशाला में संरक्षित करना सुनिश्चित किया जाये। गौवंशों के शवों का निस्तारण सम्मानपूर्वक त्वरित गति से किया जाये। जिन स्थानों पर जलभराव की स्थिति है वहां के पशुओं को तत्काल अन्यत्र गौशाला में पहुंचाया जाये। किसी भी स्थिति में कटीले तारों की फेंसिंग न करायी जाये। विकास खण्ड बिल्हौर के अंतर्गत अवैध कब्जे वाले चारागाह की भूमि को तत्काल कब्जामुक्त कराने हेतु तहसीलदार बिल्हौर को निर्देश दिये गये। समस्त गौशालाओं का इंटर्नल ऑडिट प्रत्येक तीन माह में कराने के निर्देश मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को दिये गये। एक माह के अंदर सहभागिता योजनांतर्गत 500 का लक्ष्य निर्धारित करते हुये इसे पूर्ण कराने के जिम्मेदारी समस्त विकास खण्डीय पशु चिकित्साधिकारियों को दिये गये।

# करंट से ट्रैक्टर मालिक की मौत, हंगामा काटा

## बिधनू थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में हुई घटना, परिजनों ने देर शाम तक नहीं उठाने दिया शव, सीएचसी में मची रही चीख-पुकार

संवाददाता, बिधनू

**भड़का गुस्सा**

- एचटी लाइन के निर्माण कार्य में लगा था ट्रैक्टर
- एलटी लाइन की चपेट में आने से चली गई जान

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के शाहपुर में निर्माणाधीन एचटी लाइन के कार्य में लगे ट्रैक्टर चालक की एलटी लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद ठेकेदार के कर्मचारी निजी वाहन से लेकर बिधनू सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया और पुलिस को शव नहीं उठाने दिया। पुलिस उन्हें समझाती रही।

बिधनू थाना क्षेत्र के दलेलपुर गांव निवासी लालजी पासवान (38) पुत्र दयाराम अपना निजी ट्रैक्टर कुछ महीने से बिजली ठेकेदार के अधीन लगाए था। लालजी खुद ही ट्रैक्टर चलाता था। इस समय भारू सब स्टेशन के अंतर्गत शाहपुर गांव के पास नई एचटी लाइन का काम चल रहा गै। बताया जाता है कि गुरुवार दोपहर शाहपुर बंबे की तरफ लाइन डालने का कार्य चल रहा था। इसी बीच लालजी ट्रैक्टर से काम कर रहा था।

काम करने के दौरान नई एचटी लाइन नीचे से गुजरी नलकूप की एलटी लाइन के करंट की चपेट में आ गया। देखते ही देखते वह ट्रैक्टर से नीचे जमीन पर जा गिरा। यह देखकर वहां मौजूद मजदूर और ठेकेदार के सहयोगी दौड़कर पहुंचे और फौरन निजी वाहन से लेकर बिधनू सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही पत्नी पन्नो देवी और तीन बेटियां स्वाति, संजना, आरती व बेटा नवीन सीएचसी पहुंच गए, जहां कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया और कहा कि जब तक ठेकेदार मौके पर नहीं आएगा, तब तक शव को नहीं उठाने दिया जाएगा। पुलिस परिवार वालों को समझाने-बुझाने का प्रयास करती रही, लेकिन रात 10 बजे तक परिवार वाले अपनी मांग पर अड़े रहे।


बिधनू सीएचसी में हंगामे के दौरान पुलिस मौजूद रही। अमृत विचार


ट्रैक्टर मालिक की मौत पर बिलखती रही पत्नी व महिलाएं। अमृत विचार

### सीएचसी में शव छोड़कर भागे ठेकेदार के सहयोगी

शाहपुर में हादसे के बाद ठेकेदार के कुछ सहयोगी लालजी को निजी वाहन से लेकर बिधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टर की ओर से मृत घोषित किए जाने के बाद सहयोगी सीएचसी में ही शव छोड़कर भाग खड़े हुए। इसी आधार पर परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताते हुए हंगामा शुरू किया। परिजनों के साथ पहुंचे गांव के लोगों ने परिवार को मुआवजा देने की आवाज उठाई।

### एसीपी के साथ दो थानों का फोर्स पहुंचा

ट्रैक्टर मालिक की मौत और सहयोगियों के सीएचसी में शव छोड़कर भागने के बाद परिवार वालों का गुस्सा भड़क गया। हंगामे को देखते हुए घाटनपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह और दो थानों बिधनू और सेन पश्चिम पारा थाने का फोर्स सीएचसी पहुंच गया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने परिवार को दो लाख रुपये का चेक और 10 लाख का बीमा कवर दिया, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# फर्म मैनेजर के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा

संवाददाता, घाटमपुर

- दोपहिया वाहनों की आपूर्ति होने के बाद नहीं दिया पूरा भुगतान

**अमृत विचार:** बजाज फर्म के डिस्ट्रीब्यूटर ने फर्म के मैनेजर के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

कानपुर के शास्त्री नगर निवासी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि विशाल शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह बजाज के दोपहिया वाहनों का अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर है। बताया कि पतारा के मेसर्स शिवम मोटर्स के मालिक शिवम गुप्ता ने जानबूझकर पूर्व नियोजित योजना से धोखाधड़ी कर नुकसान पहुंचाने के इरादे से उसके साथ व्यापार किया। शिवम गुप्ता ने कुल 310 बजाज दोपहिया वाहनों को उनकी फर्म से लेकर बिक्री की, जिनकी कुल कीमत 2,36,59,566 रुपये थी, लेकिन शिवम गुप्ता ने फर्म को आर्थिक नुकसान पहुचाने की मंशा से मात्र 2,11,63,711 रुपये का ही भुगतान दिया। शिवम गुप्ता ने कुछ लोगों के साथ मिलकर बहीखातों में हेराफेरी और फर्जी बिल एवं रसीदों के माध्यम से प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी की। फर्म की बकाया देनदारी से बचने का प्रयास कर रहे हैं । फर्म के निर्देशानुसार देवाशीष बर्मन और विशाल शर्मा बहीखातों का मिलान करने शिवम गुप्ता के आफिस पतारा गए, जहां पर शिवम गुप्ता ने अपने सहयोगी विकास और कुछ कर्मचारियों के साथ मिलकर देवाशीष बर्मन और विशाल शर्मा से हाथापाई कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी । इस झगड़े और मारपीट की एफआईआर घाटमपुर थाने में दर्ज कराई गई है। घाटमपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सूने घर से 4 लाख के जेवर चोरी

संवाददाता, चौबेपुर

**वारदात**

- चौबेपुर क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में बुधवार रात हुई घटना
- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच, अभी कोई सुराग नहीं

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में बुधवार रात सूना घर पाकर अंदर घुसे चोरों ने नकदी समेत करीब चार लाख का माल पार कर दिया। गुरुवार सुबह घटना की जानकारी होने के बाद गृहस्वामी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने प्रारंभिक छानबीन करने के साथ ही चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

मोहम्मदपुर गांव निवासी मुकेश पुत्र बाबूराम पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार को उसके बच्चे की तबीयत खराब होने से वह परिवार के साथ उसे दिखाने के लिए कल्याणपुर, कानपुर डॉक्टर के पास गया था। रात अधिक हो जाने से वह कल्यानपुर में ही अपने पिता के घर पर रुक गया। रात में चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया।

चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे 55 हजार रुपये, सोने की चूड़ियां, हार, मंगलसूत्र और जंजीर सहित कीमती सामान पर कर दिया। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह उसके रिश्तेदार ने फोन पर दी। इसके बाद वह मौके पर पहुंचा। चोरी में करीब चार लाख का सामान गया है। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्रकांत शुक्ला ने बताया कि सूना घर पाकर चोरों ने वारदात की है। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।


चोरी के बाद घर में टूटे पड़े आभूषणों के डिब्बे और पर्स। अमृत विचार

# 12वीं की छात्रा ने फंदा लगा दी जान

**सरसौल।** महाराजपुर में 17 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के समय घर के लोग बाहर थे। थोड़ी देर बाद जब मां अंदर गई तो कमरा अंदर से बंद था। खिड़की से झांककर देखा तो बेटी का शव फंदे से लटक रहा था। मां चीख पड़ी तो आसपास के लोग पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

महाराजपुर निवासी राधाकृष्ण गुप्ता की 17 वर्षीय बेटी उन्नति उर्फ काजल इण्टरमीडिएट की छात्रा थी। वह कस्बे के सुरजन सिंह इंटर कालेज में पढ़ती थी। गुरुवार शाम किसी बात पर नाराज होकर उसने कमरे के अंदर पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मां जब अंदर पहुंची तो घटना पता चली। राधाकृष्ण गुजरात में प्राइवेट नौकरी करते हैं। थानाध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि आत्महत्या का कारण पता नहीं चल सका है।

# फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र में फंसे प्रधान, सचिव

संवाददाता, सरसौल

- गंगागंज में जिंदा व्यक्ति का जारी किया मृत्यु प्रमाण पत्र
- नायब तहसीलदार की जांच में पकड़ा गया फर्जीवाड़ा

**अमृत विचार:** महाराजपुर में हाथीपुर के मजरा गंगागंज में जिंदा व्यक्ति का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में सचिव व प्रधान फंस गए हैं। जांच में दोनों की संलिप्तता मिली है। सचिव के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की गई है। वहीं ग्राम प्रधान हाथीपुर के खिलाफ डीपीआरओ को जांच के लिए लिखा गया है।

गंगागंज के अनिरुद्ध सिंह ने तहसील दिवस में शिकायत की थी कि गांव के सतीश चंद्र दीक्षित का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया।उन्होंने ग्राम प्रधान हाथीपुर मोहन सिंह व ग्राम विकास अधिकारी अनिल शुक्ला के खिलाफ फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत द्वारा जारी कराने का आरोप लगाया था। नायब तहसीलदार आशीष पटेल की जांच में जारी किया गया मृत्यु प्रमाण पत्र फर्जी निकला है। जांच रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम नर्वल ऋषभ वर्मा ने सचिव के खिराफ कार्रवाई की संस्तुति की है।वहीं कागजों , रजिस्टरों व बयानों के आधार पर ग्राम प्रधान मोहन सिंह की भी संलिप्तता की जांच कराने के लिए डीपीआरओ को पत्र जारी किया है। एसडीएम नर्वल ऋषभ वर्मा ने बताया कि जांच में फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का सचिव को दोषी पाया गया है। कार्रवाई की संस्तुति की गई है। प्रधान हाथीपुर के खिलाफ भी जांच डीपीआरओ से कराने को पत्र जारी किया गया है।

## सार-संक्षेप


शिविर में मरीजों की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी। अमृत विचार

### शिविर लगाकर मरीजों के सैंपल लिए गए

**शिवराजपुर।** गुरुवार को गोड़रा गांव में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मुक्त पंचायत ब्लॉक क्षय रोग केंद्र और टीबी अलर्ट इंडिया संस्था के सहयोग से एक्टिव स्क्रीनिंग हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 88 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया और जांच के लिए सैंपल भरे गए। चेस्ट एक्स-रे जांच और बलगम सैंपल कलेक्शन कर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। कुल 84 मरीजों का एक्सरे किया गया। एक्सरे की जांच के आधार पर 34 लोगों में टीबी की पुष्टि की गई। शिविर में एसटीएलएस अनुज कुमार, सीएचओ नेहा कुशवाहा, ग्राम प्रधान ध्यान पाल सिंह, पंचायत सहायक रविंद्र सिंह, दीपक सिंह, आशा सोनम देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री रेखा देवी, सहायिका रामकेतकी, संस्था के फील्ड कोऑर्डिनेटर अभय सिंह, एक्स-रे टेक्नीशियन धर्मेंद्र सक्सेना उपस्थित रहे।


बैठक में दशहरा मेला की रूपरेखा तय करते पदाधिकारी। अमृत विचार

### बैठक में दशहरा उत्सव की बनाई गई रूपरेखा

**घाटमपुर।** कस्बे में श्रीकृष्ण लीला कमेटी की बैठक हुई, जिसमें दशहरा उत्सव की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में तय हुआ कि कृष्णलीला के सभी कार्यक्रम संरक्षक रामचंद्र गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित होंगे। सहयोगी के रूप में गोविंद स्वरूप, लखनलाल की ओर से पंकज ओमर को अध्यक्ष और विपिन ओमर को महामंत्री, दिनेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष का पुनः दायित्व दिया गया। सार्वजनिक श्रीकृष्ण कमेटी लीला का दशहरा उत्सव 12 अक्टूबर को श्री गणेश पूजन के साथ आरंभ होगा। 13 अक्टूबर को मां कूष्मांडा देवी पूजन, 14 अक्टूबर को पूतना वध, 15 अक्टूबर को नागलीला और भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य शोभायात्रा, 16 अक्टूबर को कंस वध, आतिशबाजी और सांस्कृतिक कार्यक्रम, 17 अक्टूबर को जरासंध वध और सरयू स्नान, 18 अक्टूबर को राजगद्दी की लीलाएं आयोजित की जाएंगी।

### पिंडदान के लिए गया रवाना हुआ परिवार

**घाटमपुर।** मूसानगर के देवयानी सरोवर से दो किमी दक्षिण में स्थित यमुना नदी के उत्तर गामिनी होने से यहां प्रथम पिंडदान का विशेष महत्व है। मान्यता है कि यहां पितरों का श्राद्ध किए बगैर गया में श्राद्ध का फल पूरा नहीं होता है। पुरंदर गांव के समाजसेवी जगदंबा प्रसाद वाजपेई ने गांव का भ्रमण कर घर-घर चावल का छिड़काव किया। गया बिहार रवाना होने से पहले लोगों ने उन्हें फूलमालाएं पहनाई गांव के बाहर तक ढोल नगाड़ों के साथ उनको विदाई दी। मूसानगर के मध्य स्थित देवयानी सरोवर में पितरों को पिंडदान की परंपरा काफी प्राचीन है। यहां आसपास के जनपद से ही नहीं पड़ोसी प्रांतों से भी लोग गया या बद्रीनाथ जाने से पहले पितृ पक्ष में पिंडदान के लिए आते हैं। यहां पिंडदान कराने वाले आचार्यों का कहना है कि पितृपक्ष के नजदीक आते ही यहां पिंडदान की तैयारियां शुरू हो जाती हैं।

# पेड़ काटने में दो के खिलाफ केस

**बिल्हौर।** तहसील क्षेत्र में वन विभाग की सक्रिय टीम के लगातार प्रयासों के बाद भी गंगा कटरी इलाके से लेकर आसपास के कई गांवों में अवैध लकड़ी की कटान थम नहीं रही है। ताजा मामला नानामऊ गांव का है, जहां सरकारी भूमि पर खड़े पेड़ों को काटकर बेचा जा रहा है।

मौके पर पहुंचे वनरक्षक प्रदीप कुमार ने जब उन्हें रोका तो उल्टा ही वह नियम कानून बताने लगे। इसके बाद वनरक्षक प्रदीप कुमार की तहरीर के आधार पर ढाका पुरवा निवासी शालू और सल्लम के विरुद्ध वन संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। डीएफओ दिव्या ने बताया कि वन विभाग की टीम ऐसे मामलों में नजर बनाए है। सरकारी वृक्षों के साथ प्रतिबंधित वृक्षों को काटने के मामले में तुरंत कार्रवाई की जा रही है।

# नहर की जमीन पर भाजपा नेता का कब्जा

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** सिंचाई विभाग की ओर से नहर के दोनों ओर भविष्य की जरूरत के लिए सुरक्षित छोड़ी गई जमीन पर एक भाजपा नेता ने कब्जा कर लिया है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने नहर विभाग के अधिकारियों से की, जिसके बाद नहर विभाग के जेई ने नाप कराकर अपनी जमीन चिह्नित कराई। भाजपा नेता को जमीन खाली करने को कहा गया है।

करीब 50 साल पहले किसान नगर मार्ग पर राम गंगा नहर जाने वाले रास्ते का अतिक्रमण तोड़ा गया था। विभागीय अफसर इसी सड़क से गुजरते हैं। जिस क्षेत्र में सिंचाई विभाग का कार्यालय है, उस रोड पर भी लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। हैरानी की बात यह है कि अब तक किसी की भी नजर इस पर नहीं पड़ी है। ऐसा नहीं है कि विभागीय अधिकारी इनसे अनजान हैं, लेकिन सब कुछ जानने के बाद भी जमीन को बचाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। ऐसा ही ताजा मामला सामने आया है। एक भाजपा नेता ने नहर विभाग की जमीन पर कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया। मिट्टी की पुराई के साथ ही पिलर बनवाने शुरू कर दिया। कुछ लोगों ने इसकी शिकायत सिंचाई विभाग के अधिकारियों से की।

जमीन पर कब्जे की शिकायत मिलने पर गुरुवार को जेई मौके पर पहुंचे और जमीन की नाप कराई, लेकिन सीधी कार्रवाई करने के बजाय राजस्व और पुलिस विभाग को हस्तांतरित कर रहे हैं। उन्होंने प्रवेश द्वार के पास कब्जे की शिकायत एसडीएम और पुलिस से करने की बात कही है।


नहर विभाग की जमीन पर चल रहा निर्माण। अमृत विचार


जेई ने जमीन पर नाप-जोख कराई। अमृत विचार

> कब्जा की शिकायत मिली है। नोटिस जारी करेंगे। जमीन खाली नहीं हुई तो राजस्व अधिकारियों की मदद से कार्रवाई करेंगे। कब्जा करने वाले के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसडीएम और पुलिस को पत्र लिखा गया है।
>
> -सीपी पाल, अवर अभियंता

# जुलूस में युवक को पीटा, रिपोर्ट

**बिल्हौर।** तहसील क्षेत्र के मकनपुर कस्बे में जश्ने ईद मिलादुन्नवी के जुलूस के दौरान एक युवक को गांव के ही युवक ने पीट दिया। मामला 16 सितंबर का है, जब जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस मकनपुर कस्बे में निकाला जा रहा था।

गाड़ी पर सवार अली आद को गांव के नजीर अहमद ने पीट दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए पिकअप गाड़ी के नीचे खड़ा लिया। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीचबचाव कर कर मामले को शांत करा दिया। गुरुवार को अली की तहरीर के आधार पर नजीर अहमद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

**आह्वान** सेन पश्चिम पारा में रामलीला के मंचन के दौरान गूंजा बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा

# रामलीला मंच से भ्रूण हत्या रोकने का संदेश

संवाददाता, बिधनू

**चिंता जताई**

- समाजसेवी मनोज भदौरिया ने कन्या भ्रूण हत्या पर चिंता जताई
- बोले, बेटा मां-बाप को वृद्धाश्रम भेज देता, मगर बेटी करती सेवा

**अमृत विचार:** सेन पश्चिम पारा क्षेत्र में रामलीला के मंचन के दौरान जहां कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया, वहीं रामलीला मंच से कन्या भ्रूण हत्या पर रोक का आह्वान किया गया। इस दौरान बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा गूंजा।

रामलीला मंचन में कलाकारों ने राम-जटायु मिलन और लक्ष्मण द्वारा सूर्पनखा की नाक काटने के साथ खर-दूषण का वध दिखाया। मंच पर सूर्पनखा के लटके-झटके देखकर दर्शक खूब हंसे। वहीं खरदूषण और उनकी सेना ने भी आतंक मचाया। रामलीला के मंच पर छोटे बच्चों को लोरी दी गई। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज भदौरिया ने प्रभु श्रीराम की आरती कर लीला की शुरुआत की। इस मौके पर समिति के पदाधिकारियों ने मनोज भदौरिया का माल्यार्पण व पटका पहनाकर स्वागत किया। अपने संबोधन में मनोज भदौरिया ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन चरित्र एक ऐसा आदर्शवादी चरित्र है, जिसका पालन प्रत्येक घर में होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन के माध्यम से लोगों को यही संदेश दिया जाता है कि आने वाली पीढ़ी इसे जान सके और अपनी धर्म संस्कृति का अनुसरण कर सकें। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात का असंतुलन समाज के लिए चिंता की बात है। उन्होंने डॉक्टर से आह्वान किया कि गर्भस्थ कन्या की हत्या न करें। उन्होंने माता-पिता से कन्या भ्रूण की हत्या न करने की अपील की और बेटियों की अहमियत समझने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि वह ऐसे परिवारों को भी जानते हैं, जिनमें कई बेटे थे और बड़े मकानों में रहते थे, लेकिन अपने बूढ़े मां-बाप को वृद्धाश्रम भेज दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवार भी देखे हैं, जिनमें इकलौती बेटी ने अपने माता-पिता की देखभाल करने के लिए शादी भी नहीं की। बेटियों की परवरिश बहुत जरूरी है?

समिति के अध्यक्ष अरविन्द सिंह ने बताया कि समिति को मनोज भदौरिया के सहयोग से सफल आयोजन किया जा रहा है। रामलीला के दौरान जय श्री राम के नारे गूंजते रहे। इस मौके पर मुख्य रूप से संरक्षक अनंत सिंह, अध्यक्ष अरविंद सिंह, नवरंग सेंगर, राजकपूर, नितिन चतुर्वेदी, प्रियांशु ठाकुर, विश्वजीत सिंह कुशवाहा, रामआसरे कुशवाहा, सुशील सिंह, प्रांजुल सिंह, राघवेंद्र सिंह भदौरिया, आशीष सिंह परिहार, राहुल निगम आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।


रामलीला मंचन के दौरान जुटे समाजसेवी। अमृत विचार


## कार्यालय ग्राम पंचायत कुरेह वि.ख. ककवन, कानपुर नगर

पत्रांक :– मेमो/सचिव ग्राम पंचायत राज्य वित्त/15वां वित्त/टेंडर प्रकाशन/2024–25 दिनांक– 19.09.2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा सूचना केन्द्रीय वित्त आयोग / राज्य वित्त आयोग / एसबीएम के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरेह विकास खंड, ककवन कानपुर नगर में स्वीकृत निम्न लिखित कार्यो हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 21/09/2024 को निविदा बॉक्स मे डाली जाएगी। तथा उसी दिन आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष (उपस्थिति) तथा ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | उ0प्रा0वि0 में विकलांग शौचालय निर्माण। | 1.70 लाख | 1 माह |
| 2 | उ0प्रा0वि0 के अतिरिक्त कक्ष में टाइल्स कार्य। | 3.00 लाख | 1 माह |
| 3 | उ0प्रा0वि0 में बाउण्ड्री वाल निर्माण। | 1.50 लाख | 1 माह |
| 4 | डामर रोड से बरगदिया पुरवा तक इण्टरलॉकिंग। | 4.00 लाख | 1 माह |

**नियम व शर्ते :–** 1. कार्य धनराशि की उपलब्धता के आधार पर एक–एक कार्य कराये जाएंगे। 2. निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर व व्यापार कर विभाग में अवश्य होना चाहिए। 3. बिना टिन नंबर व पैन नंबर के निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। 4. दिनांक 21/09/2024 को यदि किन्हीं कारण निविदा का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस को कार्य सम्पन्न होगा। 5. निविदा स्वीकार करने / निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा। 6. कार्य की मात्रा, लागत एवं परिस्थित के अनुसार घट–बढ़ सकती है। 7. दिनांक 20/09/2024 तक निविदा सम्बंधित जानकारी कार्यालय तक प्राप्त कर सकते है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत – कुरेह
वि.ख. ककवन कानपुर नगर

ग्राम विकास अधिकारी/सचिव
ग्राम पंचायत – कुरेह
वि.ख. ककवन कानपुर नगर

## एक नजर

### बिना मान्यता स्कूलों पर कार्रवाई सिफर

**सरवनखेड़ा।** बिना मान्यता स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करने में जिम्मेदार अनदेखी कर रहे हैं। इसकी बानगी गजनेर व हिम्मुपुरवा समेत अन्य जगहों पर देखी जा सकती है। सूत्रों के अनुसार प्रबंधकों का कहना है कि डीआईओएस की अनुमति से विद्यालय संचालित किए जा रहे है। कई विद्यालय तो ऐसे है जिनकी मान्यता प्राइमरी तक भी नहीं है और स्कूल चलाया जा रहा है। जिससे हजारों छात्रों का भविष्य कैसा होगा। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

### कंप्यूटराइज्ड एकाउंटिंग प्रशिक्षण की शुरुआत

**कानपुर देहात।** गुरुवार को बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान आलमचंदपुर अकबरपुर में कंप्यूटराइज्ड एकाउंटिंग के 30 दिवसीय निशुल्क एवं आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उपायुक्त स्वतः रोजगार गंगाराम, एलडीएम राकेश कुमार एवं निदेशक आरसेटी मयंक कटियार ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस मौके पर जिला रोजगार सहायता अधिकारी शशि तिवारी ने प्रशिक्षिर्थिओं का सेवामित्र पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन भी कराया। इस अवसर पर संस्थान के संकाय पंकज कुमार, निखिल मिश्रा, कार्यालय सहायक योगेंद्र सिंह, हर्षित मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### स्कूलों में खेलकूद को तैयार किए जाएंगे छात्र

**कानपुर देहात।** परिषदीय व माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद सुविधाओं में भी वृद्धि की जा रही है। यह कवायद स्कूलों में अच्छे खिलाड़ी तैयार करने के लिए हो रही है। इसके तहत विभाग ने स्पोर्ट्स फॉर स्कूल नाम से वेब पोर्टल तैयार किया है। जिसपर स्कूल में खेल शिक्षक, खेल की सुविधा और विभिन्न खेलों में रुचि रखने वाले छात्रों का डाटा अपलोड किया जाएगा। साथ ही सभी सरकारी व निजी विद्यालयों का भी पंजीकरण होगा। इसके बाद जिला, मंडल व राज्य स्तर पर टीमों का गठन होगा और विद्यालयों की प्रतियोगिता भी कराई जाएगी। राज्य परियोजना निदेशालय ने इस संबंध में सभी बीएसए व डीआईओए को निर्देश दिया है कि वे पोर्टल पर स्कूलों व विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें।

# मैथा पीएचसी में सीबीसी जांच की होगी सुविधा

संवाददाता, शिवली

- मंगलवार को मशीन का किया जाएगा स्टॉलेशन
- जांच शुरू होने के बाद क्षेत्रीय लोगों को मिलेगी सहूलियत

**अमृत विचार।** मैथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सीबीसी जांच मशीन लगा दी गई है, जिससे मैथा और उससे जुड़े करीब डेढ़ सैकड़ा गांवों के मरीजों को रक्त संबंधी जांच कराने में सहूलियत मिलेगी।

मंगलवार को सीबीसी मशीन लगाने के लिए टीम आएगी। इसी के साथ रक्त संबंधी जांच शुरू हो जाएगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ पाठक ने बताया कि उच्चाधिकारियों की तरफ से एक सीबीसी मशीन भेजी गई है। मंगलवार को मशीन के स्टॉलेशन के बाद काम शुरू हो जाएगा। लैब टेक्नीशियन की तैनाती पहले से ही है। ग्रामीणों ने पीएचसी में सीबीसी मशीन लगाए जाने पर खुशी जताई है।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मैथा। अमृत विचार

### मरीजों को इन जांचों की मिलेगी सुविधा

सीबीसी टेस्ट को कंप्लीट ब्लड काउंट टेस्ट भी कहा जाता है। यह वो ब्लड टेस्ट है, जो खून में अलग-अलग सेल के लेवल को मापता है। इसमें रेड ब्लड सेल, व्हाइट ब्लड सेल, हीमोग्लोबिन और प्लेटलेट शामिल हैं। इस टेस्ट से विभिन्न स्थितियों का पता चलता है, जैसे एनीमिया, ब्लड इंफेक्शन, ल्यूकेमिया आदि।


### बोले ग्रामीण



मैथा पीएचसी में सीबीसी जांच होने से ग्रामीण इलाके के लोगों को सुविधा होने लगेगी और बेवजह की भागदौड़ नहीं करनी होगी।
–पवन राजपूत मंडल अध्यक्ष भाजपा



काफी समय मैथा पीएचसी में सुविधाएं बढ़ाने की मांग हो रही थी। सीबीसी जांच होने से लोगों को लाभ मिलेगा।
–मोहम्मद यासीन निवासी मैथा



पीएचसी में सीबीसी जांच न होने से मरीजों को भटकना पड़ता था। जिससे समय पर इलाज भी नहीं हो पाता था। अब सहूलियत मिलेगी।
–अखिलेश राठौर ग्राम प्रधान मारग



स्थानीय स्तर पर ही जांच की सुविधा होने से लोगों को समय के साथ ही धन की भी बचत होगी। इसकी काफी समय से मांग चल रही थी।
–रोहित निवासी बंथा

# पत्नी का हत्यारोपी पति गिरफ्तार, भेजा गया जेल

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- अवैध संबंधों के शक में की थी हत्या, राइफल बरामद

**अमृत विचार।** पुखरायां में पत्नी की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से हत्या में प्रयुक्त एक मोडिफाइड राइफल, दो कारतूस व खोखा बरामद हुआ है।

पुखरायां का भागीरथ लखनऊ में सिक्योरिटी गार्ड था। उसकी शादी घाटमपुर की सीमा से हुई थी। सीमा मायके में रह रही थी। भागीरथ ने पहली पत्नी सीमा को बिना तलाक दिए ऊषा से शादी कर ली थी। सोमवार रात अवैध संबंधों के शक में भागीरथ ने दूसरी पत्नी ऊषा को लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद वह कई घंटों तक घर में ही रहा था।

एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने मौके पर छानबीन की थी। पुलिस ने आरोपी को कानपुर-झांसी हाईवे पर पटेल तिराहे से मोडिफाइड राइफल 315 बोर, एक खोखा व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में बताया कि ऊषा से उसकी शादी वर्ष 2014 में हुई थी। पहले वह पत्नी को लखनऊ में ही अपने साथ रखता था, लेकिन अवैध संबंधों से वह झगड़ा व मारपीट करती थी। परेशान होकर उसने लाइसेंसी राइफल से उसके सिर में सटाकर गोली मार कर हत्या कर दी। कोतवाली अंजन कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को कोर्ट से जेल भेजा जाएगा।

# लेडी डॉक्टर से लूट और रेप का आरोपी धरा गया

## अजमेर में दर्ज हुई जीरो एफआईआर, पुलिस कर रही पूछताछ

संवाददाता, रूरा

- कानपुर के कल्याणपुर की रहने वाली हैं महिला डॉक्टर
- रिश्ते में महिला डॉक्टर का ममेरा भाई लगता आरोपी

**अमृत विचार।** कानपुर नगर के कल्याणपुर की रहने वाली एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और लूट की वारदात हुई है। महिला डॉक्टर ने अजमेर के दक्षिण आदर्श नगर थाने में रूरा निवासी अपने ममेरे भाई के खिलाफ एक लाख रुपये लूटने और दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए जीरो एफआईआर दर्ज कराई है, जिस पर रूरा पुलिस आरोपी को हिरासत में पूछताछ शुरू कर दी है।

कानपुर नगर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला डॉक्टर राजस्थान के अजमेर में आयुर्वेद चिकित्सक हैं। वह अजमेर के ही एक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात हैं। महिला डॉक्टर का आरोप है कि उसका ममेरा भाई अपनी पत्नी से अलग रहता है। पत्नी से अलग होने के बाद वह उन पर बुरी नीयत रखता है। उसने बुरी नीयत से उनके आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना लिया, जिनको वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करता था। महिला डॉक्टर के मुताबिक पिछले दिनों आरोपी ने जमीन दिलाने का झांसा देकर बहाने से अपने घर बुलाया और एडवांस देने के लिए एक लाख रुपये मंगाया। जब वह उसके घर पहुंचीं तो घर की ऊपरी मंजिल पर ले गया और धमकाते हुए दो दिन तक उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही उसने एक लाख रुपये भी लूट लिया। पीड़िता ने बीएनएस के तहत अजमेर के दक्षिण आदर्श नगर थाने में जीरो एफआईआर दर्ज कराई है।

अजमेर में जीरो एफआईआर दर्ज होने के बाद मामले की विवेचना रूरा थाने को स्थानांतरित की गई है। रूरा थाना प्रभारी रामगोविंद मिश्रा ने बताया कि अजमेर से स्थानांतरित होकर आई जीरो एफआईआर के आधार पर रूरा कस्बे के बजरंग नगर निवासी आरोपी पंकज अवस्थी को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



किसान को आत्मदाह से रोकते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

# मुआवजा के लिए किसान ने किया आत्मदाह का प्रयास

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** उलरापुर में खेत पर पावर लाइन का टावर लगाने में उचित मुआवजा न मिलने पर किसान ने काम रुकवाकर आत्मदाह का प्रयास किया। एसडीएम व सीओ ने किसान को समझाकर शांत कराया और अधिकारियों से वार्ता कर मुआवजे का भरोसा दिलाया।

डेरापुर एसडीएम भूमिका यादव, सीओ सदर तनु उपाध्याय व एसओ रूरा राम गोविंद मिश्रा ने पावर लाइन ट्रांसमिशन के अधिकारियों से बातचीत कर उचित मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। किसान काशीराम के मुताबिक पावर लाइन ट्रांसमिशन के अधिकारी खेत में लगे ट्यूबवेल का मुआवजा नहीं दे रहे थे, जिस कारण किसान के परिजनों ने काम को बंद करने का आग्रह किया। जब पावर लाइन के कर्मचारियों ने बात नही मानी तो उसने पेट्रोल डाल कर आत्मदाह की कोशिश की। जेई नवीन कुमार, किसान काशीराम व उसके पुत्र रणधीर सिंह व राम नरेश से वार्ता में 8.90 लाख देने पर सहमति बनी।

## सार-संक्षेप

### बारिश में दो कच्चे घर गिरने से गृहस्थी दबकर बर्बाद

**राजपुर।** जोरदार बारिश के दौरान अफसरिया गांव में दो मकान ढह गए। जिससे मलबे में दबने से घरेलू सामान दबकर नष्ट हो गए। लेखपाल ने जांच रिपोर्ट तहसीलदार को भेजी है। भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के अफसरिया गांव निवासी छोटे शाह परिवार के साथ कच्चे मकान में रहते थे। बुधवार की रात बारिश के बीच उनका कच्चा घर ढह गया। जिससे मलबे के नीचे दबकर घरेलू सामान नष्ट हो गया। वहीं इसी गांव के राजू का कच्चा मकान भी बारिश की भेंट चढ़ गया। जिससे गेहूं, बिस्तर समेत गृहस्थी का सामान दबकर नष्ट हो गया। घरगिरी का शिकार लोगों ने तहसील प्रशासन को सूचना दी। हल्का लेखपाल ने गांव पहुचकर क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तहसीलदार को भेजी है। भोगनीपुर एसडीएम सर्वेश कुमार ने बताया कि लेखपाल की रिपोर्ट पर आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।



बारिश में ढहा कच्चा घर।



पीड़ित परिवार की समस्या सुनते राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल। अमृत विचार

### विधायक ने पीड़ित परिवार को दी आर्थिक सहायता

**डेरापुर।** जिले में पिछले दो दिनों से हो रही भीषण बारिश को लेकर कच्चे घरों का गिरना लगातार जारी है। इसी क्रम में भूपतियापुर गांव में कच्चा घर गिरने से योगेंद्र कुमार की दबकर मौत हो गई थी। लेखपाल ने रिपोर्ट बनाकर शासन को प्रेषित की थी। जानकारी पर सिकंदरा विधायक व राज्यमंत्री अजीत पाल पीड़ित परिवार से मिलने भुपतियापुर पहुंचे। उन्होंने मृतक की पत्नी साधना देवी से बात की और हर संभव मदन मदद का भरोसा दिलाया। विधायक ने आवास और चार लाख रुपये के लाभ तुरंत दिलाया। साथ ही बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर महेश भदौरिया, संग्राम सिंह गौर, अशोक कठेरिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



माती सर्किट हाउस में जानकारी लेती निगरानी समिति सदस्य पूजा बाल्मीकी।

### राज्य निगरानी समिति सदस्य ने की बैठक

**कानपुर देहात।** राज्य निगरानी समिति सदस्य पूजा बाल्मीकि ने सर्किट हाउस माती सभागार में एडीएम न्यायिक अमित राठौर समेत अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में निर्धारित एजेंडा बिंदुओं पर समीक्षा की। सदस्य ने नगरों की सफाई व्यवस्था दुरस्त करने व सफाई मित्रों को सुरक्षा उपकरण प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। सदस्य ने मैनुअल स्कैवेंजर व हाथ से मैला उठाने वाले व्यक्तियों एवं अस्वच्छ शौचालयों के सर्वेक्षण के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पूर्व सदस्य ने नगर पालिका परिषद झींझक में बैठक की और एजेंडा के बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



मूसानगर के देवयानी सरोवर में पिंडदान करते लोग। अमृत विचार

### मूसानगर के देवयानी सरोवर में पिंडदान शुरू

**मूसानगर।** छोटी गया के नाम से प्रसिद्ध मूसानगर नगर के देवयानी सरोवर में पितृपक्ष के चलते पिंडदान के लिए लोगों का आना शुरू हो गया है। क्षेत्र में उत्तर वाहिनी यमुना होने के कारण यहां प्रथम पिंडदान का खासा महत्व है। गया बिहार जाने से पहले लोग यहां आकर प्रथम पिंडदान करते हैं। 18 सितंबर से शुरू हुए पितृ पक्ष को लेकर पौराणिक देवयानी सरोवर में दूरदराज से प्रथम पिंडदान करने वाले लोगों का आना शुरू हो गया है। पंडित गिरजा शंकर पाठक ने बताया कि पिंडदान करने वाले लोग गांव व कस्बे में भ्रमण कर पितरों का आवाहन करते हैं। छोटी गया देवयानी सरोवर पहुंच कर प्रथम पिंडदान करके अपने पूर्वजों का तर्पण करते हैं। लोग अपनी तिथि वार श्राद्ध करने के लिए यहां आते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार देवयानी सरोवर में श्राद्ध किए बिना गया में श्राद्ध का फल पूरा नहीं होता है। इसके बाद लोग गया के लिए प्रस्थान करते हैं। गुरुवार को देवयानी सरोवर में पिंडदान करने वालों की भीड़ लगी रही।

### मदरापुरवा गांव में जलभराव से आवागमन में दिक्कत

**शिवली।** बरसात का पानी मांडा मैथा के मजरा मदरापुरवा गांव में पानी भर गया है। जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के रहने वाले अधिवक्ता अनुज पाल, अतर सिंह, परशुराम, जियालाल, अशोक आदि ने बताया कि गांव आने वाली मुख्य सड़क सहित चार गलियों में बरसात का पानी भरा है। जो अभी तक निकल नहीं पाया है। ग्रामीणों ने पानी निकलाए जाने की मांग की है।

# बारिश से डूबा कुदौली गांव का धरिया का पुल

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** बीते दो दिन बारिश होने के चलते मंगलपुर थाना क्षेत्र के कुदौली गांव में धरिया का पुल पानी में डूब गया। जिसकी वजह से गांव सहित अन्य राहगीर मुसीबतों का सामना कर रहे हैं। कई गांव के लोगों का आवागमन बंद है। जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

धरिया गांव के ग्रामीण पप्पू गौर, जयराम सिंह, विजय सिंह, ओम सिंह, जनक, रामकुमार, विवेक आदि ने बताया कि लगभग 30 वर्ष पहले धरिया पुल का निर्माण कराया गया था। समय गुजरते हुए पुल काफी नीचे हो गया। इसकी जानकारी जिला प्रशासन को भी है। पानी छोड़ने के दौरान व बरसात के मौसम में पानी का बहाव पुल के ऊपर हो जाता है। जिससे मजबूरन क्षेत्र के लोगों को दूसरे गांव में जाने के लिए 7 से 8 किलोमीटर का चक्कर लगाकर जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि लाड़पुर, रती का पुरवा, सबलपुर, मड़ौली, बंजारन डेरा सहित कई गांवों के बच्चे पढ़ने के लिए मंगलपुर जाते हैं। मगर इस स्थिति में बच्चों को स्कूल नहीं जाने दिया जाता है। क्योंकि ज्यादातर बच्चे साइकिल से जाते हैं और सात से आठ किलोमीटर का सफर साइकिल से तय करना बच्चों के लिए मुश्किल होता है।



कुदौली में डूबे पुल से हो रहा आवागमन।

# 24-25 को भारी बारिश का अलर्ट

**कानपुर देहात।** जनपद में 24 व 25 सितंबर को जोरदार बारिश व बिजली गिरने की संभावना पर जिला प्रशासन की तरफ से एलर्ट जारी किया गया है। एडीएम ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता ने बताया कि भारतीय मौसम विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार जनपद में 24 व 25 सितंबर को जोरदार बारिश एवं आकाशीय विद्युत की संभावना व्यक्त की गई है। जिसके दृष्टिगत सुरक्षा एवं बचाव के लिए आम जनमानस को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। लोग मौसम की जानकारी अवश्य रखें और छोटे बच्चों को वर्षा के पानी में खेलने रोकें। बारिश के दौरान बिजली उपकरणों के प्लग निकाल दें और कच्चे घर, जर्जर छत के नीचे शरण न लें। जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें। बारिश में तैराकी या नौकायान न करें। साथ ही धातु से बने छाता का प्रयोग न करें।

# किशोरी से छेडछाड़ में दो साल सजा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** देवराहट क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से करीब पांच साल पहले छेड़छाड़.व उलाहना देने गए भाई के साथ मारपीट के मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए दो साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक राम रक्षित शर्मा ने बताया कि देवराहट थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी 5 अगस्त 2019 को मवेशी बांधकर शाम को घर आ रही थी। तभी रास्ते में गांव के ही अमित उर्फ गप्पू लोहार ने उसको बदनीयती से जबरन घसीटकर छेड़छाड़ का प्रयास किया था। उसके चंगुल से छूटने के बाद घर पहुंची किशोरी से जानकारी मिलने पर पीड़िता का भाई जब उलाहना देने आरोपी के घर गया, तो उसके साथ आरोपी ने मारपीट की। मामले में किशोरी के पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की विवेचना कर आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज तेरह/पॉक्सो एक्ट शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत में चल रही थी।

गुरुवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए दो साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उसपर 11 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

### हत्या में दो आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

**कानपुर देहात।** रूरा थाना क्षेत्र के गहोलिया गांव में वर्ष 2021 में हुई हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध दो आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष ने जिला जज की अदालत में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। जिसकी सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपियों की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। रूरा थाना क्षेत्र के गहोलिया गांव के रहने वाले आशू तिवारी का 16 सितंबर 2021 को गिट्टी मौरंग की दुकान में रक्त रंजित शव पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम में उसके गले में फंदा कसे जाने के साथ ही सिर में गहरी चोट पाई गई थी। डॉक्टरों ने सिर की चोट को उसकी मौत की वजह बताया था। मामले में मृतक के भाई दीपक तिवारी ने गांव के ही अजय सिंह व श्याम सिंह आदि के खिलाफ एक राय होकर हत्या करने का आरोप लगा मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने विवेचना करने के बाद फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। वादी दीपक की ओर से प्रोटेस्ट पिटीशन अदालत में दाखिल की गई थी। जिसकी सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पुलिस रिपोर्ट को निरस्त करते हुए आरोपियों को हत्या सहित अन्य धाराओं में तलब किया था। इस आदेश के विरुद्ध आरोपियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। वहीं निचली अदालत से आरोपियों के हाजिर न होने पर कुर्की के आदेश जारी होने पर आरोपी श्याम सिंह सेंगर उर्फ बबलू व अजय सिंह सेंगर उर्फ पिंटू ने कोर्ट में 14 अगस्त 2024 को आत्मसमर्पण किया था।

**आवास की आस** झोपड़ी में जीवन गुजारने को मजबूर आवास योजना के असली हकदार

# तिरपाल में परिवार, आशियाना की दरकार


संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** सरकार द्वारा जहां गरीब परिवारों को आवास देने के लिए तरह-तरह की योजना संचालित की जा रही हैं। वहीं तमाम परिवार छत की आस में आज भी छप्पर में जीवन व्यतीत करने को विवश हैं। मौसम की मार से बचाने के लिए झोपड़ी ही इनका सहारा है। सरकारी सुविधाओं का लाभ पाना कितना कठिन है। इसका उदाहरण यह लोग बयां कर रहे हैं।

राजपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत भाल की गरीब अंशू जिसे पात्र होने के बावजूद भी सरकारी सुविधाएं मयस्सर नहीं है। उसके पिता शिवपाल सिंह व मां गुडडी देवी की मौत हो जाने से परिवार के सगे संबंधियों ने भी मुंह मोड लिया है। वह पात्र होने के बावजूद टूटे फूटे घर में जीवन गुजारने को मजबूर है। जबकि गांव के कई लोगों को सरकारी आवास मिल चुका है।

अंशू देवी ने बताया कि वर्ष 2021 में आग लगने से घर में रखा अनाज व गृहस्थी के सामान के अलावा उसकी शादी के लिए रखे गहने भी जल गए थे। उसके बाद आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई। इधर सरकार की संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिला। सरकारी सुविधा के नाम पर आयुष्मान कार्ड व शौचालय तक सीमित है। बताया कि ग्राम प्रधान से लेकर ब्लाक अधिकारियों की चौखट तक वह कई चक्कर लगा चुकी है, लेकिन हर तरफ निराशा हाथ लगी।

अब बारिश के दौरान कच्चे घर में तिरपाल के सहारे रात गुजारनी पड़ती है। घर का दरवाजा भी टूटा होने से जंगली जानवरों के हमले का हर समय डर रहता है। मामले में ग्राम पंचायत अधिकारी सुब्बालाल ने बताया कि जल्द ही ग्रामसभा की खुली बैठक आयोजित होनी है। आवास योजना में अंशू का नाम सम्मिलित कर योजना का लाभ दिलाया जाएगा।



तिरपाल के कच्चे घर को दिखाती गरीब अंशू। अमृत विचार

### सेना के जवान ने परिवार की मदद का उठाया बीड़ा

भाल गांव निवासी सेना में जवान उत्कर्ष द्विवेदी ने बेसहारा अंशू की मदद का बीड़ा उठाया है। उन्होंने बताया कि गांव की गरीब लड़की को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मुहिम छेड़ी है। वह अपने सहयोगी शिक्षक सिद्धेश्वर त्रिपाठी, अंकित सिंह राजावत के सहयोग से अंशू को आर्थिक मदद के तौर पर गृहस्थी का सामान व उच्च शिक्षा के लिए सहयोग करेंगे।

# वाहन की टक्कर से युवक की गई जान

संवाददाता, रसूलाबाद

- अंगदपुर में ठेलिया लगा मोमोज और फिंगर बेचता था युवक

**अमृत विचार:** अंगदपुर में मोमोज एवं फिंगर की ठेलिया लगाने वाला एक युवक बाइक से घर लौट रहा था, तभी शनि मंदिर के पास वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस से उसे सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से कोहराम मच गया।

मल्लाहन पुरवा का अविवाहित मोहन (20) अंगदपुर बाजार में ठेलिया लगाकर मोमोज और फिंगर बेचता था। गुरुवार को वह बिक्री करने के बाद बाइक से वापस गांव लौट रहा था। इसी दौरान कानपुर रोड पर माल पूर्वा शनि मंदिर के पास वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक का अगला टायर फट गया और रिम टेढा हो गया। हैंडल टूट गया। मोहन घायल होकर गिर पड़ा। इसी दौरान केशव नगर रसूलाबाद निवासी शिवा सिंह साथियों के साथ बाइक से कानपुर से लौट रहे थे। उन्होंने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पाकर कहिंजरी चौकी इंचार्ज योगेंद्र शर्मा मौके पर पहुंचे और घायल को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया, जहां डॉ. बृजेश कुमार ने अंधेरे में ही उसका परीक्षण किया और मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में जनरेटर की व्यवस्था न होने पर परिजनों ने नाराजगी जताई। मोहन की असामायिक मौत पर उसकी मां बालवती, पिता राम प्रसाद, भाई भूप सिंह, अमित कुमार, सुनील व बहन सुशीला का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने कहा कि तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### निजी स्कूलों में आरटीई से निःशुल्क प्रवेश 1 दिसंबर से

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में निजी स्कूलों में आरटीई के तहत गरीब परिवार के बच्चों के लिए आरक्षित 25 फीसदी सीटों पर अगले शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू होगी। उप शिक्षा निदेशक (समग्र शिक्षा) डा. मुकेश कुमार सिंह के अनुसार 1 दिसंबर से लेकर 27 मार्च 2025 तक चार चरणों में दाखिले की प्रक्रिया चलेगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) व खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय में अभिभावकों की मदद को हेल्प डेस्क बनेगी। इस बार अभिभावकों को सुनवाई का पूरा मौका दिया जाएगा और उनके फॉर्म में कमियों को हेल्प डेस्क की मदद से पूरा कराया जाएगा। वर्तमान शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 में आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए कुल 3.57 लाख बच्चों के आवेदन फार्म आए थे।

### महाकुंभ : स्नानार्थियों की सुरक्षा को हाईटेक इंतजाम

अमृत विचार, लखनऊ : महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के साथ स्नानार्थियों की सुरक्षा को हाईटेक इंतजाम किए जा रहे हैं। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद का कहना है कि मेला में घाटों की संख्या का विस्तार होने की वजह अब नदियों में आठ किलोमीटर लंबी डीप वाटर बैरिकेटिंग बनाई जाएगी। नदियों की सतह और जल के अंदर की सुरक्षा पीएसी और जल पुलिस को सौंपी गई है। डीआईजी पूर्वी जोन पीएसी राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि पहली बार निगरानी के लिए अंडर वाटर ड्रोन लगाए जाएंगे। दुर्घटना के समय इस बार सोनार रेडियो तरंगों का उपयोग किया जाएगा। जलीय क्षेत्र में किसी भी आकस्मिक जरूरत में क्विक रिएक्शन के लिए पहली बार 25 वाटर स्कूटर की ब्रिगेड भी मौजूद रहेगी। इसके लिए 6 लाख 25 हजार की राशि स्वीकृत हुई है। इसके अलावा दो फ्लोटिंग रेस्क्यू स्टेशन भी बनेंगे। इन्हे संगम और वीआईपी घाट में बनाया जाएगा।

# एसटीएफ को सौंपना चाहिए भेड़िए को पकड़ने का जिम्मा

## सपा प्रमुख ने कहा, जब से भाजपा की सरकार बनी है, तब से बढ़ा जानवरों का आतंक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ भेड़िए के हमले में मृतक के परिवारीजन को 50-50 हजार, घायलों को 25-25 हजार रुपये सपा ने दिए

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, जबसे भाजपा की सरकार बनी है तबसे जानवरों का आतंक बढ़ा है। सरकार अगर आदमखोर भेड़ियों को नही ढूंढ पा रही है तो ठोको नीति के तहत यह जिम्मेदारी एसटीएफ को सौंप देना चाहिए।

यह बात गुरुवार को सपा प्रमुख ने राज्य मुख्यालय में बहराइच के महसी क्षेत्र में भेडिया के हमलों में शोक संतप्त परिवारीजनों को आर्थिक सहायता देने के बाद कही। अखिलेश यादव ने भेडिया के हमलों में जान गवांने वाले 10 लोगों में, सात शोक संतप्त परिवारीजनों को 50-50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी। घायलों को 25-25 हजार रूपये की मदद दी गई।


अखिलेश यादव

सपा प्रमुख ने आरोप लगाते हुए कहा कि मृतक के आश्रितों और घायलों को मदद देने में भी जाति-धर्म देखकर पक्षपात और भेदभाव किया जा रहा है। विशेष समुदाय के दो मृतक बच्चों का शव नहीं मिला है। मृतक बच्चों के परिवार को 10 लाख व घायलों को एक लाख रुपये की मदद और पूरे इलाज का खर्च सरकार को उठाना चाहिए।

### प्रदेश के मठाधीश मुख्यमंत्री है

अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि मैंने कभी किसी संत महंत सन्यासी पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अगर अपने ऊपर लेते हैं तो मैं यही कहूंगा कि वो हमारे मठाधीश मुख्यमंत्री हैं, जब से बीजेपी हारी है तब से उनकी भाषा बदल गई है। योगी के भस्मासुर वाले बयान पर कहा कि भाजपा अपने भष्मासुर को खोज रही है। माफियाओं के सवाल पर कहा, टॉप टेन सूची से पता चल जाएगा कि माफिया किस दल के साथ हैं।

# एससी-ओबीसी को शासन-प्रशासन में भागीदारी दिलाएंगे

## बसपा प्रमुख ने विधानसभा उपचुनाव में भाजपा से नाराजगी का फायदा उठाने पर दिया जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक अपनी और पार्टी की पैठ मजबूत बनाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि पार्टी एससी-एसटी व ओबीसी को शासन-प्रशासन में समुचित भागीदारी दिलाएगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा उप चुनाव में भाजपा से जनता की नाराजगी का फायदा उठाकर बसपा जीत सुनिश्चित करेगी। उन्होंने पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक पैठ मजबूत करने के निर्देश दिए।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को पदाधिकारियों की बैठक में बसपा प्रमुख ने पिछली बैठक में दिए-गए निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने विधानसभा उप चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि भाजपा व विपक्षी दल जनहित के ज्वलंत मुद्दों के बजाय सांप्रदायिक व जाति-बिरादरी पर आधारित संकीर्ण राजनीति कर रहे हैं। करोड़ों गरीबों, बेरोजगारों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों व अन्य मेहनतकश लोगों को राहत, सुविधा व सुरक्षा की काफी कमी है। अधिकतर मामलों में सरकारी वादे-दावे कागजी हैं। इस कारण आम जनता त्रस्त है।


मायावती

### बिहार की घटना पर दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई

बसपा प्रमुख ने बिहार के नवादा में दबंगों ने अनुसूचित वर्ग के लोगों के घरों को जलाने के दोषी लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि यह घटना अति दुखद व गंभीर है। सरकार को दोषी लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के साथ ही पीड़ितों को पुनः बसाने की व्यवस्था के लिए पूरी आर्थिक मदद भी करनी चाहिए।

# ऊर्जा निगमों में चतुर्थ श्रेणी के मृत सेवकों के आश्रितों को नहीं मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

## उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने नियमावली-1975 में किया संशोधन, आदेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सहायक बिजली कंपनियों में अब चतुर्थ श्रेणी में अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिलेगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने सेवाकाल में मृत सेवकों के आश्रितों की नियमावली-1975 में संशोधन कर दिया गया है। इस सिलसिले में कॉरपोरेशन की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

पावर कॉरपोरेशन के वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी लोकेंद्र सिंह की ओर से जारी आदेश में निदेशक मंडल की ओर लिए गए निर्णय का उल्लेख किया गया है। जारी आदेश के अनुसार अब मृतक आश्रितों को तृतीय श्रेणी में नियुक्ति दी जाएगी। इनमें वेतन मैट्रिक्स लेवल-पांच ग्रेड पे 2600 के टेक्नीशियन, कार्यकारी सहायक व लेखा लिपिक के पद शामिल हैं।

इस आदेश में 2010 में हुए शासनादेश का उल्लेख किया गया है, जिसमें चतुर्थ श्रेणी के रिक्त होने वाले पदो के सम्बन्ध में केवल आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्ति की बात कही गई है। आदेश में कहा गया है कि मृतक कर्मी की मृत्यु के पांच साल के अंदर तृतीय श्रेणी पद पर नियुक्ति के लिए आवश्यक अर्हता पूरी करने पर ही नियुक्ति दी जाएगी। पावर कॉरपोरेशन को छोड़कर अनुकंपा पर नियुक्ति उसी इकाई में दी जाएगी, जहां पर मृत कर्मी सेवायोजित थे।

### दूसरे निगमों में सेवायोजन के लिए अध्यक्ष अधिकृत

मृतक आश्रित की कठिनाइयों को देखते हुए अन्य वितरण निगमों में सेवायोजन के लिए कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को अधिकृत किया गया है। अनुकंपा नियुक्ति में सीधी भर्ती के समान एक माह का आधारभूत प्रशिक्षण व 11 माह की ऑन जॉब प्रशिक्षण यानी कुल एक साल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद दो साल की परिवीक्षा अवधि निर्धारित की गई है। तृतीय श्रेणी के जिन पदों पर टंकण अनिवार्य है, उसमें टंकण गति 25 शब्द प्रति मिनट अनिवार्य किया गया है। आदेश के तहत 25 जून 2015 तक नियमावली संशोधित मानी जाएगी। बाकी नियम व शर्तें पूर्व की तरह लागू रहेंगी।

### उत्पादन निगम में हो चुका फैसला

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम में अनुकंपा नियुक्ति में चतुर्थ श्रेणी में न किए जाने का फैसला करीब एक माह पहले ही हो चुका है। उत्पादन निगम के निदेशक मंडल की बैठक में फैसला लेते हुए इस तरह का आदेश जारी किया गया था। कॉरपोरेशन की तरह उत्पादन निगम में भी टेक्नीशियन, कार्यकारी सहायक व लेखा लिपिक पदों पर नियुक्ति का उल्लेख है।

# पुत्र के गिरफ्तार होते ही विधायक ने किया समर्पण

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेटे के गिरफ्तार होते ही भदोही के सपा विधायक जाहिद जमाल बेग ने गुरुवार को न्यायालय में समर्पण कर दिया है। बताया जा रहा है कि वह नंगे पैर पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस कर्मियों और अधिवक्ताओं में जोरदार झड़प भी हुई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट साहिबा खातून ने उन्हें 14 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

विधायक आवास पर किशोरी की आत्महत्या के बाद पुलिस ने पहले विधायक व उनकी पत्नी सीमा बेग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। उसके बाद उनके बेटे जईम बेग को सहअभियुक्त बनाकर मकदुमपुर से गिरफ्तारी दिखाने के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। बेटे के जेल जाने के बाद पांच दिनों से गायब विधायक ने कोर्ट में सरेंडर करने का फैसला किया। सपा विधायक पुलिस को चकमा देकर कोर्ट के अंदर प्रवेश कर गए। करीब 25 मिनट तक कोर्ट में रहे। इस बीच बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता विधायक के समर्थन में पहुंच गए और नारेबाजी की।

# सचिवालय कर्मियों ने बायोमेट्रिक हाजिरी के खिलाफ उठाई आवाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रमुख सचिव को ज्ञापन देकर कहा, मशीनी पहरेदारी से पड़ेगा कार्मिकों पर प्रतिकूल प्रभाव

**अमृत विचार :** बायोमेट्रिक हाजिरी की अनिवार्यता को लेकर सचिवालय कर्मी नाराज हैं। सचिवालय कर्मियों ने प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन से मुलाकात कर इस डिजीटल अटेडेंस पर सवाल खड़े किए हैं। इस दौरान कई ऐसे तर्क देकर यह साबित करने का प्रयास किया गया है कि सचिवालय का कामकाज पोस्ट ऑफिस, बैंक, या अन्य सरकारी कार्यालयों जैसा पब्लिक डिलिंग ऑफिस नहीं है जहां आमजन का अपने कार्य निस्तारण के लिए रोज जाना-आना रहता हो।

सचिवालय संघ के प्रतिनिधियों ने सचिवालय की कार्य प्रकृति को समीक्षात्मक बताते हुए मशीनी पहरेदारी से इसके कार्मिकों पर प्रतिकूल प्रभाव पढ़ने की आशंका जताई। उप्र. सचिवालय संघ के अध्यक्ष अर्जुन देव ने बताया कि बायोमेट्रिक हाजिरी में तो तकनीकी खामियां हैं ही इसका प्रतिकूल प्रभाव भी सचिवालय के कामकाज पर पड़ेगा। इस बीच, राज्य कर्मियों से जुड़े कई संगठन शुक्रवार को एक संयुक्त बैठक कर बायोमेट्रिक हाजिरी की अनिवार्यता को खत्म करने की मांग पर चर्चा करेंगे और एक तार्किक ज्ञापन शासन को देने का निर्णय लिया जाएगा।

### मनमानी आवाजाही और छुट्टी पर लगेगा अंकुश

मानव संपदा पोर्टल से बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को जोड़ने के लिए विशेष सचिव, सचिवालय प्रशासन गौरव वर्मा की ओर से राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइसी) के तकनीकी निदेशक दीपक शर्मा को पत्र भेज दिया है। इसके जरिए कर्मचारियों की रोज की हाजिरी और छुट्टी का प्रबंध होगा। यह सब कुछ सॉफ्टवेयर आधारित होगा। बिना आवेदन के छुट्टी लेने की कवायद पर अंकुश लगेगा। फील्ड के कर्मियों को ऑनलाइन टूर अप्लाई करना होगा और अधिकारी के अनुमोदन पर ही उसकी उपस्थिति दर्ज होगी। अन्यथा उसका वेतन कटेगा।

# पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति की जमानत पर फैसला आज

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ दुष्कर्म मामले में मिली थी उम्रकैद जमानत पर 10 सितंबर को कोर्ट ने सुरक्षित किया था फैसला

**अमृत विचार :** दुराचार के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति की जमानत पर फैसला शुक्रवार को दोपहर एक बजे होगा। आएगा। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति मो. फैज आलम खान की हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गायत्री प्रजापति के साथ-साथ आशीष कुमार शुक्ला व अशोक तिवारी के जमानत प्रार्थना पत्र भी 10 सितम्बर को फैसला सुरक्षित कर लिया था।

अभियुक्तों की ओर से मामले के तथ्यों के साथ-साथ मुख्य रूप से उनके द्वारा जेल में बिताई गयी अवधि को भी जमानत का आधार बताया गया है। वहीं राज्य सरकार ने बहस के दौरान जमानत दिये जाने का विरोध किया है। हालांकि गायत्री कई आपराधिक मामलों में जेल में निरुद्ध है लेकिन उसके खिलाफ दर्ज यह मामला सबसे संगीन माना जाता है।

18 फरवरी, 2017 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गायत्री प्रसाद प्रजापति व अन्य छह अभियुक्तों के खिलाफ थाना गौतमपल्ली में गैंगरेप, जानमाल की धमकी व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश पीड़िता की याचिका पर दिया था। पीड़िता ने गायत्री प्रजापति व उनके साथियों पर गैंगरेप का आरोप लगाते हुए अपनी नाबालिग बेटी के साथ भी जबरन शारीरिक संबध बनाने का आरोप लगाया था। 18 जुलाई, 2017 को पॉक्सो की विशेष अदालत ने इस मामले में गायत्री समेत सभी सात अभियुक्तों विकास, आशीष, अशोक, अमरेंद्र, चंद्रपाल व रुपेश्वर के खिलाफ आरोप तय किया था। साथ ही गायत्री, विकास, आशीष व अशोक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा 5जी/6 के तहत भी आरोप तय किया था। 12 नवम्बर 2021 को सत्र अदालत ने गायत्री, आशीष शुक्ला व अशोक तिवारी को उम्र कैद की सजा सुनाई, जबकि बाकी आरोपियों रूपेश्वर, चंद्रपाल, विकास वर्मा व अमरेंद्र सिंह उर्फ पिंटु सिंह को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया था।

### मिली जमानत हाईकोर्ट ने की थी खारिज

मामले में 25 अप्रैल 2017 को गायत्री व दूसरे अभियुक्तों को पॉक्सो कोर्ट ने जमानत दे दी थी। हालांकि राज्य सरकार ने 28 अप्रैल 2017 को ही हाईकोर्ट में उक्त जमानत आदेश को चुनौती दे दी, जिस पर हाईकोर्ट ने उसी दिन सुनवाई करते हुए, 25 अप्रैल 2017 के उक्त आदेश पर रोक लगा दी। बाद में हाईकोर्ट ने ट्रायल विचाराधीन रहने के दौरान गायत्री की ओर से दाखिल जमानत याचिका को भी खारिज कर दिया था।

# कई जिलों में अब भी पानी खतरे के निशान पर, राहत-बचाव जारी

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित जिलों में चल रहे सरकारी राहत ओर बचाव कार्यों के बीच कई स्थानों पर अब भी पानी खतरे के निशान से ऊपर है।

गंगा, यमुना, सरयू, कर्मनाशा, घाघरा, राप्ती में आयी बाढ़ से अलग-अलग जिलों जिलों में लोग प्रभावित हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावित परिवारों के लिए एक तरफ जहां सेंटर होम खोले गए हैं और उनके खाने-पीने का इंतजाम किया गया है, वहीं दूसरी तरफ पशुओं के लिए रहने की व्यवस्था भी सरकारी तंत्र ने कर रखी है। साथ ही राशन किट का वितरण भी किया जा रहा है।

# 2027 में बनने वाली सरकार का कार्यकाल 2 वर्ष का होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एक राष्ट्र-एक चुनाव व्यवस्था लागू होने पर यहां 2 वर्ष में दो बार विधानसभा के चुनाव होंगे

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में साल 2027 के विधानसभा चुनाव के बाद जिस भी राजनीतिक दल की सरकार बनेगी, उसकी उम्र दो साल की ही होगी। दरअसल, एक राष्ट्र-एक चुनाव की व्यवस्था लागू होने पर यहां दो साल के भीतर दो बार विधानसभा के चुनाव होंगे। उप्र. में इससे पूर्व साल 1991 व 1996 में भी लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराए गए थे।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के मुताबिक, रामनाथ कोविंद समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा है कि साल 2024 के बाद देश में जिस भी राज्य में विधानसभा चुनाव होंगे, उसका कार्यकाल 2029 में लोकसभा के कार्यकाल के साथ ही समाप्त हो जाएगा। इस तरह उप्र. में अगला विधानसभा चुनाव 2027 में होगा। उसके बाद वर्ष 2029 में मध्यावधि चुनाव कराने होंगे। कोविंद समिति की सिफारिशों में लोकसभा चुनाव के 100 दिन बाद स्थानीय निकायों के चुनाव का भी सुझाव है।

# एक करोड़ हुई प्रदेश में भाजपा के सदस्यों की संख्या

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश भाजपा की टीम ने देश में अव्वल स्थान बरकरार रखते हुए बृहस्पतिवार को एक करोड़ का आंकड़ा भी छू लिया। अभी भी पुरानी सदस्यता के साथ 1.62 लाख पोलिंग बूथों पर 3 करोड़ 24 लाख नए सदस्य बनाने की चुनौती है।

देशभर में एक सितंबर से चल रहे भाजपा के सदस्यता अभियान में आगे निकलने की होड़ सभी राज्यों में मची हुई है। इसमें उप्र सबसे आगे है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री व सदस्यता प्रभारी गोविंद पांडेय कहते हैं कि दो दिन पहले मंगलवार को 82 लाख सदस्य बने थे, जबकि प्रतिस्पर्थी माहौल बनाने से 11 लाख सदस्य एक दिन में बने और संख्या 93 लाख पहुंच गई।

| जनपद | संख्या |
|---|---|
| अमरोहा | 1,45,727 |
| हरदोई | 1,45,064 |
| लखनऊ महानगर | 1,43,160 |
| बुलंदशहर | 1,38,778 |
| आगरा महानगर | 1,21,771 |
| कुशीनगर | 1,18,522 |
| उन्नाव | 1,16,443 |
| सहारनपुर जिला | 1,09,472 |
| गाजियाबाद महानगर | 1,06,619 |
| बहराइच | 1,05,828 |

### महानगरों में लखनऊ व जिलों में अमरोहा अव्वल

भाजपा ने जिलों और महानगरों में सदस्यता की टॉप टेन सूची जारी की है। इसमें अमरोहा जिला सबसे आगे हैं, जबकि महानगरों में लखनऊ टॉप पर है। हालांकि ओवर आल टॉप टेन में लखनऊ महानगर तीसरे स्थान पर है। प्रदेश के 75 जिलों में अमरोहा, हरदोई, बुलंदशहर, कुशीनगर, उन्नाव सहारनपुर और बहराइच ही टॉप टेन सूची में क्रमशः शामिल हैं।. महानगरों में बरेली, अयोध्या, कानपुर, मुरादाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, मथुरा-वृंदावन और शाहजहांपुर का नाम तक नहीं है।


## वर्ग पहेली-197

**बाएं से दाएं**

3. 1. जनसाधारण की निःस्वार्थ सेवा 2. सरकारी नौकरी।
5. 1. एक प्रकार का बड़ा हुक्का, गुड़गुड़ी 2. पुरानी चाल की बंदूक का एक पुरज़ा।
7. 1. आज्ञा, आदेश 2. हिदायत या सलाह देना 3. किसी को ठीक रास्ता बतलाना, पथ प्रदर्शन 4. मुशायरों के दौरान गायक द्वारा शेर पेश करने के लिए श्रोताओं द्वारा प्रयुक्त अनुमति सूचक शब्द।
8. निचली मिट्टी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. दीया
2. 1. ज़बरदस्त 2. बहुत बड़ा या विशाल।
3. जनकल्याण, जनता की भलाई।
4. लोहे आदि की बनी मज़बूत अलमारी जिसमें व्यक्ति रुपया आदि रखता है
6. 1. भरे हुए शरीरवाला 2. कोमल, मुलायम।



### वर्ग पहेली -196 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पु | रां | त | क | | 2 रु |
| | | | | | का |
| 3 प | | | 4 नि | | व |
| 5 रि | टा | य | र | में | ट |
| धा | | | व | | |
| नी | | | 6 का | 7 ज | ल |
| य | | 8 रा | श | न | |

## सुडोकू -110

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 1 | | 2 | | |
| 7 | 5 | | 8 | | | | 1 | |
| | | 6 | | 9 | | | | 3 |
| | | | 7 | | 5 | | 8 | |
| 2 | | 8 | | | | 3 | | 7 |
| | 4 | | 3 | | 1 | 6 | | |
| 9 | | | | 7 | | 8 | | |
| | 6 | | | | 2 | | 4 | 1 |
| | | 5 | | 3 | | | | 6 |

### सुडोकू - 109 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 4 | 5 | 6 | 2 | 3 | 7 | 9 |
| 5 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 2 | 1 |
| 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 4 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 7 | 5 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 8 |
| 1 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 सितंबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 21.15 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 21 सितंबर 02.43 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** — आज का दिन विशेष रूप से लाभप्रद रहेगा। अपने रुके हुए प्रोजेक्ट्स को पुनः शुरू कर सकते हैं। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। माताजी की सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

**वृष** — आज व्यक्तिगत जीवन में अनुशासन का पालन करें। शुभचिंतकों से व्यवहार खराब हो सकते हैं। थायराइड के रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। यदि आपको किसी वस्तु या आदत की लत है तो उससे दूरी बनाकर रखें।

**मिथुन** — आज विवादों को संवाद के माध्यम से सुलझाने में सफलता मिलेगी। उच्च शिक्षा में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। विद्यार्थियों को करियर को लेकर चिन्ता दूर होगी। ससुराल पक्ष से धन लाभ हो सकता है। घर में पकवानों का आनंद उठाएंगे।

**कर्क** — आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद मिल सकता है। पुरुष जातकों का महिलाओं के प्रति व्यवहार बहुत अच्छा रहेगा। परिवार के लोग आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रेरणा लेंगे।

**सिंह** — आज वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को हितशत्रुओं से सावधान रहना चाहिए। सुबह कोई शुभ सूचना मिल सकती है। रिश्तेदारों से अपना व्यवहार अच्छा रखें, लेकिन अपनी भावी योजनाओं पर चर्चा करने से बचें।

**कन्या** — आज आपको शांत रहने की आवश्यकता है। संयुक्त परिवार में थोड़ी खिटपिट हो सकती है। बच्चों का व्यवहार कुछ उद्दंड हो सकता है। जीवनसाथी की सलाह को अनसुना न करें। व्यवसाय में अनावश्यक व्यय हो सकता है।

**तुला** — आज अस्त-व्यस्त चीजों को व्यवस्थित करने की कोशिश करेंगे। शत्रुओं पर आप विजय प्राप्त करेंगे। कार्यक्षेत्र की परिस्थितियां आपके अनुकल रहेंगी। गुरुजनों की सलाह आपको काफी काम आएगी। युवा उत्सव के मूड में रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज व्यापार में कुछ नए प्रयोग कर सकते हैं। समाज में आपका दबदबा बढ़ेगा। घर में आप काफी व्यस्त रहेंगे। सुबह सेहत कुछ नरम रहेगी। स्वयं को फिट रखने के लिए अपनी जीवनशैली में योग और सात्विक आहार को अवश्य शामिल करें।

**धनु** — आज ज्यादा सोच-विचार करने से महत्वपूर्ण अवसर निकल सकते हैं। विद्यार्थी उच्च अध्ययन में काफी रुचि लेंगे। बच्चों के करियर को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आपके मन में नए व रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे।

**मकर** — आज लोग आपसे काफी अपेक्षाएं रखेंगे। अपने आसपास के लोगों के साथ संबंध अच्छे रखें। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों से आपको लाभ मिलेगा। आप कुछ चिड़चिड़े से हो सकते हैं। घर से दूर जॉब कर रहे लोगों को छुट्टी लेने में परेशानी सकती है।

**कुंभ** — आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। जीवनसाथी के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। व्यापार में अनुभवी लोगों की सलाह लेना उत्तम होगा। अपने आदर्शों पर अडिग रहें। आय के नए स्रोत विकसित करने में सफलता मिलेगी।

**मीन** — आज किसी जरूरी काम को लेकर अनिर्णय की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। दूसरों की सहायता करने के चक्कर में अपने हितों की अवहेलना न करें। आप मानसिक रूप से थोड़ा परेशान हो सकते हैं। नया कर्ज लेने से आपको बचना चाहिए।

## आज की फिल्में

B4U Movies
दरार — सुबह : 09.00
रंग — शाम : 06.00

&pictures
घूमर — सुबह : 10.50
सजनी शिंदे का वायरल वीडियो — रात : 08.00

Sony Pix
जिओ स्ट्राम — सुबह : 11.03
जॉन विक : चैप्टर 3 — रात : 09.00

Zee Cinema
अंतिम — सुबह : 11.29
सूर्यवंशी — रात : 08.00

Colors Cineplex
प्लेयर्स — सुबह : 10.16
आदमी — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म


जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दांत का डॉक्टर- आपका दांत निकालना पड़ेगा, क्योंकि ये सड़ चुका है।
राजू- हां तो कितने पैसे लगेंगे ?
दांत का डॉक्टर- बस 500 रुपये लगेंगे।
राजू- 50 रुपये ले लो और थोड़ा सा ढीला कर दो, निकाल तो मैं खुद लूंगा।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा, लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

शैले शैले न माणिक्यं, मौक्तिम न गजे गजे।
साधवो नहि सर्वत्र, चंदन न वने वने।।

प्रत्येक पर्वत पर अनमोल रत्न नहीं होते, प्रत्येक हाथी के मस्तक में मोती नहीं होता। सज्जन लोग सब जगह नहीं होते और प्रत्येक वन में चंदन नहीं पाया जाता।

## संपादकीय

# समुद्री सुरक्षा की चुनौतियां

हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता और लाल सागर में संवेदनशील स्थिति के बीच भारत के समुद्री हितों की रक्षा के लिए नौसेना की बढ़ती ताकत भारत की व्यापक समुद्री रणनीति का पूरक बन रही है। भू-राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए, देश के सामरिक परिदृश्य की वजह से नौसेना की भूमिका बढ़ती जा रही है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नौसेना की बढ़ती सामर्थ्य को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में कहा कि भारत को एक समय समुद्री तटों से घिरा देश माना जाता था, लेकिन अब इसे भूमि सीमाओं के साथ एक द्वीपीय देश के रूप में देखा जाता है। उन्होंने आर्थिक, व्यापार, परिवहन और समग्र राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए एक सशक्त नौसैन्य क्षमता की आवश्यकता पर जोर दिया। वास्तव में भारत की समुद्री जागरूकता के विकास को लेकर जो सबक मिलते हैं, वो हमें देश की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लक्ष्य हासिल करने में भारतीय नौसेना की बढ़ती हुई केंद्रीय भूमिका बेहतर ढंग से स्वीकार करने का संकेत देते हैं। हाल के वर्षों में, हिंद महासागर क्षेत्र में क्षेत्रीय और वैश्विक शक्तियों की सैन्य उपस्थिति में वृद्धि देखी गई है। क्षेत्र में तीव्र भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और लगातार विकसित हो रही रणनीतिक स्थिति के साथ-साथ, हिंद-प्रशांत समुद्री क्षेत्र में विदेशी पक्षों की ओर से समुद्री डकैती, सशस्त्र डकैती, प्राकृतिक आपदाएं, जलवायु संबंधी मुद्दों जैसी विभिन्न गैर-पारंपरिक चुनौतियों में वृद्धि हुई है। इस बीच भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने साझेदारों के साथ सहयोगात्मक तरीके से जुड़ रहा है। समुद्री सुरक्षा हिंद महासागर के तटीय देशों के साथ भारत के जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण पहलू है। वर्तमान में विभिन्न औपचारिक और अनौपचारिक संरचनाओं के माध्यम से ऐसा किया जा रहा है। हिंद और प्रशांत महासागर में द्वीपों पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। भारत की गतिशील और कार्रवाई उन्मुख, 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' ने विस्तारित भौगोलिक पहुंच और रणनीतिक सार के साथ विस्तारित पूर्वी पड़ोसियों के साथ भारत के सहयोग को बढ़ावा देने का एक दशक पूरा कर लिया है।

देश की समुद्री सुरक्षा को सशक्त करने के लिए भारतीय नौसेना तथा भारतीय तटरक्षक बल को और अधिक समन्वय की आवश्यकता है। साथ ही नौसेना में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के तरीके तलाशने की जरूरत है। उम्मीद है नौसेना को 'खरीदार' से 'निर्माता' में बदलने का दृष्टिकोण 2047 तक इसे पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने में सहायक साबित होगा। हालांकि पिछले पांच वर्षों के दौरान नौसेना के आधुनिकीकरण बजट का दो-तिहाई से अधिक हिस्सा स्वदेशी खरीद पर खर्च किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू रक्षा इकोसिस्टम का त्वरित विकास संभव हुआ है।

# लेबनान पेजर ब्लास्ट: हम कितने सुरक्षित हैं



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

ये पेजर सन 1980 और 90 के दशक में परस्पर संदेश देने के लिए इस्तेमाल होते थे। फिर मोबाइल फोनों के रूप में बेहतर यंत्र आ जाने के बाद इनका उपयोग बंद हो गया था, लेकिन हिजबुल्लाह ने इनका पुन: प्रयोग करना इसलिए शुरू किया था, क्योंकि उनके मोबाइल फोन को ट्रेस करके इजराइल उन पर मिसाइल दाग दे रहा था।




हम सुरक्षित तो कहीं नहीं हैं। रेल में डर यह है कि कोई पटरी पर रुकावट न रख दे। सड़कों पर दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। हम लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। वहां भी घुसकर लूटमार हो ही जाती है, बिस्तर पर लेटे-लेटे भी हमारे दिमाग की नस फट सकती है या हमें हार्ट अटैक पड़ सकता है और अब तो हमारा पॉकेट कंप्यूटर, हमारा पॉकेट बैंक, हमारा पिक्चर एल्बम, हमारा सब कुछ हमारी जेब में रखा हमारा मोबाइल फोन भी सुरक्षित नहीं है। साइबर सिक्योरिटी ब्रीच के अतिरिक्त यदि कोई इसमें विस्फोटक पदार्थ नहीं भी लगाता है तो इसकी बैटरी फट सकती है और हमारे चेहरे के चिथड़े उड़ सकते हैं।

17 सितंबर को स्थानीय समय के अनुसार दोपहर लगभग 3:30 बजे लेबनान और सीरिया में एक संचार यंत्र पेजर में एक साथ हुए विस्फोटों से 12 लोगों की मृत्यु हो गई और 2750 लोग घायल हो गए। 18 तारीख को फिर हुए विस्फोटों में 9 लोगों की मृत्यु हो गई और 300 घायल हो गए। इन मरने वालों में अधिकांश लोग वहां के राजनीतिक दल और आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के सदस्य थे, कुछ लोग विस्फोटों के आसपास खड़े हुए अन्य लोग भी थे।

ये पेजर सन 1980 और 90 के दशक में परस्पर संदेश देने के लिए इस्तेमाल होते थे। फिर मोबाइल फोनों के रूप में बेहतर यंत्र आ जाने के बाद इनका उपयोग बंद हो गया था, लेकिन हिजबुल्लाह ने इनका पुनः प्रयोग करना इसलिए शुरू किया था, क्योंकि उनके मोबाइल फोन को ट्रेस करके इजराइल उन पर मिसाइल दाग दे रहा था। मोबाइल फोन को ट्रेस करना बहुत आसान होता है, क्योंकि यह अनेक प्रकार के सॉफ्टवेयर और चिप्स पर काम करता है। इसके अतिरिक्त यह इंटरनेट का इस्तेमाल भी करता है। जबकि पेजर को ट्रेस करना बहुत कठिन होता है, क्योंकि यह केवल कुछ रेडियो तरंगों पर कार्य करता है।

न्यूयॉर्क टाइम्स की अपुष्ट रिपोर्ट के अनुसार यह काम इजरायल की गुप्तचर संस्था 'मोसाद' ने इन पेजर्स की सप्लाई लाइन में सेंध लगाकर और उसमें बैटरी के पास में ईपीटएन विस्फोटक फिट करके किया था। यह पेजर बनाने वाली कंपनी ताइवान की थी, लेकिन उसने कहा है कि उसके नाम से यह पेजर यूरोप में बनाए गए थे। हिजबुल्लाह ने उस कंपनी से 5 हजार पेजर्स मंगाए थे। इस तरह से पेजर्स की सप्लाई लाइन में सेंध लगाकर, उसमें विस्फोटक फिटकर देना किसी गुप्तचर संस्था के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। मोसाद ने पहले भी बहुत कठिन कार्यों को अंजाम दिया है और इस बार फिर उसने आतंकवादियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की है। यद्यपि अनेक लोग इस कार्य को गलत भी कह सकते हैं, लेकिन यहां पर मेरा उद्देश्य मोसाद को सही अथवा गलत ठहराना नहीं है। मैं इस कार्य के औचित्य पर नहीं जा रहा हूं। यहां पर मेरा उद्देश्य हमारी स्वयं की सुरक्षा पर विचार करना है। हम लोग अनेक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग करते हैं। इसमें मोबाइल फोन, कंप्यूटर्स, सीसीटीवी, राउटर्स और अन्य अनेक उपकरण आते हैं। स्मार्ट घरों को रिमोट कंट्रोल से संचालित किया जाता है। घर के तमाम उपकरण दूर से ही नियंत्रित किए जा सकते हैं।

इन सब चीजों को हैक करके अपने नियंत्रण में ले आना बहुत आसान कार्य है। कुछ समय पहले हम एक सर्वर में कमी के कारण संसार के तमाम कंप्यूटर्स के निष्क्रिय हो जाने को देख ही चुके हैं। अनेक प्रकार के साइबर फ्रॉड भी सामने आते ही रहते हैं। यहां तक कि हमारे मोबाइल के कैमरे से हमारी गतिविधियों को भी देखा जा सकता है। हमारे घर में लगे सीसीटीवी को कंट्रोल में लेकर हमारे घरों में हमको देखा जा सकता है। हमारे राउटर्स को भी दूर से ही अपने नियंत्रण में लेकर हमारी निजी जिंदगी में सेंध लगाई जा सकती है। इंटरनेट पर आधारित हमारी मोबाइल बैंकिंग भी सुरक्षित नहीं है। हमारे कंप्यूटर और मोबाइल में सुरक्षित हमारी फोटोज और वीडियोज को भी हैकर्स अपने नियंत्रण में ले सकते हैं और हैकर्स के अतिरिक्त एक संभावना यह भी है कि कोई सुपर कंप्यूटर इन सब यंत्रों को अपने नियंत्रण में ले ले और मानव के विरुद्ध प्रयोग में लाए। यह बाद वाली संभावना तो बहुत कम है, मुख्य खतरा तो हमें मानव से ही है।

सत्य तो यह है कि हम जितने अधिक इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर निर्भर होते जाएंगे, उतनी ही हमारी समस्याओं में घिरने की संभावनाएं बढ़ती जाएंगी। अनेक प्रकार के सिक्योरिटी सॉफ्टवेयर और धोखाधड़ी से बचने के तरीके निकाले जाते हैं, लेकिन हैकर्स उनसे एक कदम आगे ही रहते हैं। तू डाल डाल मैं पात पात। साइबर सिक्योरिटी ब्रीच का कोई मामला सामना आने पर जब तक उसका तोड़ निकाला जाता है, तब तक एक नया तरीका सामने आ जाता है। मनुष्य का मस्तिष्क इन अपराध कार्यों में लगा ही रहता है।

हम सुरक्षित तो कहीं नहीं हैं। रेल में डर यह है कि कोई पटरी पर रुकावट न रख दे। सड़कों पर दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। हम लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। वहां भी घुसकर लूटमार हो ही जाती है, बिस्तर पर लेटे-लेटे भी हमारे दिमाग की नस फट सकती है या हमें हार्ट अटैक पड़ सकता है और अब तो हमारा पॉकेट कंप्यूटर, हमारा पॉकेट बैंक, हमारा पिक्चर एल्बम, हमारा सब कुछ हमारी जेब में रखा हमारा मोबाइल फोन भी सुरक्षित नहीं है। साइबर सिक्योरिटी ब्रीच के अतिरिक्त यदि कोई इसमें विस्फोटक पदार्थ नहीं भी लगाता है तो इसकी बैटरी फट सकती है और हमारे चेहरे के चिथड़े उड़ सकते हैं। हम क्या कर सकते हैं इस स्थिति से बचने के लिए?

सच पूछें, तो हम कुछ नहीं कर सकते हैं। हम आधुनिक साधनों का इस्तेमाल तो करेंगे ही, हम पुनः आदिम युग में नहीं जा सकते हैं। ऐसा करने पर खतरे तो होंगे हैं और आदिम युग में ही हम कौन सा सुरक्षित थे। तब तो खतरे अब से कहीं ज्यादा थे। तब आदमी अपनी जान बचाए फिरता था। तब उसे हर बात से डर था- जंगली जानवरों से, वर्षा से, आंधी-तूफान से, बिजली से, शीत से, तथाकथित भूत-प्रेतों से, देवी-देवताओं से, ईश्वर के कोप से और सबसे बढ़कर भूख से। अब तो फिर भी हम पहले से बहुत बेहतर स्थिति में हैं। यद्यपि अब विनाश के भयंकर साधन भी बन चुके हैं फिर भी हम उस समय से बेहतर हैं। क्या कोई उस समय की स्थिति में जाकर रहना चाहेगा? जो लोग कहते हैं कि हर कार्य ईश्वर ही करता है, वह यही कहेंगे कि यह सब युद्ध, बम विस्फोट, हत्याएं, धोखाधड़ी इत्यादि ईश्वर ही करवाता है।

तीर्थयात्रा को जाते हुए लोगों, देव-दर्शन को जाते हुए लोगों को वही मरवाता है। हत्याएं और बलात्कार भी वही करवाता है। यह सब उसकी प्रेरणा और इच्छा से ही होता है और मरने वालों ने पूर्व जन्म में कोई कुकर्म किए होंगे, जिनका उन्हें दंड मिल रहा है या इस जन्म में जो कुकर्म किए जा रहे हैं उनका अगले जन्म में दंड मिलेगा। जिन लोगों की ऐसी सोच हो, वह अपनी सोच के साथ प्रसन्न रह सकते हैं। एक उचित तरीके से सोचने वाला व्यक्ति केवल यह कामना और प्रयास कर सकता है कि मनुष्य की सोच उचित मार्ग पर लगी रहे। मनुष्य और मनुष्य के बीच ये युद्ध समाप्त हों और मनुष्य-मनुष्य के प्राण लेने को उद्यत न हो।

## प्रसंगवश

# जेल और केजरीवाल

दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल गत दिनों लगभग छह मास आबकारी नीति घोटाले के आपराधिक मामले में जेल में रहे। इसके पहले अब तक जब-जब कोई पदासीन मुख्यमंत्री जेल गया था, तो उसने अपने पद से इस्तीफा दिया था, किंतु इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब पदासीन मुख्यमंत्री जेल तो गया, किंतु त्यागपत्र नहीं दिया और बिना काम राजकोष से वेतन भी ग्रहण किया। राज्य कर्मचारियों के लिए नियम है कि यदि वह 48 घंटे कारागार में रह ले तो स्वयमेव निलंबित मान लिया जाता है, किंतु मुख्यमंत्री या मंत्री आदि के लिए ऐसे किसी कानूनी प्रावधान का अभाव है। यह जनता के साथ सरासर धोखा है और लोक धन का खुलमखुल्ला दुरुपयोग। केजरीवाल पदलोलुपता के चलते कुर्सी से चिपके रहे, भले ही उन्हें इस पद का कार्य करने की अदालती रोक थी और केंद्र सरकार व उप राज्यपाल उन्हें पद से बर्खास्त करने से इसलिए कतराते रहे कि उन्हें इससे कहीं जन सहानुभूति न मिल जाए, जिससे वे चुनाव में फायदा उठा लें। दोनों की इन कूट चालों से नुकसान तो जनता का ही होता रहा, जिसकी परवाह किसी को नहीं। अब जब वह जमानत पर छोड़ दिए गए हैं, तब इस्तीफा दिया है, क्योंकि कुछ मास बाद ही दिल्ली में चुनाव होने हैं। सोचा कि त्यागमूर्ति भी बन लें। हालांकि यह जनता की आंखों में धूल झोंकना ही है, क्योंकि सुप्रीमकोर्ट ने जमानत देते समय शर्त लगाई है कि वे मुख्यमंत्री कार्यालय तक नहीं जाएंगे। वे परोक्षतः अदालत के आदेश को चैलेंज करने वाला बयान देते हुए यह भी कह रहे हैं कि वे सीएम की कुर्सी पर तभी बैठेंगे, जब जनता बिठाएगी। अर्थात चुनाव में पार्टी की जीत होने पर वे फिर अपने को नेता चुनवाएंगे और सांविधानिक गतिरोध पैदा करेंगे, क्योंकि आपराधिक केस तो गतिमान है और बेल पर रहते यदि सुप्रीमकोर्ट की शर्त भी प्रचलित रहती है, तब जनता उन्हें सीएम की कुर्सी पर कैसे बिठा पाएगी? फिलहाल चुनाव बाद की स्थिति तो अभी अस्पष्ट है, पर इतना स्पष्ट है कि किसी मुख्यमंत्री/मंत्री के जेल जाने पर उसके पद पर बने रहने/हटने विषयक कोई कानून नहीं है, जिसकी सख्त जरूरत है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# एक देश, एक चुनाव की व्यावहारिक कठिनाई



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

यह क्रम पहली बार उस वक्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी।

केंद्र सरकार की कैबिनेट की ओर से सर्वसम्मति से एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी समिति की रिपोर्ट के आधार पर मोदी सरकार ने वन नेशन-वन इलेक्शन को हरी झंडी दी है। इसके बाद संसद, संविधान संशोधन और राज्यों के सहयोग के साथ सरकार आगे इस दिशा में रास्ता तय करेगी।

भारत में लोकसभा और विधानसभा चुनाव को दोबारा एक साथ कराने का मुद्दा साल 1983 में भी उठा था, लेकिन उस वक्त केंद्र की इंदिरा गांधी सरकार ने इसे कोई महत्व नहीं दिया था। उसके बाद साल 1999 में भारत में 'लॉ कमीशन' ने लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दिया था। उस वक्त केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार चल रही थी। साल 2014 में बीजेपी ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे को अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल किया था। अब केंद्र सरकार ने इसके लिए पहल की है, लेकिन विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हैं।

लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के पीछे कई तरह के तर्क दिए जाते रहे हैं। इससे देश के विकास कार्यों में तेजी आएगी। चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होते ही सरकार कोई नई योजना लागू नहीं कर सकती है। आचार संहिता के दौरान नए प्रोजेक्ट की शुरुआत, नई नौकरी या नई नीतियों की घोषणा भी नहीं की जा सकती है और इससे विकास के काम पर असर पड़ता है। एक चुनाव होने से चुनावों पर होने वाले खर्च भी कम होगा। इससे सरकारी कर्मचारियों को बार-बार चुनावी ड्यूटी से भी छुटकारा मिलेगा। भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आजादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आजादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे।

यह क्रम पहली बार उस वक्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। इस सरकार को उस वक्त की केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 356 के अधीन राष्ट्रपति शासन लगाकर हटा दिया था। केरल में दोबारा साल 1960 में विधानसभा चुनाव कराए गए थे। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। इसके अलावा साल 1972 में होने वाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे।

साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग हो गई थी। इस तरह से साल 1967 के बाद बड़े पैमाने पर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने का सिललिला टूट गया। भारत की मौजूदा केंद्र सरकार इसे दोबारा एक साथ कराना चाहती है।

इसमें समस्या यह है कि अब भारत में कांग्रेस जैसी कोई एक पार्टी नहीं है, जिसकी केंद्र के साथ ही ज्यादातर राज्यों में अपनी सरकार हो। ऐसे में केंद्र और राज्य से बीच सामंजस्य आसान नहीं होगा। दोनों चुनाव साथ कराना संभव है। इसके लिए सरकार को चार काम करना होगा। इसके लिए सबसे पहले संविधान के 5 अनुच्छेदों में संशोधन जरूरी होगा। इसमें विधानसभाओं के कार्यकाल और राष्ट्रपति शासन लगाने के प्रावधानों को बदलना होगा। जन प्रतिनिधित्व कानून और सदन में अविश्वास प्रस्ताव को लाने के नियमों को बदलना होगा। इसके लिए 'अविश्वास प्रस्ताव' की जगह 'रचनात्मक विश्वास प्रस्ताव' की व्यवस्था करनी होगी। यानी अविश्वास प्रस्ताव के साथ यह भी बताना होगा कि किसी सरकार को हटाकर कौन सी नई सरकार बनाई जाए, जिसमें सदन को विश्वास हो, ताकि पुरानी सराकर गिरने के बाद भी नई सरकार के साथ विधानसभा या लोकसभा का कार्यकाल पांच साल तक चल सके।

## सोशल फोरम


# भूतपूर्व एनजीओ

दिल्ली की नव प्रस्तावित मुख्यमंत्री के साथ मैं एक कार्यक्रम में शिरकत कर चुका हूं, लेकिन दूर से। जब से मुझे उनके बारे में पता चला है कि वह भूतपूर्व एनजीओ हैं, तब से अनेक आशंकाएं तथा आश्वस्तियां मेरे दिमाग में तैर रही हैं।

एनजीओ के बारे में मेरे गहन शोध विश्लेषण का सार इस प्रकार है : एनजीओ बिजली के एसी और डीसी करंट की तरह विरोधाभासी होता है, जो कभी करंट मारकर अपने साथ चिपका देता है और फिर झटका मारकर दूर फेंक देता है। एनजीओ अगर पुरुष है तो वह दाढ़ी बढ़ा लेता है और अगर महिला है तो वह पुरुष जैसी ड्रेस पहनता है। बाल कटवाकर पुरुष की तरह दिखने का प्रयास करता है। सिगरेट आदि खुलकर पीता है तथा मीटिंग, ईटिंग और चीटिंग का एक्सपर्ट होता है। वह गोष्ठियों में उंगली उठा कर ललकरता है तथा मंच और लंच का अभ्यासी होता है। वह अंग्रेजी मिश्रित हिंदी का भी अभ्यासी होता है। गांव अथवा स्लम इसकी चरागाह होते हैं, लेकिन स्वयं शहर में कोठी बनाकर रहता है। राजनीति अथवा व्यापार या प्रशासनिक सेवाओं में असफल रहने वाला पढ़ा लिखा जातक एनजीओ बन जाता है तथा पिछले दरवाजे से सत्ता और संपत्ति का सुख भोगता है।

एक एनजीओ को यदि साल में कम से कम एक पुरस्कार न मिले तो वह भारी डिप्रेशन में चला जाता है। तब डॉक्टर उसे कोई फर्जी पुरस्कार दिलाने की सलाह देते हैं, जिससे वह ठीक हो जाता है। एक एनजीओ में पैदल चलने तथा ग्रामीणों तथा स्लम्स के निवासियों के बीच घुलने-मिलने की अपार क्षमता होती है। वह प्रोजेक्ट बनाने में माहिर होता है तथा एक आध दिन की भूख हड़ताल आराम से झेल लेता है। वह बगैर प्रोजेक्ट पास कराए अपने बच्चों की स्कूल ड्रेस भी नहीं सिलवाता तथा अपने घरेलू नौकरों की तनख्वाह भी पर्चे पर साइन करवा के उसे किसी प्रोजेक्ट के पेटे में डाल देता है। एनजीओ सरकार से बजट लेकर ही सरकार के खिलाफ आंदोलन करता है। यह एनजीओ पर मेरे शोध का सारांश है।

-फेसबुक वॉल से



राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार, देहरादून

# पितृपक्ष माने स्मृतियों का महोत्सव



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

समाज का मतलब माता-पिता, भाई-बहन ही नहीं है वे भी समाज का अंग हैं, जो इस दायरे के बाहर हैं। अपने जीवन में ईश्वर की उपस्थिति को कभी भूल नहीं सकता। ईश्वर मुझे विरासत में मिला है, वह ऐसा तत्व नहीं है, जिसकी उपेक्षा की जा सके।

पितृपक्ष माने स्मृतियों का पाक्षिक महोत्सव। श्राद्ध पक्ष में पुरखे याद आते हैं, जिनको याद नहीं आते वे महान हैं। पुरखों को याद करने का एक रूप है श्राद्ध करना, उनके बहाने सगे-संबंधियों और अच्छे गुणीजनों को बढ़िया भोजन कराना। याद करने की यह कला या पद्धति बेहद रोचक और श्रम-साध्य है, जिसने सबसे पहले श्राद्ध किया होगा और पितरों के नाम भोज दिया होगा, वो निश्चित तौर पर बेहद अक्लमंद इंसान होगा। श्राद्ध में पितर की स्मृति प्रमुख है, भोजन गौण है, गऊ ग्रास गौण है। श्राद्ध माने पितरों की स्मृतियों को याद करने, एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी की ओर पितरों के अनुभवों के आदान-प्रदान करना। यह पर्व 15 दिन चलता है।

पुरखों का श्राद्ध करना, श्राद्ध के बहाने ब्रह्मभोज करना, यह सब सनातन धर्म का असर है, लेकिन पुरखों को याद करना उनके गुण-अवगुणों की चर्चा करना यह सब भौतिकवादी प्राचीन परंपरा है। परंपरा ज्ञान से परिवार के इतिहास को जिंदा रख सकते हैं, सनातन धर्म का तो स्मृतियों से बैर है। ठीक वैसे ही जिस ब्रिटिश हुकूमत का स्मृतियों से बैर था, इन दिनों बहुराष्ट्रीय निगमों के सांस्कृतिक नजरिए का स्मृतियों से बैर है। हमारे समाज में सनातन धर्म का असर गहरा है। इसके कारण पितरों की स्मृतियों पर घरों में इस मौके पर संवाद नहीं होता, सिर्फ खाना होता है और पितर विदा कर दिए जाते हैं। समाज को बचाने के लिए पितरों की स्मृतियों को याद रखना जरूरी है, इससे समाज को परंपराविहीन होने से बचाया जा सकता। हमारे राजनेताओं के यहां भी गांधी-आंबेडकर आदि का औपचारिक कर्मकांड से अधिक महत्व नहीं है इसीलिए वे उनके विचारों और स्मृतियों पर जोर नहीं देते, मूर्तिपूजा और सामाजिक-राजनीतिक पाखंड पर जोर देते हैं। सामाजिक और वैचारिक परंपराएं धर्म या कर्मकांड से नहीं बचतीं, बल्कि संबंधित व्यक्ति के विचारों और स्मृतियों पर संवाद से बचती हैं। संसार की प्रकृति का निर्धारण उन सब चीजों, व्यक्तियों और संस्कारों से होता है, जिनको समाज ने सैकड़ों सालों से सजाया-संवारा है।

समाज का मतलब माता-पिता, भाई-बहन ही नहीं है वे भी समाज का अंग हैं, जो इस दायरे के बाहर हैं। अपने जीवन में ईश्वर की उपस्थिति को कभी भूल नहीं सकता। ईश्वर मुझे विरासत में मिला है, वह ऐसा तत्व नहीं है, जिसकी उपेक्षा की जा सके। सवाल यह है जब ईश्वर के बारे में सच बोलते हैं और कहते हैं कि वह है तो हम मान लेते हैं वो है। सवाल यह है सच बोलने के दायरे में हम सिर्फ ईश्वर को ही क्यों रखना चाहते हैं? हम समाज के बाकी पहलुओं के बारे में सच क्यों नहीं बोलते? यदि ईश्वर है, यह सत्य है तो जीवन भी तो सत्य है, समाज, संस्कृति, राजनीति, धर्म, दर्शन आदि को भी सत्य की कसौटी पर रखकर परखने की कोशिश क्यों नहीं करते? ईश्वर के साथ धोखा नहीं करते, लेकिन जीवन में पग-पग पर धोखेबाजी करते हैं, जो लोग ईश्वर को धोखा देते हैं, ईश्वर के साथ पाखंड रचते हैं, ईश्वर को वस्तु बनाकर बेचते हैं, वे ही असल जीवन में धोखाधड़ी करते हैं। ईश्वर माने स्वयं को जानने की कला। ईश्वर माने भगवान नहीं, कोई मूर्ति नहीं। मूर्ति तो बहाना है, असल में ईश्वर के बहाने स्वयं को पाने, अर्जित करने की कोशिश की जानी चाहिए। हमने जीवन में कुछ ऐसा विभाजन किया है कि ईश्वर पर जो चीज लागू होती है, वह जीवन पर लागू नहीं होती। जीवन पर जो लागू होती है वह ईश्वर पर लागू नहीं होती। ईश्वर और जीवन में भेद की दीवार के कारण तमाम किस्म के सामाजिक भेदों को हमने ईश्वरकृत बना दिया। असल में ईश्वर तब तक है जब तक मनुष्य का जीवन है, मनुष्य खत्म तो ईश्वर खत्म! ईश्वर की सत्ता का आधार है मनुष्य की सत्ता, लेकिन पढ़ाया उलटा गया है।


हमें बताया गया कि ईश्वर ही समाज का रचयिता है। सच एकदम उलट है, वह तसल्ली के आदिम उपायों की देन है। पितर असल में हमारे को ईश्वर रचित आख्यान से मुक्त करने में मदद करते हैं। स्मृतियों को जितनी बार व्याख्यायित किया जाएगा उतनी ही तेजी से वे रूढ़ियों और जड़ता से मुक्त होंगी। पितरों की स्मृतियां शाश्वत नहीं होतीं, वे भी परिवर्तनीय हैं। उनका आख्यान कहने वाले की शैली के अनुसार बदलता रहता है। उसमें नए आख्यान का जन्म होता रहता है। मरने के बाद नए आख्यान की सृष्टि करने की कला सिर्फ मनुष्य के पास है और इसी के गर्भ से सभी किस्म के पुरा-आख्यानों का जन्म हुआ। ईश्वर का होना, उसके बारे में संशय का आना, अपने आप में नए विचारों और नए किस्म की सामाजिक-वैचारिक संवेदना को जन्म देता है। इसी तरह जब आप अपने पुरखों को याद करते हैं, उनके आख्यान बनाते हैं, उनके गुण-अवगुणों की चर्चा करते हैं तो नए आख्यान की सृष्टि करते हैं।

# असंगत संवैधानिक परिकल्पना

आतिशी को दूसरे की महत्वाकांक्षा का बंधक क्यों बनाते हो? मुझे राजनीतिक पार्टियों में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं किसी भी पार्टी का सदस्य नहीं हूं, लेकिन देश का एक नागरिक हूं, जिससे अपने देश से बहुत मोहब्बत है और खास तौर से अगली पीढ़ी से, क्योंकि हमारी पीढ़ी का काम तो बहुत कुछ निपट गया है। बचा खुचा देश के प्रधानमंत्री अच्छी तरह निपटा ही रहे हैं। दिल्ली में अभी-अभी एक घटना हुई।

आतिशी मार्लेना को मुख्यमंत्री खास परिस्थितियों के चलते पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने बना दिया। इस बात का हल्ला है और प्रामाणिक है कि उन्हें अगले चुनाव तक जो लगभग चार-पांच महीना बाद हो सकता है, की अवधि के लिए मुख्यमंत्री निर्वाचित नहीं, बल्कि मनोनीत किया गया है। अगले चुनाव में यदि आम आदमी पार्टी जीत जाती है। तब उन्हें हटना पड़ेगा। वह भरत के खड़ाऊं की तरह राम की प्रतीक्षा करने वाली मुख्यमंत्री बताई जाती हैं। मैं समझता हूं यह फूहड़ राजनीतिक परिकल्पना है। एक युवा काबिल सुशिक्षित मुख्यमंत्री को एडवेंचर के साथ काम करते देना भी तो आम आदमी पार्टी का मकसद होना चाहिए। केजरीवाल काफी दिन रह लिए और वैसे भी वह मुख्यमंत्री कहां हैं। अब तो राष्ट्रीय नेता बन रहे हैं। पंजाब जो दिल्ली से बड़ा प्रदेश है, जिसके मुख्यमंत्री को दिल्ली के मुख्यमंत्री से ज्यादा संवैधानिक अधिकार हैं। वह भगवंत सिंह मान केजरीवाल के सामने दोयम दर्जे के नेता हैं। यह तो असंगत संवैधानिक परिकल्पना है। फेडरल स्ट्रक्चर के खिलाफ है। अरविंद केजरीवाल राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं। उन्हें उसका ही विकास करना चाहिए। छोटे मकान में आ जाएंगे। अपनी पुरानी नीले रंग की वैगन आर कार में शायद चलेंगे और बहुत कुछ करेंगे। करतब करने के लिए माहिर खिलाड़ी हैं, लेकिन शुद्ध राजनीति और संविधान के तकाजों के अनुसार आम आदमी पार्टी ने एक साहसिक फैसला किया है। आतिशी को मुख्यमंत्री बनाकर ऐलान करना चाहिए कि उनका बदलाव नहीं होगा। अरविंद केजरीवाल की कोई वसीयत नहीं है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर कि जिसे चाहे उसे दे सकते हैं।

यह संवैधानिक परंपराओं का उन्मूलन और अपमान है। आम आदमी पार्टी वैसे भी राजनीतिक आईडियोलॉजी की पार्टी नहीं है। वह तो केवल व्यवस्था और सहूलियतें देने के नाम पर आगे बढ़ने की बात करती है। यह पार्टी अजीब बात करती है। मानो मुख्यमंत्री की कुर्सी एक पोस्ट डेटेड ब्लैंक चेक है, जिसका नगदीकरण चाहे जब किया जाए। एक राजनीतिक पार्टी होने के नाते यह हिंदुस्तानी लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है कि संभावित काबिल मुख्यमंत्री को चुनाव के बाद जीतने पर इस तरह काम करने दिया जाए। वरना राजनीति का इतना व्यवसायीकरण हो गया है। वह भी तो एक तरह का कारपोरेटीकरण हो गया है नेताओं के अंगूठे के नीचे। युवा उम्र में महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों को संभालना कई नेताओं का अनुभव तो रहा है।



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

# पुलिस मुठभेड़ में 1 शातिर बदमाश हुआ गिरफ्तार

## पुलिस के रोकने पर लुटेरों ने पुलिस पर किया था फायर

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

● बदमाश का दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागा, 75 हजार हुए बरामद

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत बैंक मित्र से बीती नौ सितंबर को हुई लूट में शामिल बदमाशों की तलाश में पुलिस व एसओजी की टीम भोरपहर वाहनों व संदिग्ध लोगों की चेकिंग कर रही थी। तभी ऊगू रेलवे क्रासिंग पर बाइक सवार दो युवकों को पुलिस रोका तो उन्होंने भागने का प्रयास किया। वहीं पुलिस के दौड़ाने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया। वहीं उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पकड़े गए लुटेरे ने अपने साथी के साथ बैंक मित्र से लूट की बात स्वीकार की है।

बीती नौ सितंबर को ग्राहक सेवा केंद्र संचालक छंगनू प्रसाद पुत्र मेवालाल निवासी गांव टिकना से फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के सुक्खू खेड़ा गांव के पास बाइक सवार तीन बदमाश 2.80 लाख रुपये लूटकर भाग गए थे। इसकी जानकारी पर आईजी रेंज लखनऊ प्रशांत कुमार ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए तत्कालीन एसपी को घटना के खुलासे के निर्देश दिए थे। लेकिन इसी दौरान एसपी का तबादला हो गया था। सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया की अगुवाई में पुलिस व एसओजी की टीमें लुटेरों की तलाश में लगी थीं। सर्विलांस से मिले इनपुट के आधार पर एसओजी व पुलिस टीमें गुरुवार भोरपहर सवा चार बजे थानाक्षेत्र की ऊगू रेलवे क्रासिंग के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थीं। तभी सामने से आई बाइक को रुकने का इशारा करने पर चालक ने भागने का प्रयास किया। पुलिस को करीब आता देख पीछे बैठे युवक ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा। वहीं, अंधेरे का फायदा उठाकर उसका साथी मौके से भाग निकला। दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हुए बदमाश की पहचान अश्विनी कुमार पुत्र राजकुमार निवासी गढ़ी बाजार सफीपुर कोतवाली के रूप में हुई। पूछताछ में उसने बैंक मित्र से लूट की बात कबूल की है। उसके पास से तमंचा व कारतूस के साथ लूटे गए रुपयों में 75 हजार नकद भी बरामद हुए हैं। मुठभेड़ की जानकारी पर एसपी दीपक भूकर भी घटना स्थल पर पहुंचे और जांच की। उन्होंने बताया कि भोरपहर क्रॉस फायरिंग में एक बदमाश पकड़ा गया है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके पास से नकदी व तमंचा बरामद हुआ है। अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है।



टूटकर गिरा छत का प्लास्टर। अमृत विचार

# विद्यालय की छत का गिरा प्लास्टर, बड़ा हादसा टला

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

● छुट्टी का दिन न होता तो घायल हो सकते थे कई बच्चे, अभिभावकों ने डीएम से लगाई गुहार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव जोगी कोट स्थित प्राथमिक विद्यालय की जर्जर छत का प्लास्टर अचानक गिर गया। गनीमत रही कि हादसा छुट्टी के दिन हुआ नहीं तो कई मासूम घायल हो जाते। अभिभावकों ने डीएम से समस्या के समाधान की मांग की है।

जोगी कोट निवासी उमाकांत, सरफराज, संजय कुमार व अफसर अली ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय का निर्माण वर्ष-1995 में हुआ था। मानक विहीन निर्माण के चलते विद्यालय भवन जल्द ही जर्जर होने लगा। इस संबंध में अभिभावकों व शिक्षकों ने विभाग के आलाधिकारियों को शिकायती पत्र भी दिये। लेकिन, आलाधिकारियों ने शिकायती पत्र को ठंडे बस्ते में डाल दिया। बीती 17 सितंबर को छुट्टी थी और बारिश हो रही थी। तभी विद्यालय कक्ष की छत का प्लास्टर अचानक उखड़कर गिर गया। जिससे छत में लगा पंखा भी क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही की छुट्टी का दिन था नहीं तो बच्चे घायल हो सकते थे। अभिभावकों ने डीएम से समाधान की मांग की है।

# डिप्थीरिया का मरीज मिलने पर स्कूल पहुंची जांच टीम

**फतेहपुर चौरासी।** संक्रामक रोग डिप्थीरिया के बढ़ रहे संक्रमण को देखते हुए सीएचसी अधीक्षक ने क्षेत्र में चार जगह टीम भेजकर ग्रामीणों व विद्यालयों में छात्रों की जांच कराते हुए दवा वितरित कराई। कंपोजिट विद्यालय में एक छात्रा में डिप्थीरिया के लक्षण मिलने पर उसके जांच में पॉजिटिव निकलने पर सतर्क हुई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र में कई जगह कैंप लगाकर ग्रामीणों की जांच की। वहीं जिस विद्यालय में छात्रा पढ़ती थी वहां के बच्चों की भी जांच की गई। जिसमें एहतियात के तौर बच्चों को दवा भी दी गई। क्षेत्र के गांव गंगा दासपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में कक्षा 7 की छात्रा मधु को मुंह में छाले और बुखार की शिकायत होने पर परिजनों ने सीएचसी में दिखाया था। उसमें डिप्थीरिया के लक्षण होने पर उसे जिला अस्पताल भेजा गया था। सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि उस विद्यालय में अन्य छात्र-छात्राओं की भी जांच कराई गई है। जांच टीम में डॉ. जीनत, स्वीटी, डॉ. देवेंद्र शुक्ला व सुदीप आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### एआरटीओ प्रवर्तन को पाकिस्तान के नंबर से आई कॉल

**उन्नाव।** एआरटीओ प्रवर्तन के फोन पर आई काल रिसीव करते ही उनके होश उड़ गए। पुलिस की वर्दी पहने डीपी लगाए व्यक्ति ने उनसे धमकी भरे लहजे में उनके बेटे के बारे मे पूछा तो वह सहम गए। एआरटीओ ने अपने बेटे को फोन कर उसकी कुशलता जानी तब जाकर उन्होंने राहत की सांस ली। उन्नाव में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन अरविन्द सिंह ने बताया कि उनके पास पाकिस्तान के नंबर से बुधवार करीब तीन बजे एक व्हाट्सएप कॉल आई। जिसमे वर्दी पहने एक व्यक्ति की डीपी भी लगी थी। कॉल रिसीव करते ही कॉलर ने खुद को पुलिस विभाग का अफसर बताया और उनसे पूछा कि क्षितिज कौन है। उन्होंने कहा मेरा बेटा है तो कॉल करने वाला बोला आपका बेटा कहा हैं पता है आपको और आपका बेटा क्या करता है। इतना सुन एआरटीओ ने फोन काट दिया। थोड़ी देर में ही फिर से एआरटीओ के नम्बर पर उसी फोन नम्बर से व्हट्सप कॉल आई। इस बार भी कॉल करने वाले ने यही प्रश्न दोहराये। दो बार काल आने से एआरटीओ ने अपने बेटे को फोन किया। ज़ब बेटे का फोन पहली बार में नहीं उठा तो वह परेशान हो गए। बेटे को मैसेज कर तुरंत फोन करने को कहा। तब उसने फोन कर बताया कि वह कोचिंग में है। हालांकि इस संबंध में अभी उन्होंने पुलिस से कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई है।



सलामी देते पुलिस जवान। अमृत विचार

### सीतापुर में तैनात मुख्य आरक्षी का शव पहुंचा गांव



सुनील रावत।

**हसनगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव आदमपुर बरेठी निवासी सुनील रावत (54) पुत्र राजा राम रावत वर्तमान में सीतापुर के थाना तंबौर में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात थे। जहां ड्यूटी के दौरान बुधवार को उनकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इसके बाद गुरुवार दोपहर बाद उनका शव गांव पहुंचा तो परिजन बेहाल हो गए। शव गांव पहुंचने पर एसडीएम रामदेव निषाद, सीओ संतोष सिंह, प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्र ने फोर्स के साथ पहुंचकर शोक व्यक्त करते हुए सलामी दी। दोपहर बाद पार्थिव शरीर का खेत में अंतिम संस्कार किया गया।

### दही थाना के गेट पर लगा स्कैनर रहा चर्चा का विषय




दही थाने के गेट पर लगा स्कैनर लाल गोले में।

**बिछिया।** दही थाना की नव निर्मित बिल्डिंग के गेट किनारे बने पिलर पर लगे स्कैनर की फोटो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल दी। वायरल फोटो को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। बता दें कि दही थाने की नई बिल्डिंग बन कर तैयार हो चुकी है। जिसमें एक स्कैनर लगा था। जिसकी किसी ने फोटो खींचकर सोशल मीडिया में वायरल कर दी। जो पूरे दिन चर्चा का विषय बनी रही। हालांकि अमृत विचार ऐसी किसी फोटो की पुष्टि नहीं करता है। एसओ दही संजीव कुशवाहा ने कहा कि यह स्कैनर दही औद्योगिक क्षेत्र 1 व 2 की सिविल शिकायत अनुरक्षण व सुझाव हेतु लगाया गया है।

### शहर के प्रमुख मार्गों पर फिर बढ़ा अतिक्रमण

**उन्नाव।** शहर में रेहड़ी संचालकों को खड़े होने के लिए चिन्हित स्थान हैं। उन स्थानों पर निजी वाहनों की पार्किंग हो जाने से रेहड़ी संचालक सड़क किनारे पटरी पर आ गए। दुकानदारों ने बाहर सामान रखकर अतिक्रमण कर रखा है। पिछले दिनों नगर पालिका प्रशासन की ओर से अतिक्रमण कारियों के खिलाफ अभियान चलाया गया।

# गंगा स्नान के दौरान डूबे युवक का मिला शव

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

● डूबने के स्थान से करीब 100 मीटर आगे मिला शव

**अमृत विचार।** भाद्रपद पूर्णिमा पर नानामऊ घाट पर गंगा स्नान को आया युवक अचानक लापता हो गया था। भाई ने उसके डूबने की आशंका जताई तो पुलिस ने गोताखोरों से उसकी तलाश कराई थी लेकिन कोई पता नहीं चला था। गुरुवार सुबह परिजनों ने फिर उसकी तलाश शुरू की तो कुछ दूर उसका शव झाड़ी में फंसा मिला।

हरदोई जिला के कासिमपुर थानाक्षेत्र घुसपाहा गांव निवासी रणवीर सिंह (23) पुत्र रमेश चंद्र बीते बुधवार घर से गंगा स्नान करने को साइकिल से निकला था। मेन रोड से वह आटो रिक्शा में बैठकर बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के नानामऊ घाट पहुंचा। लेकिन वहां से घर नहीं लौटा। भाई सुखबीर उसकी खोज में पहुंचा तो तट पर उसके कपड़े, चप्पल व मोबाइल रखा मिला। रणवीर के डूबने की आशंका जता भाई ने पुलिस को सूचना दी। बुधवार देरशाम तक गोताखोरों ने उसकी तलाश की लेकिन पता नहीं चला। गुरुवार सुबह परिजन गंगा नदी में उसकी तलाश कर रहे थे। तभी करीब 11 बजे डूबने के स्थान से 100 मीटर आगे घास की झाड़ी में सुखवीर को भाई का शव फंसा मिला। जिसे निकालकर उसने पुलिस को सूचना दी।

# बंदर के हमले से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रामापुर निवासी 60 वर्षीय नन्हेलाल छह दिन पूर्व किसी काम से घर छत पर गए थे। तभी अचानक पीछे से आए एक बंदर ने नन्हेलाल को दौड़ा लिया था। बंदर के डर से भागे नन्हेलाल का संतुलन बिगड़ने से छत से नीचे गिरने पर परिजन उसे घायल अवस्था में सीएचसी ले गए थे।

जहां हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया था। जहां इलाज के दौरान नन्हे लाल ने गुरुवार सुबह दम तोड़ दिया। उसकी मौत से पत्नी कुसमा व पुत्र सुनील, अशोक, अमन, अखिलेश व बेटी पूजा का रो-रोकर बुरा हाल है। शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया।

# हाईवे पर खड़ी कार में मिली 35 पेटी शराब

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे इन दिनों शराब तस्करी के लिए मुफीद रास्ता बन चुका है। गुरुवार को भी हुआ जब यूपीडा कर्मियों को एक्सप्रेस-वे पर एक लावारिस कार खड़ी दिखी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। कार में शराब होने पर आबकारी को इसकी जानकारी दी गई।

बता दें कि एक्सप्रेस-वे पर आबकारी व पुलिस की चेकिंग न होने से इस रास्ते से तस्करों को शराब बिहार प्रांत तक पहुंचने में आसानी रहती है। गुरुवार भोरपहर साढ़े 4 बजे एक्सप्रेस-वे के सुरक्षा दल के जवान गस्त पर थे। तभी उन्हें किमी संख्या-287.500 जो क्षेत्र के गांव मुंशी खेड़ा के मजरा शाहपुर गोंडा के पास है वहां एक कार खड़ी दिखी।



कार से बरामद हुईं शराब की बोरियां।

### यूपीडा की सूचना पर पहुंचे थे आबकारी व पुलिस अफसर

यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी आरके सिंह चंदेल ने बताया कि गुरुवार भोरपहर करीब साढ़े 4 बजे किमी संख्या-287 .500 पर एक संदिग्ध गाड़ी खड़ी थी। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई थी। जिसमें से हरियाणा ब्रांड की शराब बरामद हुई है।

### बोले जिम्मेदार

- आबकारी इंस्पेक्टर हसगनंज ज्योति अग्रवाल ने बताया कि आबकारी की टीम के चेकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध कार खड़ी होने की सूचना मिली। मौके पर जाकर देखा तो उसमें शराब की पेटियाँ लदी मिलीं।
- सीओ हसगनंज संतोष सिंह ने बताया कि हरियाणा ब्रांड की शराब की 35 पेटी एक्सप्रेस-वे पर पकड़ी गई है। कार सोनू केजरीवाल निवासी त्रिवेणी गंज थाना गरिहा जिला सुपौल बिहार के नाम दर्ज है। चौकी प्रभारी अनिल साहू की तहरीर पर कार मालिक व चालक पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

यूपीडा कर्मियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें विभिन्न ब्रांड की कुल 35 शराब की पेटियां बरामद हुईं। बरामद शराब की कीमत 2.5 लाख आंकी गई है।

# वीरेंद्र अध्यक्ष व अविनाश बने महामंत्री

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)



बैठक करते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

● शिक्षक संगठन की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** शहर के शिव नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में जूनियर शिक्षक संघ की मासिक बैठक गुरुवार को आयोजित हुई। बैठक में ब्लॉक इकाई पुरवा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें वीरेंद्र कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष, अविनाश पाल को महामंत्री व शैलेंद्र सिंह पटेल को कोषाध्यक्ष बनने पर जिला कार्यकारिणी द्वारा सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

बैठक में शिक्षक संबंधी कई समस्याओं के संबंध में चर्चा हुई। जिसमें चयन पत्रावलियों में अनावश्यक विलंब, सीसीएल में अनावश्यक रुप से रिजेक्ट करना, पूर्व में की गई वेतन कटौती शीघ्र बहाल, एमडीएम कन्वर्जन कास्ट पांच माह से नहीं आया है जिसको शीघ्र ही भिजवाया जाए, संगठन द्वारा ऑफलाइन निरीक्षण पर गहरा रोष व्यक्त किया गया, चयन वेतनमान की पत्रावली ब्लॉक से लेकर जिले तक लंबित, दिव्यांग भत्ते में विसंगति सहित अन्य समस्याओ पर चर्चा हुई। बैठक में प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कनौजिया, जिलाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्रा, जिला महामंत्री अवनीश पाल, जिला कोषाध्यक्ष दीपक पटेल, दिलीप अवस्थी, देवेंद्र यादव उपाध्यक्ष, विनीत बाजपेयी जिला मीडिया प्रभारी, अमित शर्मा, ब्लॉक मंत्री नवाबगंज, अनिल वर्मा, जितेंद्र सोनकर, प्रभात पांडेय, अजय त्रिपाठी, राकेश बघेल, वीरेन्द्र कुमार अध्यक्ष पुरवा, शैलेंद्र सिंह पटेल, अविनाश पाल, शरद कुशवाहा, मुकुंद कुमार, वैष्णव कनौजिया आदि मौजूद रहे।

# ससुराल से लौटे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● ससुरालियों से विवाद होने और सुसाइड नोट मिलने की रही चर्चा

**अमृत विचार।** पत्नी व बच्चों के साथ ससुराल गए युवक ने वहां से अकेले लौटने के बाद फांसी लगा जान दे दी। सुबह सफाई के लिए कमरे में गई बहन उसे पंखे के हुक से लटका देखा तो जानकारी हुई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला एबी नगर गायत्री मंदिर निवासी अनुराग (34) पुत्र राजेंद्र शर्मा मिर्जा फैक्ट्री की यूनिट-2 के स्टोर में काम करता था। गुरुवार सुबह उसकी बहन प्रीती कमरे में सफाई करने के लिए पर्दा हटाया तो वहां का दृश्य देख उसकी चीख निकल गई। इस पर परिजन कमरे की और दौड़े जहां अनुराग का शव पंखे के हुक पर दुपट्टे के फंदे से लटका उनके भी होश उड़ गए। पुलिस ने जांच कर शव नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिता ने बताया कि बेटे की शादी पांच साल पहले गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रचना से हुई थी। मंगलवार को वह पत्नी व बच्चों के साथ ससुराल गया था। बुधवार को वहां से सीधे ड्यूटी पर चला गया था। शाम को घर लौटकर खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिलने की चर्चा है। जिसमें उसने ससुरालीजनों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। परिजनों ने आरोप नहीं लगाया।

# सफीपुर स्वास्थ्य केंद्र में नहीं मिला स्ट्रेचर

संवाददाता सफीपुर उन्नाव




कॉलेज की बेहोश छात्रा को उठाकर ले जाते कॉलेज के कर्मचारी। अमृत विचार

● बेहोश छात्रा को सीएचसी में स्ट्रेचर की व्यवस्था नहीं करा पाए जिम्मेदार

**अमृत विचार।** सीएचसी सफीपुर में फैली अव्यवस्थाओं की पोल उस समय खुल गई ज़ब एक छात्रा बेहोशी की हालत में स्वास्थ्य केंद्र लाई गई। इस दौरान सीएचसी में अव्यवस्थाओं के चलते उसे गोद में लेकर अस्पताल में भर्ती करना पड़ा।

सफीपुर स्थित जीजीआईसी में एक छात्रा गस खाकर गिर पड़ी। विद्यालय की प्रधानाध्यापक व स्टाफ द्वारा छात्रा को सीएचसी सफीपुर लाया गया। अस्पताल पहुंचने पर वहां स्ट्रेचर न मिलने से सीएचसी से इमरजेंसी वार्ड तक मरीज को ले जाने में करीब 50 मीटर तक उसे कंधे में उठाकर ले जाना पड़ा। विद्यालय की प्रधानाचार्य रचना निगम ने बताया कि छात्रा स्कूल में बेहोश होकर गिर गई थी। जिसे वे अपनी गाड़ी से सीएचसी लाई थीं। तथा प्राथमिक उपचार होने के बाद होश आने पर व उसकी तबीयत ठीक होने पर उनके अभिवावक को बुलाकर छात्रा को सकुशल उनके घर पहुंचाया गया।

इस संबंध में चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश वर्मा ने बताया कि प्राचार्य द्वारा कोई सूचना नहीं दी गई ,जबकि चिकित्सालय में स्टेचर से लेकर ऐसे मरीजों के लिए एंबुलेंस की भी व्यवस्था है।

**खेल के मैदान से** — 2 दिवसीय जोन स्तरीय प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

संवाददाता सफीपुर उन्नाव



प्रतियोगिता में भाग गोला फेंकता प्रतिभागी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के खेल मैदान में चल रही 2 दिवसीय जोन स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने अपना दमखम दिखाया।

प्रतियोगिता के पहले दिन कॉलेज के प्रधानाचार्य मनीष कुमार, प्रतियोगिता के सह जोन इंचार्ज खेल शिक्षक कुलदीप पटेल, एनसीसी कैप्टन व खेलकूद प्रतियोगिता प्रभारी सुभाष चंद्र, स्काउट प्रभारी सुरेंद्र पाल, निर्णायक अरविंद कुमार, मो. मारूफ व आशीष श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता शुरू कराई। प्रतियोगिता की शुरुआत सीनियर बालक के गोला फेंक के साथ हुई। जिसमें सुभाष इंटर कॉलेज बांगरमऊ के दीपक यादव प्रथम, अनुपम सैनी द्वितीय व उन्नाव पब्लिक कॉलेज तकिया के सौर्य कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका में सीपीटीएन उगू की कृतिका द्विवेदी प्रथम, कामिनी द्वितीय व अनामिका यादव तृतीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद में महात्मा गांधी इंटर कॉलेज सफीपुर के साहिल प्रथम, शिवम द्वितीय व बांगरमऊ के अनुपम सैनी तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद में वैष्णवी प्रथम, द्वितीय नीलम व तृतीय रेशमा रहीं। इसी प्रकार सीनियर बालिका की ऊंची कूद में अंजनी सोनवानी प्रथम, प्रेसमन द्वितीय व पिंकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**जोन स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रहा विशेष सहयोग :** प्रधानाचार्य मनीष कुमार व प्रतियोगिता के सह जोन इंचार्ज खेल शिक्षक कुलदीप कुमार, एनसीसी कैप्टन सुभाष चंद्र, स्काउट प्रभारी सुरेंद्र पाल, जय सिंह, प्रकाश चंद्र, राकेश, देशराज, ज्ञान प्रकाश, राम प्रताप, वंदना शुक्ला, असफाक, अनिल सरोज व कस्तूरबा के सुरेंद्र राजवंशी आदि का विशेष सहयोग रहा।

### दोपहर बाद पहुंची डॉक्टरों की टीम

एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लगने वाले आकस्मिक मेडिकल व्यवस्था के लिए सीएचसी सफीपुर की टीम दोपहर बाद नाम करने को पहुंची। जहां स्टॉफ में आप्टोमैटिस्ट ललित कुमार, अंशु फार्मसिस्ट व हर्षित कुमार मौजूद रहे।

### अलग-अलग समिति बनाकर दिए दायित्व

प्रधानचार्य मनीष कुमार व सह जोन इंचार्ज कुलदीप पटेल ने अलग-अलग समितियां बनाकर शिक्षकों का सहयोग लिया। अनुशासन समिति में ज्ञान प्रकाश, असफाक अली, सुभाष चंद्र, साहे जमन, अनुज कुमार, लेखा विभाग प्रकाश चंद, नूर हसन, राम प्रताप, राकेश, तीर्थराज सरोज स्वल्पाहार समिति, रेडियो व्यवस्था, निर्णायक मंडल, लेखा विभाग, प्रमाणपत्र लेखन, पुरस्कार समिति आदि समिति बनाकर सहयोग किया।

# फसलों को रोग से बचाने के बताये उपाय

**उन्नाव।** सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने किसानो को जानकारी देते हुए कहा कि खरीफ में उगाई जाने वाली खाद्यान्न फसलों में धान, मक्का की फसल का प्रमुख स्थान है। जिसमें कीट व रोगों के प्रकोप के फलस्वरूप उत्पादन प्रभावित होता है। जिसमें लगने वाले प्रमुख कीट की रोकथाम के उपाय यह है कि किसान धान की फसल में कीट व रोग नियंत्रण-धान की फसल में दीमक एवं जड़ की सूड़ी का प्रकोप होने पर पौधा सूखने लगता है।

उन्होंने बताया कि इसकी रोकथाम के लिये क्लोरोपायरीफास 20 प्रतिशत ईसी की 25 से 30 लीटर मात्रा प्रति हेक्टेयर सिंचाई के पानी के साथ प्रयोग करना चाहिये। धान की फसल में भूरा फुदका से बचाव के लिये खेत से पानी निकाल देना चाहिये। नीम आयल (एजाडिरेक्टिन) 15 प्रतिशत ईसी की 25 लीटर मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करना चाहिये।

# हादसा : दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

संवाददाता औरास उन्नाव

**अमृत विचार।** बहन को छोड़कर लौटते समय हुई बाइकों की टक्कर में एक युवक गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर उसे औरास सीएचसी लाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। वहां से लखनऊ ले जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई।



भीम उर्फ गिन्नी।

औरास थानाक्षेत्र के बयारी गांव के मजरा झनझना निवासी भीम उर्फ गिन्नी (28) पुत्र राजेंद्र यादव बुधवार सुबह हरदोई जिला के बेहदर थानांतर्गत गोहिलरा गांव अपनी बहन को उसकी ससुराल छोड़ने गया था। जहां से शाम को लौटते समय औरास-मोहान मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के पास उसकी बाइक सामने से आई दूसरी बाइक से टकरा गई। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। उसे औरास सीएचसी लाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो उसे लखनऊ रेफर किया गया। उसे ले जाते समय रास्ते में उसकी सांसे थम गईं।

### एंबुलेंस कर्मियों की लापरवाही आई सामने

घायल युवक को सीएचसी औरास से शाम करीब सवा 7 बजे रेफर किया गया था। जिसे लेकर एम्बुलेंस कर्मी गए भी लेकिन, कुछ देर बाद रास्ते से ही सीएचसी लौट आए थे। कारण पूछने पर बताया कि कोई अटेंडर साथ नहीं था। इसलिए लौट आए। जिसकी शिकायत सीएमओ डा. सत्य प्रकाश से की गई। इसके बाद करीब सवा 8 बजे उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। लोगों का कहना था कि अगर घायल को पहले ही जिला अस्पताल ले जाया जाता तो शायद उसकी जान बच जाती।

## एक नजर

### करंट की चपेट में आने से नीचे गिरा युवक, पैर टूटा

**औरास।** कस्बा के मोहल्ला श्याम नगर निवासी अजय (25) पुत्र दरबारी लाल शर्मा कस्बे में ही आनंद गौतम के घर की दूसरी मंजिल पर सीढ़ी पर चढ़कर ड्रिल मशीन से खिड़की का पेंच कस रहा था। तभी अचानक ड्रिल मशीन में करंट उतर आया। करंट की चपेट में आने से वह नीचे गिर गया। इसमें उसका पैर टूट गया।

### सई नदी में उतराता मिला नवजात बच्ची का शव

**हसनगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मौलवी खेड़ा के पास सई नदी पुल के पास एक नवजात शिशु का शव पानी में उतराता दिखा। नवजात का शव देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को गोताखोर बुलवाकर निकलवाया। इंस्पेक्टर चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि शव बच्ची का है। जांच के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### नेत्र शिविर में 75 मरीजों का हुआ परीक्षण

**औरास।** कस्बा औरास स्थित माता भुईयां देवी मंदिर प्रांगण में इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय कैसरबाग लखनऊ व समाजसेवी रामचंद्र दिनकर एडवोकेट हाईकोर्ट की अगुवाई में विशाल नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर नेत्र चिकित्सक डॉ. अजय सिंह व कैंप इंचार्ज सतीश मिश्रा की देखरेख में हुआ। इसमें 75 मरीज देखे गए। जिनमें 45 को चश्मा लगाने के लिए चिह्नित किया गया। वहीं 30 को ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया। चिह्नित मरीजों को इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय कैसरबाग लखनऊ ले जाया गया। कैंप इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय व समाजसेवी के प्रयास से आयोजित हुआ।

# गंगा खतरे के करीब, लोगों का पलायन शुरू

## खतरे के निशान से 7 सेमी दूर है गंगा का जलस्तर ,रिहायशी इलाकों के सैकड़ों मकान हुए जलमग्न, लोगों में दहशत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पश्चिम के बांध से लगातार छोड़े जा रहे पानी के कारण गंगा का जलस्तर खतरे के निशान की ओर बढ़ता जा रहा है। जिसके कारण बाढ़ का पानी अब रिहायशी मोहल्लों और कटरी पीपर खेड़ा के कई गांवों में भी घुसना शुरू हो गया है। लगातार बढ़ रहे जलस्तर के चलते बाढ़ प्रभावित इलाकों में हालात और भी खराब हो गये हैं। गंगा किनारे बसे मोहल्लों में बाढ़ का पानी भर जाने के कारण लोगों का आवागमन भी प्रभावित हो गया है। साथ ही उनकी रोज मर्रा की जरूरतें भी पूरी न होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निचले इलाकों के गृहस्थी का सामान बटोर कर पलायन करने लगे हैं।

केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार बुधवार शाम छह बजे गंगा का जलस्तर 112.710 मीटर दर्ज किया गया था। जिसके बाद गुरुवार को जलस्तर तेजी से बढ़ा और सुबह छह बजे जलस्तर 112.820 मीटर दर्ज किया गया। जिसके बाद दोपहर तीन बजे 112.900 मीटर और शाम छह बजे 112.930 मीटर मापा गया। जो खतरे के निशान से महज 7 सेंटीमीटर दूर है। तेजी से बढ़ रहे जलस्तर के कारण पश्चिम क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के आस पास कई गांवों में पानी प्रवेश कर गया है। जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। जिसके चलते बाढ़ प्रभावित इलाकों में रहने वालों की परेशानी बढ़ना भी शुरू हो गई हैं। वहीं प्रशासन भी गंगा के बढ़े जलस्तर के कारण खासा परेशान है। लेखपाल अशोक सैनी ने बताया कि बढ़ते जलस्तर पर निगाह बराबर रखी जा रही है। बाढ़ केन्द्र खुल गए हैं राजस्व कर्मियों को तैनात कर दिया गया है। वहीं केन्द्रीय जल आयोग की माने तो शुक्रवार सुबह तक गंगा का जलस्तर खतरे का निशान पार कर सकता है। क्योंकि पश्चिम के बांधों से बराबर पानी छोड़ा जा रहा है।



नाव से गृहस्थी का सामान लेकर जाता परिवार। अमृत विचार

- कटरी के सैकड़ों लोगों ने हाईवे के किनारे डाला डेरा
- शुक्लागंज में बने चार बाढ़ राहत केन्द्र, अभी कोई नहीं पहुंचा

### बाढ़ से प्रभावित हैं यह क्षेत्र

- बाढ़ का पानी अखलॉक नगर, झब्बूपुरवा, गुर्री पुरवा, सोलह बीघा, चंपापुरवा, गोताखोर, तेजीपुरवा, सैय्यद कम्पाउंड, शाही नगर, हुसैन नगर, कर्बला, रविदास नगर, श्री नगर, मालवीय नगर, अहमद नगर, गंगा नगर, शक्ति नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पानी पहुंच गया है।

### झब्बूपुरवा गांव के पास लगभग 500 घर पानी से घिरे

- कटरी पीपर खेड़ा के लोगों ने बताया कि वह सोलह बीघा, झब्बूपुरवा गांव के पास बसे लगभग पांच सौ घर पानी से घिर गये हैं। प्रशासन की ओर से कोई नाव की भी व्यवस्था नहीं की गई। किराये की नाव से सामान निकाल कर हाइवे के किनारे तंबू डालकर रहने को मजबूर हैं। जिससे उनकी जान का खतरा बना हुआ है।

### चंपापुरवा से शुरू हुआ पलायन

- चंपापुरवा के हुसैन नगर, सैय्यद कम्पाउंड मोहल्ले के कई घरों में पानी भरने से शनिवार सुबह गृहस्थी का सामान ई रिक्शे में लाद कर परिवार पलायन करना शुरू कर दिया है। वहीं अधिकांश लोगों ने छतों पर डेरा डालकर रखा है।

### हरिहरपुर मार्ग के ऊपर से बह रहा पानी

- हरिहरपुर मार्ग मार्ग के ऊपर से गंगा का पानी बत रहा है। जिससे नेतुआ, गगनी खेड़ा व आस पास गांव के आने जाने वाले लोगों को संपर्क टूट रहा है। अधिकांश लोग जान जोखिम में डालकर निकल रहे हैं।



गंगेश्वर मंदिर के पास कटान के चलते गिरकर बहता पीपल का पेड़। अमृत विचार

## शक्ति नगर में गंगा कटान तेज एसडीएम ने लिया जायजा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- कटान की जद में आने से विशालकाय पीपल का पेड़ा बहा
- सिंचाई विभाग और पालिका को दिये जरूरी दिशा-निर्देश

**अमृत विचार।** गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच चुका है, जिससे शक्ति नगर मोहल्ले में कटान तेज हो गई हैं। स्थानीय गंगेश्वर मंदिर के पास एक पीपल का पेड़ बहने से मंदिर को खतरा बढ़ गया है। क्षेत्रीय सभासद और पालिका की सूचना पर एसडीएम क्षितिज द्विवेदी, तहसीलदार अविनाश चौधरी, नायब तहसीलदार स्नेहा यादव, लेखपाल अशोक सैनी और सिंचाई विभाग के एक्सईएन शैलेश ने मौके का दौरा किया।

गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण पिछले कुछ दिनों से शक्ति नगर के सामने रुक-रुक कर कटान हो रही थी, लेकिन गुरुवार सुबह अचानक कटान की गति बढ़ गई। एक विशालकाय पीपल का पेड़ बहने के बाद, स्थानीय निवासियों में डर और चिंता का माहौल बन गया है। एसडीएम ने कटान प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए सिंचाई विभाग और पालिका को निर्देश दिए ।

एसडीएम ने कटान की जद में आने वाले मकानों में रह रहे लोगों को भी सावधानी बरतने और आवश्यकतानुसार अपने घर खाली करने की सलाह दी है। कटान की आशंका को देखते हुए इंद्रा नगर, प्रेम नगर व रविदास नगर में भी निगरानी रखने की जरूरत है। वहीं कटान की जद में कई मकान भी आ गये हैं। जिससे वहां रहने वाले लोगों को अपने आशियाने उजड़ने का डर सता रहा है।

## निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी

**बांगरमऊ।** गुरुवार को उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह ने राजस्व कर्मियों की टीम के साथ बिल्हौर मार्ग और जगत नगर-सहेजनी मार्ग से होकर बाढ़ क्षेत्र का दौरा किया। फिर भी बाढ़ प्रभावित इलाकों के ग्रामीणों को राहत पहुंचाने के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है। किंतु आज गुरुवार को पशु चिकित्साधिकारी डॉ अशोक चंद्रा ने पशु पालन विभाग की टीम के साथ बाढ़ से घिरे गांवों में पशुओं का टीकाकरण अभियान चलाया। वहीं, क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट पर स्थित शव दाह स्थल का टिन शेड व सुलभ शौचालय तथा गंगा आरती चबूतरा बाढ़ के पानी से डूब गया है।

## परियर में छतों पर रात गुजार रहे हैं लोग

**परियर।** गंगा नदी का जल स्तर कई दिनों से लगातार बढ़ रहा है। जिससे अब पानी क्षेत्र के एक दर्जन गांवों के घरों के पास पहुंच गया है। जिससे गावों के लोगों मे बाढ़ का खतरा बन गया है। सदर तहसील के परियर क्षेत्र में गंगा का जल स्तर बढ़ने से अब पानी माना बंगला, देवि पुरवा, बंदन पुरवा, लाल्टू पुरवा, बाबू बंगला, टपरा, महानंद पुरवा, बेनिपुरवा, कोलवा, अतरी, पनपथा सहित एक दर्जन गावों के घरों के पास पहुंच गया है। जिससे लोग छतों पर रात गुजारने को मजबूर हो रहे हैं। क्षेत्रीय राजस्व उप निरीक्षक दीपचंद, प्रदीप कमल ने बताया कि बाबू बंगला व पनपथा गांव जाने के रास्ते में पानी भर जाने से आवागमन के लिए चार नाव लगा दी है।



घर के अंदर तक जाता बाढ़ का पानी। अमृत विचार

# चारों ओर से पानी से घिरे दर्जनों गांव

- भुड्डा गांव में घरों के अंदर तक पहुंचा बाढ़ का पानी

**बांगरमऊ।** क्षेत्र में गंगा नदी का जलस्तर भीषण उफान पर है। बाढ़ के पानी की धारा कई जगहों पर जगत नगर-सहेजनी मार्ग के ऊपर से गुजर रही है। कटरी क्षेत्र की सैकड़ों हेक्टेयर जमीन में खड़ी खरीफ़ और सब्जियों की फसलें बाढ़ के पानी में डूबकर बर्बाद हो गई हैं। दोआबा क्षेत्र में बसे करीब एक दर्जन गांव टापू में तब्दील हो गए हैं। करीब दो दर्जन गांवों के संपर्क मार्गो पर सैलाब का पानी भर जाने से ग्रामीण घरों में कैद होने को मजबूर हैं।

क्षेत्र के जगत नगर-सहेजनी मार्ग पर आबाद ग्राम खैरुद्दीन पुर में गंगा बाढ़ के पानी ने विकराल रूप धारण कर लिया है। पानी गांव के सतगुरु कुशवाहा, गंगाराम यादव, राम खेलावन, श्रीराम यादव, रामसिंह, श्रवण कुमार, विनोद, पप्पू, रामानंदी व रुकुम सहित करीब दो दर्जन घरों के अंदर घुस चुका है और ग्रामीण अपने घरों के अंदर कैद हैं। इसी प्रकार ग्राम अचल पुरवा के मार्ग के ऊपर से बाढ़ के पानी की तेज धारा गुजर रही है। इसके अलावा ग्राम फरीदपुर कट्टर मार्ग, लोकइया पुरवा-अहिरन पुरवा, चौगावां व परशुराम पुर मार्गों पर भी गंगा के पानी की तेज धाराएं बहने लगी हैं और बाढ़ का पानी जामड़, कमलापुर, बेरिया गाड़ा, माढ़ापुर व जिरिकपुर सहित करीब दो दर्जन गांवों की ओर बढ़ रहा है। इधर गंगा बाढ़ के पानी से क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग पर स्थित ग्राम भुड्डा घिर चुका है और पानी दर्जनों घरों में दाखिल हो चुका है। अब भुड्डा से बाढ़ का पानी पड़ोसी गांव मेलाराम कुंवर , दरियापुर व दारापुर की तरफ तेजी से बहने लगा है।

गंगा नदी की दो धाराओं के बीच स्थित मल्लाहों पुरवा, कुशाल पुरवा, नया पुरवा, हरीगंज व धन्ना पुरवा सहित एक दर्जन गांव भीषण बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। आश्चर्यजनक तो यह है कि इतनी भयावह गंगा बाढ़ के बावजूद तहसील प्रशासन द्वारा अभी तक एक भी बाढ़ राहत चौकी स्थापित नहीं की जा सकी है।

# विधायक व डीएम ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राशन सामग्री

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव।

**अमृत विचार।** बाढ़ की चपेट में आए सैकड़ों परिवारों के लिए राहत का हाथ बढ़ाते हुए विधायक पंकज गुप्ता और जिलाधिकारी गौरांग राठी ने गुरुवार देर शाम ओपीजेडी बाढ़ राहत केन्द्र में 150 पीड़ित परिवारों को राशन किट वितरित की। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय लेखपाल अशोक सैनी ने व्यवस्थाओं का संचालन किया।

गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु के पास पहुंच रहा है। जिस कारण चंपापुरवा और गोताखोर के निचले इलाकों में रहने वाले लोग जुलाई माह से बाढ़ का दंश झेल रहे हैं। जिससे अनेक परिवार प्रभावित हुए हैं। राहत वितरण के दौरान विधायक और जिलाधिकारी ने 150 चिन्हित परिवारों को राशन किट उपलब्ध कराई, जिसमें प्रत्येक परिवार को 10 किलो आटा, 5 किलो चावल, 2 किलो दाल, 2 किलो चना, 200 ग्राम हल्दी, नमक और सब्जी मसाला प्रदान किया गया। इस अवसर पर एसपी दीपक भूकर, एसडीएम क्षितिज द्विवेदी, तहसीलदार अविनाश कुमार और नायब तहसीलदार स्नेहा यादव भी उपस्थित थे।

राहत किट वितरण के बाद, डीएम और एसपी ने नाव के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया, जिसमें मिश्रा कॉलोनी, सैय्यद कम्पाउंड और गोताखोर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र शामिल थे। विधायक पंकज गुप्ता ने कहा, हम पूरी कोशिश कर रहे हैं कि पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द मदद मिले। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने भी आश्वासन दिया कि प्रशासन हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर है।



बाढ़ राहत केन्द्र में राशन किट बांटते विधायक और जिलाधिकारी।

# आफत : पोल लगाने के दौरान 50 मोहल्लों की घंटों गुल रही बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बिजली विभाग की ओर से गुरुवार को पोनी रोड पर नये पोल लगाने का काम शुरू कराया गया। जिस कारण सुबह से शाम तक दर्जनों मोहल्लों की बिजली गुल रही। वहीं बाढ़ को देखते हुये कई मोहल्लों की विभाग ने बिजली काटी है।

गुरुवार को शुक्लागंज में बिजली विभाग द्वारा पोनी रोड पर अवस्थी फार्म हाउस के पास विद्युत पोल लगाने के कार्य के चलते आधा दर्जन मोहल्लों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। दिन करीब 11 बजे कार्यदायी संस्था ने सरोजा लॉन के पास एचटी लाइन का फ्यूज खोल दिया, जिसके बाद अवस्थी फार्म, केके पुरम, माली कुआं, राधेनगर, सरजू नगर और सरकारी स्कूल श्रीनगर मोहल्लों की बिजली सप्लाई बंद हो गई। इस दौरान, क्षेत्र के 63 केवीए के दो और 100 केवीए के तीन ट्रांसफार्मरों की बिजली आपूर्ति शाम 6 बजे तक बंद रही, जिससे सैकड़ों उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। उपभोक्ता लंबे समय तक बिजली न आने के कारण गर्मी और अन्य परेशानियों से जूझते रहे। विभाग की ओर से बताया गया कि बाढ़ के खतरे को देखते हुए श्रीनगर समेत कई अन्य पश्चिमी मोहल्लों में भी बिजली की आपूर्ति काटी गई है।

### विद्युत शिकायतों के निस्तारण के लिए आज लगेगा कैंप

**शुक्लागंज उन्नाव ।** सरैयां के 33/11 केवी उपकेंद्र, शुक्लागंज में विद्युत से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए शुक्रवार को एक विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। जिसमें उपभोक्ता बिल संबंधी, मीटर संबंधी या अन्य विद्युत समस्याएँ हैं, वह अधिकारियों के समझ अपनी समस्याएं रख सकते हैं। उपकेंद्र पर आयोजित इस कैंप में विभाग के कर्मचारी आपकी शिकायतों को सुनेंगे और त्वरित निस्तारण का प्रयास करेंगे। उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि पर उपकेंद्र पर उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं। उपखंड अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि जिलाधिकारी और एक्सईएन के निर्देश पर यह विशेष कैंप लगाया जा रहा है।

## डयूटी के लिये निकला युवक 1 माह से लापता

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी निवासी एक युवक करीब एक माह पहले घर से ड्यूटी जाने की बात कहकर निकला था। जिसके बाद से वह लापता हो गया। पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है।

सहजनी निवासी कोमल ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि 23 अगस्त की सुबह उनके पति विपिन ड्यूटी जाने के लिये घर से निकले थे, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटे। उनकी काफी खोजबीन की गई लेकिन कहीं कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की खोजबीन शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### श्रीकृष्ण लीला में नारद मोह का हुआ मंचन

**शुक्लागंज उन्नाव ।** शंकरपुर के सन्नी गांव में 18वें श्री कृष्ण लीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जहां गुरुवार को नारद मोह की लीला का पात्रों ने मंचन किया। सजीव मंचन देख मौजूद दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये । गुरुवार को श्री गोविंद गोपाला लीला संस्थान के पात्रों ने नारद मोह का मंचन किया। जहां नारद जी भ्रमण करते हुए एक स्थान पर पहुंचते हैं और ध्यान लाकर तपस्या में लीन हो जाते हैं। उनकी तपस्या से इंद्र का सिंहासन हिल उठता है, जिससे वह भयभीत होकर कामदेव तथा अप्सराओं को नारद मुनि की तपस्या भंग करने भेजते हैं। लेकिन कामदेव तथा अन्य अप्सराएं उनकी तपस्या को भंग नहीं कर पाते और काम देव त्राहिमाम कहते हुए नारद मुनि के चरणों में गिर पड़ते हैं। नारद मुनि को लगता है कि उन्होंने बड़ा काम किया है। इससे उन्हें अभिमान आ जाता है। सभी लोग भगवान विष्णु से सहायता मांगते हैं तथा विष्णु, नारद मुनि के अभिमान को तोड़ने के लिए लीला रचते हैं। इस मौके पर रामबालक यादव, धर्मेन्द्र कुमार प्रजापति, राधेलाल वर्मा, अजय कुशवाहा, शिवगोपाल वर्मा, प्यारेलाल वर्मा, छेदी लाल, पप्पू मिश्रा, शिव तिवारी, छोटे बाजपेई, कालिका प्रसाद, सुभाष लोधी, प्रधान अभिलाषा लोधी, देवी शंकर प्रजापति मौजूद रहे।



छात्रों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य रमेश तिवारी। अमृत विचार

### खेलकूद में गंगा नगर के बच्चों ने दिखाया दमखम

**शुक्लागंज उन्नाव।** 35वीं प्रान्तीय खेलकूद प्रतियोगिता अंबेडकर नगर, टांडा में आयोजित हुई, जिसमें गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के बच्चों ने एथलेटिक्स की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कुल 3 स्वर्ण, 4 रजत और 6 कांस्य पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में अमित ने अंडर-19 वर्ग की 100 मीटर, 200 मीटर और लंबीकूद प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश तिवारी ने विजेता खिलाड़ियों को पदक, प्रमाणपत्र और व्यक्तिगत चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस सफलता ने विद्यालय को प्रेरित किया है।

### 17 ग्राम पंचायत को आदर्श गांव बनाने की पहल शुरू

**उन्नाव।** जिले की ग्राम पंचायतों का कायाकल्प किया जायेगा। जो आदर्श गांव बनाई जाने का कार्य शुरू क़र दिया गया है। जिसके बाद विकास खंड की नवाबगंज की ग्राम पंचायत अजगैन के अलावा अन्य 16 ग्राम पंचायतें प्रत्येक ब्लाक से चुनी गई हैं। वहीं नवाबगंज में अजगैन और सधीरा दो ग्राम पंचायत को चिन्हित किया गया। वहीं अन्य 15 विकास खंडो की एक ग्राम पंचायत को माडल बनाए जाने के लिए सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने विभागवारकार्य सौप दिया हैं। सीडीओ ने बताया कि आदर्श गांव को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने के लिए प्रत्येक ग्रामीण की पारिवारिक आईडी बनाई जाएगी। आवास, शौचालय, पेंशन, मनरेगा मजदूरी आदि सरकारी सुविधाएं गांव के लोगों को दिलाई जाएंगी। वहीं डीएम गौरांग राठी ने माडल गांव पर काम शुरू कराया है। जिले की चुनी गई ग्राम पंचायतों में विकासखंड बिछिया में सरांय कटियान, असोहा की कांथा, औरास की मिर्जापुर अजिगांव, बांगरमऊ में गौरिया कला, बीघापुर में भारथीपुर, फतेहपुर चौरासी की फतेहपुर चौरासी ग्रामीण, सिकंदरपुर करन की शेखपुर नरी, सिकंदरपुर सरोसी की ख्वाजगीपुर व सुमेरपुर ब्लाक की छांछीराई खेड़ा, गंजमुरादाबाद में ब्योली इस्लामाबाद, हिलौली में हिलौली, हसनगंज की सराय मलकादिम, मियागंज की मियागंज, नवाबगंज की सधीरा व अजगैन, पुरवा में त्रिपुरारपुर, सफीपुर की सफीपुर ग्रामीण, ग्राम पंचायत को आदर्श गांव में चुना गया है।

### मायके से रुपये न लाने पर पत्नी को पाइप से पीटा

**बांगरमऊ उन्नाव ।** दहेज में मायके से छह लाख रुपये न लाने पर पति ने परिजनों के साथ मिलकर पत्नी की कमरा बंद कर जान लेने की नियत से लोहे के पाइप से पिटाई की। किसी तरह वह जान बचाकर भागी। उसकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के आलमपुर रेतवा गांव निवासी पूनम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 16 जनवरी-2022 को नेकराम से हुई थी। उसके पिता सुरेश ने दहेज में बाइक, नकदी व जेवर आदि दिया था। लेकिन ससुरालीजन और छह लाख रुपये मायके से लाने के लिए पूनम को आएदिन प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि तीन सितंबर को ससुर सुंदर लाल, सास उर्मिला, देवर सुरेश, रोहित, श्रीकांत व सुधीर के उकसाने पर पति ने उसे कमरे में बंद कर लोहे के पाइप से जमकर पीटने के बाद जान से मारने की नीयत से उसका गला दबा दिया। पति के चंगुल से भाग कर वह घर के बाहर आई और पड़ोसी के मोबाइल से पिता को घटना की जानकारी दी। इस पर पिता उसे मायके ले गया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मो. मोईन ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर उसका मेडिकल कराया गया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अभियान** कई विद्यालयों में हुआ वृहद पौधरोपण, बच्चों को बताये गये पौधरोपण के फायदे

# पौधरोपण कर बच्चों व शिक्षकों ने लिया संरक्षण का संकल्प

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** जिले की कई विकासखंडों में पर्यावरण संरक्षण मुहिम में शिक्षकों ने जान डाल दी है। शिक्षकों और बच्चों ने वृहद स्तर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने में जुटे हैं। जिसमें कई विद्यालयों में पौधरोपण किया गया। बिछिया क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नेवरना द्वितीय में शिक्षक और बच्चों ने विद्यालय को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। शिक्षक दीपक कुमार ने बच्चों को पौधे लगाने हेतु प्रेरित किया ।

### पर्यावरण संरक्षण टीम बनाई गई

- यूपीएस अहिरौरा की प्रधान शिक्षिका नीलम कुशवाहा ने वृहद स्तर पर पौधरोपण कर बच्चों की ग्रीन ब्रिगेड बनाई। ग्रीन ब्रिगेड में नितिन, आदित्य, आंचल, प्रियांशी, कुनाल, कृष्णा, शिवम, दीपांशी, सेजल, देवा, अंश, आकांक्षा, नेहा, सौरभ और सुभाष शामिल रहे। गंजमुरादाबाद क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल भिखारीपुर पतसिया में ग्रीन एंड क्लीन मुहिम के तहत पर्यावरण संरक्षण की टीम बनाई गई।

औरास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय करौंदी में संतोष शर्मा, विद्या सागर और मुब्बसिर हुसैन ने बच्चों की ग्रीन ब्रिगेड बनाकर पौधरोपण करवाया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। वहीं करीमाबाद की प्रधान शिक्षिका आरती जायसवाल और तैमूर आलम ने बच्चों को पौधे रोपित करने की विधि समझाई। असोहा के यूपीएस सहरावां में ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव की सफलता के लिए इंचार्ज शिक्षक अनिल कुमार और शैलेंद्र ने विद्यालय में सफाई का कार्य किया। सचिन मिश्रा और मयंका ने बच्चों के साथ मिलकर बेल और नीम का पेड़ लगाया। शिवा, सत्यम, हर्षित आदि बच्चों शिक्षकों के साथ मिलकर गांव में 101 पौधे रोपित करने का संकल्प किया। बीघापुर क्षेत्र के यूपीएस कंपोजिट बारा में शिक्षिका ने बच्चों के साथ मिलकर वृहद स्तर पर पौधरोपण किया। वहीं सफीपुर के प्राथमिक विद्यालय रायपुर मुड़हा के प्रधान शिक्षक संजीव संखवार ने ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव के तहत वृहद स्तर पर पौधे बांटकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता को संदेश दिया।



छात्र-छात्राओं के साथ पौधरोपण करती शिक्षिकाएं। अमृत विचार

● जाटों के दबदबे वाली सीटों को छोड़ बाकी क्षेत्रों में बढ़ती दिख रही जातीय खेमेबंदी ● ओबीसी में भाजपा ही सरकार की लोकप्रिय दावेदार, दलित मतदाता हुए महत्वपूर्ण

# बदलाव की बयार के आगे जाति-बिरादरी की दीवार

हरियाणा सत्ता संग्राम

मनोज त्रिपाठी, चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** हरियाणा में चुनाव की घोषणा के वक्त स्पष्ट रूप से महसूस की जा रही बदलाव की बयार अब तमाम क्षेत्रों में जाति-बिरादरी की दीवार से टकराने के बाद मद्धम पड़ती महसूस की जा रही है। सत्तारूढ़ भाजपा के लिए बेहद कठिन लड़ाई और कांग्रेस को पसंदीदा मानने वाले मतदाताओं का एक वर्ग भी अब किंतु, परंतु में फंसता नजर आ रहा है। हालांकि अधिकतर निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी और कड़ी चुनावी टक्कर है। लेकिन जाटों के दबदबे वाली सीटों को छोड़ दिया जाए तो जातीय खेमेबंदी ही हार-जीत तय करने में अगुवा बनती देखी जा रही है। इस माहौल में जहां गैर जाट मतदाताओं के बीच भाजपा ही लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की लोकप्रिय दावेदार है तो भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कारण जाट समुदाय कांग्रेस के पीछे मजबूती से खड़ा होकर अपना वर्चस्व दिखा रहा है।


गुहाना में चुनावी सभा मंच पर संवाद करते कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा।


गन्नौर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिखाया फिर से भाजपा सरकार का दम।

हरियाणा में चुनाव प्रचार जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, भाजपा और कांग्रेस के बीच छिड़े घमासान में जाति-बिरादरी की भूमिका निर्णायक होती जा रही है। इसे इस बात से समझा जा सकता है कि 90 में 38 सीटों पर दोनों दलों से एक ही जाति के प्रत्याशी आमने-सामने हैं। 36 सीटों पर भाजपा और कांग्रेस ने अलग-अलग जाति के प्रत्याशियों के सहारे अपना वोट बैंक साधने का प्रयास किया है। हरियाणा में करीब 25 फीसदी जाट समुदाय सबसे प्रभावी स्थिति में है। इसके बाद दलितों की आबादी 21 फीसदी है। जाट वोटों का बड़ा हिस्सा कांग्रेस के साथ जाने और गैर जाट वोटरों पर भाजपा की मजबूत पकड़ के बीच दलित वोटर महत्वपूर्ण हो गए हैं। 25 सीटों पर दलित मतदाता कांग्रेस ने सबसे बड़ा दांव जाटों पर खेला है। पार्टी ने 90 सीटों में 28 पर जाट उम्मीदवार उतारे हैं। इसके मुकाबले गैर जाट मतदाताओं पर भरोसा करते हुए भाजपा ने 16 सीटों पर ही जाटों को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने सारा दांव ओबीसी वर्ग पर लगाया है। सबसे ज्यादा 24 ओबीसी प्रत्याशियों को मौका दिया है। इसके मुकाबले कांग्रेस से 21 सीटों पर ओबीसी प्रत्याशी हैं।

### 'एक के खिलाफ 35 की कहावत चर्चा में'

- हरियाणा के गांवों में पुरानी मान्यता है कि समाज में 36 बिरादरी होती हैं। पंचायतों में आज भी भाईचारे की मिसाल देने के लिए बुजुर्ग इसे लेकर कहावत का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन चुनाव में वोटों के लिए जाति-बिरादरी की इसी मान्यता को तोड़ने के लिए '35 बनाम 1' का नारा देकर जाटों के खिलाफ गोलबंदी की जा रही है। यानी जाटों के खिलाफ बाकी सब एक।

### किस जाति-वर्ग से कितने प्रत्याशी

| जाति | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| जाट | 16 | 28 |
| ओबीसी | 24 | 21 |
| ब्राह्मण | 11 | 06 |
| पंजाबी | 13 | 07 |
| वैश्य | 05 | 02 |
| दलित | 17 | 17 |
| मुस्लिम | 02 | 05 |

### राज्य में ऐसा है सामाजिक ढांचा

| समुदाय | आबादी (प्रतिशत में) |
|---|---|
| जाट | 25 |
| दलित | 21 |
| पंजाबी | 08 |
| ब्राह्मण | 08 |
| अहीर | 06 |
| वैश्य | 05 |
| राजपूत | 04 |
| सैनी | 03 |
| मुस्लिम | 04 |
| अन्य | 16 |

### जाट तो कांग्रेस के साथ पर दलितों में सेंधमारी का डर

- कांग्रेस ने जाट और दलितों को साधकर सत्ता हासिल करने का ताना-बाना बुना है। लेकिन यह गणित कई सीटों पर गड़बड़ाती नजर आती है। इसकी वजह ओमप्रकाश चौटाला की इनेलो द्वारा बसपा के साथ गठजोड़ बनाकर दलित वोटो में सेंधमारी है, तो दुष्यंत चौटाला की जेजेपी भी चंद्रशेखर आजाद की आजाद पार्टी से हाथ मिलाकर दलित वोट पाने के लिए मेहनत कर रही है। इस माहौल में कांग्रेस को आम आदमी पार्टी की चुनौती का भी खतरा सता रहा है, उसके 5 बागी उम्मीदवार आप का झाड़ू निशान लेकर मैदान में हैं।

### 3 जातियों के समर्थन पर टिका हार-जीत का दारोमदार

- हरियाणा में 3 जातियां सरकार बनाने में अहम भूमिका अदा करती आयी हैं। इनमें ओबीसी सबसे ज्यादा करीब 33 फीसदी, जाट 25 फीसदी और दलित 21 फीसदी हैं। इस बार के चुनाव में जाट मतदाता किसान आंदोलन, अग्निपथ योजना और पहलवानों के विरोध के कारण भाजपा से खासा नाराज है। नाराजगी की एक वजह, भाजपा द्वारा मनोहर लाल खट्टर की जगह किसी जाट को मौका नहीं देकर नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाना भी है। राज्य की 36 विधानसभा सीटों पर जाट समुदाय हार-जीत का समीकरण तय करता है। इनमें ज्यादातर सीटें रोहतक और हिसार संभाग में हैं। यहां जाट मतदाता किसकी सरकार बनेगी, सवाल करने पर कांग्रेस से पहले हुड्डा का नाम लेता है, उनके लिए ही वोट करने की बात कहता है। जाट मतदाताओं की अपने खिलाफ गोलबंदी को देखकर भाजपा गैर-जाट मतदाताओं को लुभाने का हर संभव प्रयास कर रही है। पार्टी ने उम्मीदवारों के चयन में भी इसी फार्मूले का ध्यान रखा है। भाजपा ने 2014 के विधान सभा चुनाव में 24 जाट प्रत्याशी उतारे थे, जबकि 2019 में 19 जाटों को मौका दिया था, लेकिन इस बार उसके 16 जाट प्रत्याशी ही कमल खिलाने के लिए मैदान में हैं।

### भाजपा के लिए ओबीसी मतदाता हैं किस्मत का दरवाजा

- भाजपा की सफलता की पूरी रणनीति गैर जाट के साथ दलित वोटों को साधने और जाट वोटों के बंटवारे पर टिकी है। इसी वजह से लोकसभा चुनाव में भी पार्टी ने दुष्यंत चौटाला की जेजेपी से गठबंधन तोड़ लिया था, ताकि जाट वोटों को एकमुश्त कांग्रेस के पाले में जाने से रोका जा सके। हरियाणा में अधिकतर किसान जाट हैं। किसानों के विरोध प्रदर्शन पर केंद्र की भाजपा सरकार के रवैये से वह नाराज हैं। भाजपा का साथ देने के कारण जाटों ने जेजेपी से भी दूरी बना रखी है। ऐसे में भाजपा के लिए ओबीसी मतदाता किस्मत का दरवाजा खोल सकते हैं। उनके समर्थन के कारण ही 10 साल की एंटी इनकंबेसी और मुद्दे खिलाफ होने के बाद भी पार्टी राज्य की आधी से ज्यादा सीटों पर कांटे की टक्कर देती दिखाई पड़ रही है। ओबीसी मतदाताओं को लुभाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार ने ओबीसी क्रीमी लेयर के लिए आय सीमा बढ़ाने के साथ ही स्थानीय निकायों में पिछड़े वर्गों का आरक्षण बढ़ा दिया था।

## एक नजर

### काशी व प्रयागराज में वाटर लेजर शो का आनंद लेंगे श्रद्धालु

**लखनऊ।** काशी एवं प्रयागराज में श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए लेजर शो आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए प्रयागराज को 21.86 करोड़ और काशी में वाटर लेजर शो के लिए 17.31 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये हैं। प्रयागराज को मिले आठ करोड़ रूपए की प्रथम किश्त से यमुना नदी के बीच में लेजर शो सिस्टम स्थापित किया जाएगा, वाटर स्क्रीन डिस्प्ले आदि उपकरण शामिल होगे।

### झांसी के एडीएम हार्ट अटैक से मौत

**लखनऊ।** मेदांता अस्पताल लखनऊ में गुरुवार को हृदय रोग विभाग की ओपीडी में झांसी के एडीएम अशोक कुमार सिंह की हार्ट अटैक पड़ने के बाद मृत्यु हो गयी। एमडीएम, हृदय रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ.पीके गोयल की ओपीडी में बैठे तभी दिल का दौरा पड़ गया।

# रामपुर थानाध्यक्ष, 2 सिपाही निलंबित

कार्यालय संवाददाता, उरई

● एसओजी ने कस्बा रामपुरा के जवाहर नगर में की छापेमारी

● 17 जुआरी गिरफ्तार, 5 लाख रुपये व ताश-पत्ते बरामद

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसओजी ने रामपुर थाना क्षेत्र में छापा मारकर एक जुआ की फड़ पकड़ी। छापेमारी के दौरान 17 जुआरियों को गिरफ्तार कर 5 लाख रुपये व ताश-पत्ते बरामद किए हैं। मामले में पुलिस की संलिप्तता सामने आने पर जांच के बाद थानाध्यक्ष सहित दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया।

रामपुर थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देश पर बुधवार देर शाम को एसओजी ने कस्बा रामपुरा के मोहल्ला जवाहर नगर में एक खाली मकान में छापेमारी की। यहां जुएं का फड़ चलता मिला। मौके से 17 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। टीम ने पांच लाख रुपये व ताश पत्ते बरामद किए। टीम ने मौके से आरोपित जुआरी देवेंद्र सिंह, लक्ष्मीकांत, मुकेश कुमार, अमित कुमार, राजकुमार, मुहम्मद सलीम, मनीष कुमार, निशांत, विजय सिंह, रवि, रविशंकर, अंकुश, महेंद्र प्रताप, कुलदीप, रामपाल व नीलेश कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर गुरुवार को जेल भेज दिया। उक्त जुएं का अड्डा कस्बा रामपुरा में ही संचालित हो रहा था और थाना पुलिस ने अबतक कोई कार्रवाई नहीं की थी। इस पर पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच सीओ से कराई। इसमें प्रथम दृष्टया रामपुरा थाना के थानाध्यक्ष योगेंद्र पटेल के साथ इसी थाने के सिपाही विनय चौहान व मोहित तिवारी को दोषी पाते हुए निलंबित कर दिया गया है।

> जुआ के फड़ की सूचना पर कार्रवाई की गई थी, इस दौरान रामपुरा थानाध्यक्ष योगेंद्र पटेल व दो सिपाहियों की संलिप्तता पाई गई, जिस पर उन्हें निलंबित किया गया है। वहीं गिरफ्तार 17 आरोपियों को जेल भेजा गया है।
>
> -डॉ. दुर्गेश कुमार, पुलिस अधीक्षक

### बरेली भूमि घोटाले में 2 पीसीएस समेत छह अफसरों पर होगी कार्रवाई

**लखनऊ।** बरेली-सितारगंज फोर लेन और बरेली रिंग रोड भूमि अधिग्रहण घोटाले में दो पीसीएस, दो तहसीलदार सहित कुल छह अधिकारियों पर भी गाज गिर सकती है। मंडलायुक्त बरेली ने शासन को भेजी गई रिपोर्ट में इन अफसरों पर भी आरोप लगाते हुए जिम्मेदारी तय की है। लोक निर्माण विभाग में एक एई, तीन जेई और एक अमीन के निलंबन के बाद लोक निर्माण विभाग ने दो पीसीएस, दो तहसीलदार सहित कुल छह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए फाइल कार्मिक और राजस्व विभाग को भेजी थी। हालांकि मंडलायुक्त बरेली ने जो रिपोर्ट शासन को भेजी थी उसमें लोक निर्माण विभाग के एक सहायक अभियंता, तीन अवर अभियंता और एक अमीन का नाम सामने आया था। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान के आदेश के पाद पीडब्ल्यूडी के सभी आरोपी कार्मिकों को बुधवार को ही निलंबित कर दिया गया है। सूत्रों के असार अब पीडब्ल्यूडी के किसी कार्मिक का नाम इस घोटाले से नहीं जुड़ रहा है।

# चंडीगढ़ विश्वविद्यालय उन्नाव की स्थापना पर लगी मुहर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** राज्य सरकार ने उन्नाव जिले में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दे दी है। गुरुवार को उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने सचिवालय में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (सीयू) इंटरनेशनल एजुकेशनल ट्रस्ट, चंडीगढ़ के प्रतिनिधियों को चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्राधिकार पत्र सौंप दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को उन्नाव में स्थापित किए जाने के प्रस्ताव को कैबिनेट द्वारा बाई सर्कुलेशन मंजूरी दी गई थी। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का यह नया परिसर लखनऊ-कानपुर हाईवे के किनारे स्थापित होगा, जो उन्नाव और आसपास के जिलों के छात्रों के लिए नया अवसर साबित होगा। यह विश्वविद्यालय उन्नाव जिले के ग्राम पदसंदन, परगना गोरिन्दा परसंदन, तहसील हसनगंज में 63.53 एकड भूमि पर निजी क्षेत्र के अन्तरर्गत स्थांपित किया जाएगा।

### उच्च शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी होगा कदम

- उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने गुरुवार को चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्राधिकार पत्र सौंपने के बाद कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार का यह निर्णय प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित होगा। इससे न केवल प्रदेश के छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिलेगी, बल्कि इससे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखा जाएगा।

### जारी की गई अधिसूचना

- विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी द्वारा 19 सितंबर, 2024 को सीयू इंटरनेशनल एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव/चेयरमैन को एड्रेस करते हुए अधिसूचना जारी की गई है। इसके अनुसार, निजी क्षेत्र के अंतर्गत "चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, उन्नाव" का नाम उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (सातवां संशोधन) अध्यादेश, 2024 के तहत उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की अनुसूची-2 में क्रमांक 45 पर सम्मिलित किया गया है। इसके साथ ही चंडीगढ़ विश्वविद्यालय उन्नाव, उत्तर प्रदेश के संचालन की अनुमति भी प्रदान की गई है। इस अधिसूचना के तहत विश्वविद्यालय को राज्य सरकार से आधिकारिक मान्यता प्राप्त हो गई है।

## राहुल गांधी के मानहानि केस में फिर टली सुनवाई

**सुलतानपुर:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में गुरुवार को विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट के यहां परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने व्यस्तता के कारण मौके का प्रार्थनापत्र दिया। कोर्ट ने मौके का प्रार्थनापत्र स्वीकार कर सुनवाई के लिए 21 सितम्बर की तारीख नियत की है। बंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी पर तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा था। कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने 04 अगस्त 2018 को राहुल के खिलाफ मानहानि का केस किया था।

कार्यक्रम | माफिया के सामने नाक रगड़ने वाला संतों को कहता है माफिया : योगी

# ...इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव के माफिया और मठाधीश वाले बयान को साधु-संतों का अपमान बताया। कहा कि समाजवादी पार्टी सबसे बड़ी माफिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर दोपहर 11.40 बजे मिल्कीपुर के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज प्रांगण में उतरा। वे जनसभा में 36 मिनट बोले। संबोधन से पहले 1005 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास एक साथ बटन दबाकर किया।

मुख्यमंत्री के गुरुवार को तेवर देखने लायक थे। वह लगातार हमला कर रहे थे। कहा कि माफिया के सामने नाक रगड़ने वाला आज संत को माफिया कहता है। प्रदेश के संगठित अपराध में लिप्त गाजीपुर, अंबेडकरनगर, रामपुर, प्रयागराज के माफिया इनके चचाजान थे। माफिया के सामने नाक रगड़ने और दंगाइयों के सामने घुटने टेकने वाला व्यक्ति संत परंपरा को माफिया कहता है। यह उनके संस्कार हैं। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है। इन्हें हिंदू विरोधी आचरण के लिए फिर से प्रोत्साहित कर रही है। ये लोग अराजकता फैलाते हैं, देशद्रोहियों को आश्रय देते हैं। मैं कह सकता हूं जैसे कुत्ते की पूंछ सीधी नहीं हो सकती, वैसे ही सपा के दरिंदे जो बेटियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, ये ठीक नहीं हो सकते हैं। इनको तो कानून के दायरे में लाकर शिकंजा कसना होगा। हमारी सरकार यही काम कर रही है।


मंच से विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी।

### योगी ने दी 1 हजार करोड़ रुपये की 83 परियोजनाओं की सौगात

**अयोध्या:** मुख्यमंत्री ने गुरुवार को विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिल्कीपुर एक हजार करोड़ की 83 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास बटन दबाकर किया। इसमें 8283.43 लाख की लागत से 37 परियोजनाओं का लोकार्पण और 92191.20 लाख की लागत से 46 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग से ग्राम पंचायत रेवना में ग्रामीण स्टेडियम के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर मंडलायुक्त गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पांडेय आदि मौजूद थे।


## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज

पंत्राक: / के0जी0बी0वी0/स्टाफ चयन/2678-83 /2024-25/ (निविदा सूचना) दिनांक - 19.09.2024

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक के0जी0बी0वी0/ शिक्षक/11308/2022-23 दिनांक-14.02.2023 तथा शासनादेश सं0-2805/68-5-2023-5/2020 दिनांक 01.02.2023 एवं शासनादेश सं0-1553 (1)/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020 के अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदय, कन्नौज के अनुमोदन अनुपालन में जनपद में संचालित 05 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर सेवा अनुबन्ध (संविदा) के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक अर्ह केवल महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज में निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 05.10.2024 की सांय 5:00 बजे तक निर्धारित शर्तों के आधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पंजीकृत डाक के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है-

| क्र0 सं0 | पदनाम | शैक्षिक योग्यता | कुल रिक्त पद | वर्गवार रिक्त पदों का विवरण | | | | मानदेय प्रतिमाह (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु जाति | अनु0ज0न जाति | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (विज्ञान) | विज्ञान (जेड0बी0सी0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 03 | 01 | 01 | 01 | 00 | 24200/- |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (गणित) | गणित (पी0सी0एम0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 02 | 02 | 00 | 00 | 00 | 24200/- |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (सामाजिक विषय) | समाजिक विषय (भूगोल, इतिहास एवं नागरिक शास्त्र में से किसी एक विषय से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 24200/- |
| 4 | अंशकालिक शिक्षिका (शा0शिक्षा) | स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा (बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 एवं डी0पी0एड0 आदि उपाधि) | 03 | 01 | 00 | 02 | 00 | 10780/- |
| 5 | अंशकालिक शिक्षिका (कम्प्यूटर शिक्षा | कम्प्यूटर प्रशिक्षित स्नातक, प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षित सम्मलित हो। इसके अन्तर्गत कम्प्यूटर पी0जी0डी0सी0ए0/ बी0सी0ए0/ बी0एस0सी0 कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ0 लेवल / एड्नलेवल कम्प्यूटर डिप्लोमा आदि शैक्षिक योग्यता भी वांछित होगी। | 03 | 02 | 01 | 00 | 00 | 10780/- |
| 6 | अंशकालिक शिक्षिका (कला/संगीत) | कला, क्राफ्ट एवं संगीत आदि विषयों के लिये शैक्षिक योग्यता स्नातक उपाधि होगी। | 02 | 01 | 01 | 00 | 00 | 10780/- |
| 7 | पूर्णकालिक लेखाकार | स्नातक वाणिज्य विषय के साथ, एम0एस0 ऑफिस पर कार्य करने का ज्ञान अनिवार्य। डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ0 लेवल कम्प्यूटर डिप्लोमा को वरीयता। | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 12100/- |
| 8 | मुख्य रसोइया | कक्षा-08 पास तथा अभ्यार्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिए | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 7590/- |
| 9 | सहायक रसोइया | कक्षा-08 पास तथा अभ्यार्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिए | 04 | 01 | 02 | 01 | 00 | 5693/- |

**अर्हता एवं शत:-** 1. यह चयन पूरी तरह अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या-1553 (1)/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020 एवं शासनादेश संख्या 2805/68-5-2023-5/2020 दिनोंक 01.02.2023 में जारी विषयगत योग्यता एवं निर्देशों के अधीन रहेगी।
2. पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के पद के लिये निर्धारित योग्यता उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 एवं प्रशिक्षित स्नातक होगी। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/ समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जायेगा।
3. अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 01 अप्रैल 2024 को 25 वर्ष से कम एवं अधिकतम आयु 01 अप्रैल 2024 को 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
4. क0गा0आ0बा0वि0 के ऐसी शिक्षिकायें जो आवेदित पद हेतु निर्धारित आर्हता रखती हों किन्तु शैक्षिक सत्र 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित रह गयी हैं उन शिक्षिकाओं द्वारा आवेदन करने पर आयु सीमा में क0गां0आ0बा0वि0 में कार्यरत रहने की अवधि के समतुल्य छूट प्रदान की जायेगी किन्तु यह प्रतिबन्ध है कि सम्बंधित अभ्यर्थी की आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।
5. क0गां0आ0बा0वि0 के ऐसी शिक्षिकायें जो शैक्षिक सत्र 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित रह गयी हैं उन शिक्षिकाओं द्वारा आवेदन करने पर उन्हें क0 गां0आ0बा0वि0 में पूर्व में कार्यरत रहने के प्रत्येक शैक्षिक सत्र हेतु 02 प्रतिशत अतिरिक्त भारांक दिया जायेग किन्तु अधिकतम भारांक 30 प्रतिशत से अधिक नहीं दिया जायेगा।
6. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक स्टॉफ यथा पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका, उर्दू शिक्षिका के पद पर चयन सीधे मेरिट के आधार पर किया जायेगा। मुख्य रसोइया, सहायक रसोइया एवं चौकीदार के पद पर चयन साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा।
7. किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक चारित्रिक अक्षमता के अपराध के लिये दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिये अर्ह नहीं होंगे। चयन समिति अभ्यर्थी के चरित्र के सम्बन्ध में यथोचित समाधान करेगी।
8. अभ्यर्थी को अन्तिम शैक्षिक संस्था / किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा। यदि चयनित अभ्यर्थी की सेवाएं अनुपयुक्त पायी जाती हैं जो उन्हें एक माह का नोटिस देकर सेवाओं को समाप्त कर दिया जायेगा। गम्भीर परिस्थितियों / वित्तीय अनियमिता / गंभीर अनुशासनहीनता की स्थिति उत्पन्न होती है तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत पुष्ट प्रमाणों के आधार पर जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त संविदा समाप्त करते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।
9. अभ्यर्थी को तैनाती से पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सीय परीक्षणोपरान्त फिजिकल फिटनेस का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह कार्य करने में अक्षम एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं है।
10. चयन उपरान्त, पूर्णकालिक शिक्षकाओं, का पद पूर्णकालिक होने के कारण विद्यालय परिसर में ही निवास करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में उनका चयन समाप्त कर दिया जायेगा। पूर्णकालिक स्टाफ को अपने साथ परिवार के किसी भी सदस्य को विद्यालय परिसर में रखने की अनुमति नहीं है। समस्त स्टाफ को भोजन व्यवस्था उनकी स्वयं की होगी।
11. पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के पदों पर केवल महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा।
12. उपरोक्त रिक्तियों हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र को जनपद कन्नौज के वेबसाइट https://kannauj.nic.in पर क्लिक करके डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त के सम्बन्ध में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज में आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
13. लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पद/विषय/जाति वर्ग के लिए आवेदन किया जा रहा है. स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु अलग-अलग आवेदन करना होगा, जिस पर आवेदित पद का नाम, विषय तथा आरक्षण वर्ग अंकित करना होगा।
14. इच्छुक पात्रताधारी अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र दिनांक. 05/10/2024 को सायं 05.00 बजे तक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज पिन कोड-209727 को केवल स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर सकते हैं। इनके बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
15. आवेदन पत्र के साथ अपनी दो स्व-प्रमाणित फोटो, समस्त शैक्षिक अंक पत्र, प्रमाण पत्र, अनुभव (के0जी0बी0वी0) प्रमाण-पत्र, सामान्य निवास प्रमाण-पत्र जाति प्रमाण पत्र, राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत 02 चरित्र प्रमाण पत्र. आधार कार्ड, टी0ई0टी0 (उच्च प्राथमिक स्तर) एवं वांछित प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ तथा अपने पता लिखे हुए 02 लिफाफे स्पीड पोस्ट के निर्धारित शुल्क की डाक टिकट लगे हुए अवश्यक संलग्न करें।
16. अपूर्ण, अस्पष्ट, बिना संलग्नकों वाले, बिना हस्ताक्षर, प्रारूप से भिन्न, अधूरे संलग्नकों वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।
17. विज्ञप्ति को किसी भी समय बदलने / निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के अधीन रहेगी।
18. आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ सकती है। चयन सेवा अनुबन्ध के आधार पर एक शैक्षिक सत्र (अधिकतम 11 माह 29 दिन) हेतु होगा तथा कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर आगामी सत्र के लिये सेवा अनुबन्ध का विस्तारीकरण किया जायेगा।
19. उक्त विज्ञप्ति माननीय उच्च न्यायालय/ उच्चतम न्यायालय में योजित विभिन्न याचिकाओं के अन्तिम निर्णय के अधीन होगी।

(रोहित कुमार)
जिला समन्वयक (बा0शि0)
समग्र शिक्षा कन्नौज

(संदीप कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कन्नौज

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,184.80 | 25,415.80 |
| बढ़त | 236.57 | 38.25 |
| प्रतिशत में | 0.29 | 0.15 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शुक्रवार, 20 सितंबर 2024

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 980, फ्लैग- 1115, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 850 रामपुर : शिवालिक-970, फ्लैग- 1090, डीएमओ-840, बोल्ड-1160।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राजमा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 कलीमिर्च 58000-64000 बड़ीइलायची 90000-150000 सोंठ 38000-41000 धनिया 8000-13000 लालमिर्च 14000-34000 जीरा 28000-32000 अजवाइन 20000-28000 सौंफ 13000-32000 हल्दी 17000-22000 सुपारी 40000-48000 छुहारा 14000-28000।

# विकसित भारत के लिए बैंकों की भूमिका अहम

## केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण ने बैंकों के लिए तकनीक सुरक्षा पर जोर देने को कहा

पुणे, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र या विकसित भारत बनाने के एजेंडे को आगे बढ़ाने में बैंकिंग क्षेत्र को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। सीतारमण ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 90वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री की तरफ से निर्धारित एजेंडे को आगे बढ़ाने में बैंकों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी और आपकी भूमिका से हम इस सपने को हासिल करने में और तेजी लाएंगे।

वित्तमंत्री ने कहा कि बैंकों को बुनियादी ढांचा क्षेत्र को सशक्त रफ्तार देने, एमएसएमई क्षेत्र को जरूरत के हिसाब से वित्त मुहैया कराने, बैंक सेवाओं से वंचित आबादी को बैंक दायरे में लाने और बीमा पहुंच बढ़ाने में मदद करनी होगी। सीतारमण ने कहा कि प्रौद्योगिकी बैंक परिदृश्य को तेजी से बदल रही है, क्योंकि यह सभी ग्राहकों को सुरक्षित एवं आसानी से संचालित किया जा सकने वाला डिजिटल बैंकिंग अनुभव देती है। हालांकि इसके साथ ही उन्होंने बैंकों के लिए प्रौद्योगिकी सुरक्षा पर भी जोर देने के लिए कहा। वित्त मंत्री ने कहा कि आप (बैंक) ऐसी डिजिटल प्रणाली नहीं रख सकते हैं, जो कहीं भी हैक हो जाए और पूरी प्रणाली एवं उस पर आधारित भरोसा खतरे में पड़ जाए। इसके लिए आपको एक मजबूत प्रणाली चाहिए। आपको हर बार यह सुनिश्चित करना होगा कि पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम मौजूद हैं और किसी भी आपातकालीन स्थिति में किस तरह के कदम उठाने होंगे।

वित्त मंत्री ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने में एकीकृत भुगतान प्रणाली यूपीआई की बढ़ती लोकप्रियता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर तत्काल होने वाले सभी डिजिटल भुगतानों में से 45 प्रतिशत भारत में होते हैं।



### सात देशों में यूपीआई की सुविधा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) अब सात देशों में उपलब्ध है, जिसके अनुसार सभी वास्तविक समय डिजिटल भुगतानों में से 45 प्रतिशत भारत में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी बैंकिंग परिदृश्य को बदल रही है, क्योंकि यह सभी ग्राहकों को सुरक्षित और आसानी से नेविगेट करने योग्य डिजिटल बैंकिंग अनुभव प्रदान करती है।

## भारत में 2030 तक बिजली खपत में होगी 10% की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** भारत की बिजली खपत वर्ष 2030 तक 10 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 3000 टेरावॉट प्रति घंटा (टीडब्ल्यूएच) तक बढ़ सकती है। वैश्विक निवेश प्रबंधन कंपनी ओमनीसाइंस कैपिटल की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में बिजली क्षेत्र में कोविड के बाद एक बड़ा बदलाव देखा गया है।

वित्त वर्ष 2011 से वित्त वर्ष 24 तक बिजली की खपत लगभग 10 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रही है, जिसके 2030 तक जारी रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में आवासीय और वाणिज्यिक दोनों क्षेत्रों में एक मजबूत विस्तार पर भी प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2024 तक लगभग 40 लाख इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बिकने से भारत का ईवी बाजार विस्फोटक वृद्धि के दौर से गुजर रहा है।

# भारत 2030-31 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को तैयार

मुंबई, एजेंसी

एसएंडपी ग्लोबल ने गुरुवार को कहा कि भारत अनुमानित 6.7 प्रतिशत की एक जबरदस्त वार्षिक वृद्धि दर के बल पर वित्त वर्ष 2030-31 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। कंपनी ने "इंडिया फॉरवर्डः इमर्जिंग पर्सपेक्टिव्ज" अध्ययन का पहला संस्करण प्रकाशित किया, जिसमें भारत को एक अग्रणी वैश्विक अर्थव्यवस्था केतौर पर दिखाया गया है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यह वित्त वर्ष 2024 में 8.2 प्रतिशत की शानदारजीडीपी वृद्धि दर के आगे की स्थिति है, जो इस सरकार के 7.3 प्रतिशत के पूर्व के अनुमान से अधिक है। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया लीडरशिप काउंसिल के प्रमुख और एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस के चीफ डेटा अधिकारी अभिषेक तोमर ने इस रिपोर्ट को जारी करते हुए कहा कि भारत वृद्धि के लिए कमर कस चुका है और युवा एवं गतिशील कार्यबल के साथ यह वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को नया आकार देने को तैयार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ भारत सबसे तेजी से बढ़ रही बड़ी अर्थव्यवस्था है। कारोबारी लेनदेन और लॉजिस्टिक्समें सुधार, निजी क्षेत्र का निवेश बढ़ाने और सरकारी पूंजी पर निर्भरता घटाने के लिए सतत सुधार महत्वपूर्ण है।




## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 90,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56,100-56,300 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 74,900 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 74,750 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,200 |
| चांदी तैयार | 88,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 74,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 73,500 |
| चांदी पक्की | 868 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 75,100 |
| चांदी आभूषण | 89,500। |

# श्वेत क्रांति 2.0 की शुरुआत डेयरी क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

- शाह ने कहा- महिलाओं को सशक्त बनाने में मिलेगी मदद

भारत के डेयरी सहकारी क्षेत्र को बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को 'श्वेत क्रांति 2.0' की शुरुआत की। इसे महिला किसानों को सशक्त बनाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से एक व्यापक पहल माना जा रहा है।

कार्यक्रम में चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसमें महिला किसानों को सशक्त बनाना, स्थानीय दूध उत्पादन को बढ़ाना, डेयरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और डेयरी निर्यात को बढ़ावा देना शामिल है। शाह ने कहा कि डेयरी क्षेत्र में अधिकतर महिलाएं लगी हुई हैं, जिनमें से कुछ अकेले गुजरात में 60,000 करोड़ रुपये का कारोबार कर रही हैं। यह नई पहल महिलाओं को सशक्त बनाने और कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत करने पर केंद्रित होगी। श्वेत क्रांति 2.0 के तहत, सरकार का लक्ष्य अगले पांच साल में डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में 50 प्रतिशत की वृद्धि करना है।

## बुनकरों-कताई करने वालों की मजदूरी में होगा इजाफा

**नई दिल्ली।** खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने बुनकरों की सात प्रतिशत और कताई करने वाले श्रमिकों की मजदूरी 25 प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि चरखे पर सूत कातने वाले श्रमिकों के पारिश्रमिक में 25 प्रतिशत और बुनकरों के पारिश्रमिक में सात प्रतिशत की वृद्धि का निर्णय किया है। बढ़ा पारिश्रमिक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर से लागू होगा। सूत कातने वाले श्रमिकों को प्रति लच्छा 10 रुपये की जगह 12.50 रुपये का मेहनताना मिलेगा।

# बोवाई पिछड़ी, देर से खाने को मिलेगा नया आलू

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- सितंबर आखिरी या अक्टूबर की शुरुआत में बोवाई के आसार

**अमृत विचार :** प्रदेश में खराब मौसम की वजह से इस बार अगेती आलू की बोवाई पिछड़ गई है, जो अब मौसम साफ होने पर सितंबर अंत या फिर अक्टूबर माह की शुरुआत तक होगी। इस वजह से नया आलू दिवाली के बाद ही बाजार में आएगा। हालांकि मुख्य आलू की फसल में देरी नहीं होगी। इसकी 15 से 25 अक्टूबर तक बोवाई की जाएगी और फरवरी में फसल तैयार हो जाएगी।

उद्यान विभाग ने सात लाख हेक्टेयर में आलू की बोवाई का लक्ष्य रखा है। इसमें 265 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष सात लाख हेक्टेयर में 243 लाख मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ था। जो बारिश और कोहरा के कारण अनुमान से कम था, लेकिन पिछले वर्षों की अपेक्षा उत्पादन अधिक रहा।



कृषि विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने बताया कि अगेती फसल में ज्यादा देरी नहीं हुई है। किसान मौसम साफ होते ही खेत सूखने पर बीज उपचारित करके पोटैटो प्लांटर से आलू की बोवाई करें। खेतों में नमी होने की वजह से पलेवा नहीं करना पड़ेगा। जलनिकासी की व्यवस्था जरूर करें। इससे बारिश होने पर फसल बर्बाद नहीं होगी।

**कुफरी भास्कर नया, नीलकंठ की ज्यादा मांगः** इस बार केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा विकसित कुफरी भास्कर प्रजाति की किसानों में ज्यादा मांग है। साथ ही यहां की विकसित नीलकंठ प्रजाति की भी मांग है। नीलकंठ में कैंसर से लड़ने वाले कैरोटिन एंथोसाइनिन नामक तत्व होते हैं। इसके दाम अच्छे मिलते हैं।



## एक नजर

### राज्यसभा सदस्यता से जवाहर सरकार का इस्तीफा मंजूर

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस सदस्य जवाहर सरकार का उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा स्वीकार कर लिया। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक डॉक्टर के बलात्कार और हत्या की घटना के बाद उठाए गए कदमों को लेकर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार पर सवाल उठाने वाले सरकार ने उच्च सदन से इस्तीफे की घोषणा की थी।

### महाराष्ट्रः एक ही परिवार के 4 लोगों के शव घर में मिले

**मुंबई।** महाराष्ट्र के धुले जिले में गुरुवार को एक दंपति और उनके दो बच्चे अपने घर में मृत पाए गए। एक अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पुलिस को संदेह है कि दंपति ने अपने बच्चों को जहरीला पदार्थ देने के बाद आत्महत्या कर ली।

# भाजपा के चुनाव संकल्प पत्र में 20 वादे

## अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी, महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2100 रुपये

**हरियाणा विस चुनाव**

चंडीगढ़, एजेंसी

भाजपा ने 5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें महिलाओं को 2,100 रुपये मासिक सहायता प्रदान करने, युवाओं के लिए दो लाख नौकरियां और राज्य के अग्निवीरों को सरकारी नौकरियां देने का वादा किया गया है।

केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रोहतक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल खट्टर, राव इंद्रजीत और चुनाव घोषणापत्र समिति के प्रमुख कृष्णपाल गुर्जर की उपस्थिति में संकल्प पत्र जारी किया। हरियाणा में अगले महीने होने वाले चुनावों के बाद लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही सत्तारूढ़ भाजपा ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलों की खरीद का भी वादा किया है। हरियाणा में भाजपा सरकार पहले से ही 14 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। पिछले महीने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा के बाद राज्य मंत्रिमंडल ने 10 और फसलें एमएसपी पर खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी।

सेना में अल्पकालिक भर्ती से संबंधित अग्निपथ योजना को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना का सामना कर रहे नड्डा ने कहा कि हरियाणा से संबंध रखने वाले प्रत्येक अग्निवीर को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

भाजपा ने घोषणापत्र में जो 20 प्रमुख वादे किए हैं उनमें 'लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत सभी महिलाओं को 2,100 रुपये प्रति माह देने का वादा भी शामिल है। सत्तारूढ़ पार्टी ने कांग्रेस सरकार के दौरान कथित भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं को बिना 'खर्ची-पर्ची' के दो लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी। सत्तारूढ़ भाजपा ने 'हर घर गृहणी योजना' के तहत 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने की भी घोषणा की। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार राज्य में पहले से ही गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) और अंत्योदय परिवारों को हर घर गृहिणी योजना के तहत 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर दे रही है।




### एमएसपी पर 24 फसलें खरीदने का वादा

**चंडीगढ़।** भाजपा के घोषणापत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलें खरीदने का भी वादा किया गया है। पार्टी ने देश भर के किसी भी सरकारी मेडिकल या इंजीनियरिंग कॉलेज में ओबीसी, एससी समुदायों से संबंधित हरियाणा के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और ग्रामीण क्षेत्रों में कॉलेज जाने वाली लड़कियों को स्कूटर देने का भी वादा किया। नड्डा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में हरियाणा प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा है। उन्होंने पिछली सरकारों के दौरान हुए कथित भ्रष्टाचार और घोटालों का जिक्र करते हुए कहा कि आप स्पष्ट रूप से देख सकते हैं हरियाणा बदल गया है।

# गया-कैमूर में एनआईए की बड़ी कार्रवाई हथियार और चार करोड़ नकद बरामद

पटना/गया, एजेंसी

- आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी मिले

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सीपीआई (माओवादी) मगध जोन मामले में गुरुवार को बिहार के गया और कैमूर जिले के पांच ठिकानों पर छापेमारी कर 10 हथियार, 4.03 करोड़ रुपये नकद, आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद किए।

एनआईए की ओर से कहा गया कि बिहार के गया और कैमूर जिलों में कुल पांच स्थानों पर छापेमारी की गई। इस छापेमारी का उद्देश्य मगध क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन को पुनर्जीवित करने और मजबूत करने की सीपीआई (माओवादी) की साजिश को विफल करना था। इस साजिश मामले में तीन संदिग्धों के घरों और कार्यालय परिसरों में छापेमारी की गई। इस क्रम में एनआईए ने पाया कि तीनों मगध क्षेत्र में अपनी नक्सली गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के लिए सीपीआई (माओवादी) के नेताओं को धन और रसद सहायता प्रदान करने में शामिल थे। गया और कैमूर जिले के पांच ठिकानों पर की गई छापेमारी में अलग-अलग बोर के दस हथियार, 4.03 करोड़ रुपये नकद, कई डिजिटल उपकरणों के साथ ही आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं।



एनआईए ने कहा कि यह मामला बीते साल 7 अगस्त को औरंगाबाद जिले के गोह थाना क्षेत्र से सीपीआई (माओवादी) के दो कैडरों की गिरफ्तारी से प्रकाश में आया था। गिरफ्तार किए गए कैडरों में रोहित राय और प्रमोद यादव शामिल हैं। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद के साथ-साथ सीपीआई (माओवादी) मगध जोनल सांगठनिक कमेटी से संबंधित पुस्तिकाएं भी बरामद की गई थीं।

### पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के यहां भी छापेमारी

**गया।** बिहार में सत्तारूढ़ जदयू की पूर्व विधान पार्षद मनोरमा देवी के आवास पर भी एनआईए की टीम ने छापेमारी की है। मनोरमा देवी के गया शहर के एपी कॉलोनी स्थित आवास पर गुरुवार एनआईए टीम ने कार्रवाई की। छापेमारी में भारी मात्रा में कैश मिलने की भी बात आ रही है। एसबीआई के कर्मचारी नोट गिनने की दो मशीन एवं तीन बक्से लेकर उनके आवास पहुंचे थे। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि भारी संख्या में आवास से कैश मिला है।

# कॉलेजियम की सिफारिशें कोर्ट के साथ साझा करेगा केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वह देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्तियों से संबंधित कॉलेजियम की अनुशंसाओं के बारे में अगले सप्ताह कुछ जानकारियां प्रदान करेगी। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि ने प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष ये टिप्पणियां करते हुए शुक्रवार के लिए सूचीबद्ध एक जनहित याचिका पर सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया।

अटॉर्नी जनरल ने न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की सदस्यता वाली इस पीठ से कहा, "कॉलेजियम की अनुशंसाओं के बारे में कुछ विवरण उपलब्ध कराएंगे। कृपया याचिका को एक सप्ताह बाद सूचीबद्ध करें।"

## झूठी गवाही के दावे पर पूजा खेडकर से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को यूपीएससी के उन आरोपों पर पूर्व प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पूजा खेडकर से जवाब मांगा है, जिसमें कहा गया है कि खेडकर ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका के संबंध में गलत बयान देकर झूठी गवाही दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आयोग के आवेदन पर खेडकर से जवाब दाखिल करने को कहा।

## पूर्व पुलिस आयुक्त ने जज के खिलाफ दर्ज कराया मानहानि का मुकदमा

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के पूर्व पुलिस आयुक्त कृष्ण कुमार राव ने एक जज के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर कर उनसे एक करोड़ का हर्जाना मांगा है। राव के अनुसार, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत ने फरवरी 2022 में पारित एक आदेश में करोड़ों रुपये की डकैती के मामले में गुरुग्राम पुलिस के पूर्व उपायुक्त धीरज सेतिया की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि मामले में जो दिख रहा है, उससे कहीं अधिक है। जज ने कहा कि मुख्य संदिग्ध सचिंदर जैन द्वारा की गई स्वीकारोक्ति के आधार पर यह संदिग्ध लगता है कि सेतिया, जिस पर मामले में जांच को पटरी से उतारने के लिए रिश्वत लेने का आरोप है, राव के अधीन ऐसा कर सकता है, विशेषकर यह देखते हुए कि गैंगस्टर गुरुग्राम कमिश्नरेट में उससे मिलने आते थे।

# मुंबई के पूर्व पुलिस प्रमुख संजय पांडेय कांग्रेस में शामिल

**मुंबई।** मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त संजय पांडेय गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। वह कांग्रेस में ऐसे समय शामिल हुए हैं, जब महाराष्ट्र में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। वर्ष 1986 बैच के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी को 2022 में ईडी ने 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के कर्मचारियों की फोन टैपिंग से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। पांडेय को कांग्रेस की मुंबई इकाई प्रमुख वर्षा गायकवाड ने पार्टी में शामिल कराया। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी पांडेय ने स्वयं को धर्मनिरपेक्ष विचारधारा वाला व्यक्ति बताते हुए कहा कि कांग्रेस को छोड़कर कोई अन्य राजनीतिक दल धर्मनिरपेक्ष विचारधारा का पालन नहीं करता है।

## फुटपाथ पर सो रहे दो लोगों को कार ने कुचला

**नई दिल्ली।** गीता कॉलोनी इलाके में फुटपाथ पर सो रहे दो मजदूरों को एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो उसने देखा कि एक कार फुटपाथ पर चढ़ी हुई है। पुलिस को वहां पहुंचने पर पता चला कि सोनू (40) और मोहम्मद इस्लाम (38) इस दुर्घटना में घायल हो गए। सोनू की इलाज के दौरान मौत हो गई।

**आतंक वित्तपोषण और मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ लड़ाई में बड़ी उपलब्धि**

# भारत जी-20 देशों के विशिष्ट समूह में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद वित्तपोषण के विरुद्ध लड़ाई के लिए फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) से 'रेगुलर फॉलो-अप' रेटिंग प्राप्त करने वाले सिर्फ चार जी20 देशों के एक विशिष्ट समूह में शामिल हो गया है, लेकिन एफएटीएफ ने अलकायदा और आईएसआईएल जैसे आतंकी संगठनों से उत्पन्न खतरों से भी चेताया है।

वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को इस संबंध में एक्स पर कई पोस्ट कर यह जानकारी दी और कहा कि यह मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण के विरुद्ध भारत की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर और गर्व का क्षण है। इन चार देशों में भारत, ब्रिटेन, फ्रांस और इटली शामिल है। इसके बाद इंहेंस फॉलो अप सूची में 11 देश शामिल हैं, जिसमें कनाडा, जर्मनी, अमेरिका, चीन, सऊदी अरब , इंडोनेशिया, जापान, कोरिया, मैक्सिको, आस्ट्रेलिया और ब्राजील शामिल है।



एफएटीएफ ने इस दिशा में भारत द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा के बाद यह रैंकिंग दी है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि मूल्यांकन में पर्याप्त प्रभावशीलता रेटिंग यह दर्शाती है कि वित्तीय खुफिया जानकारी का हमारा मजबूत उपयोग धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने में महत्वपूर्ण है।

## गोदरेज हेयर डाई और गुड नाइट लिक्विड की नकली फैक्ट्री पर छापा

**हैदराबाद।** तेलंगाना में हैदराबाद पुलिस ने गोदरेज एक्सपर्ट हेयर डाई और नकली गुड नाइट गोल्ड फ्लैश की एक नकली फैक्ट्री पर छापा मारा है। पुलिस ने बताया कि तेलंगाना नकली गोदरेज एक्सपर्ट हेयर डाई और गुड नाइट गोल्ड फ्लैश लिक्विड वेपोराइजर की पैकेजिंग सामग्री का अवैध भंडारण और आपूर्ति करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। छापे में गुड नाइट गोल्ड फ्लैश पैकेजिंग की 2000 पीस, पैक किए गए गुड नाइट गोल्ड फ्लैश लिक्विड वेपोराइजर के 85 पीस और गोदरेज एक्सपर्ट हेयर डाई के 180 पीस जब्त किए गए।

# आजादी से अब तक सुप्रीम कोर्ट के 37 हजार फैसलों का हिंदी अनुवाद

- चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि आजादी के बाद से सुप्रीम कोर्ट के लगभग 37 हजार फैसलों का हिंदी में अनुवाद किया गया है। अब उनका अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने की प्रक्रिया जारी है। प्रधान न्यायाधीश ने यह बात एक मामले की सुनवाई के दौरान कही।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि हिंदी के बाद अब तमिल सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत अपने फैसलों का संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने की प्रक्रिया में है। संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी, असमिया, बंगाली, बोडो और डोगरी सहित 22 भाषाओं को मान्यता दी गई है। प्रधान न्यायाधीश ने वकीलों से सुनवाई के दौरान 'इलेक्ट्रॉनिक सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट' से निर्णयों के तटस्थ उद्धरण देने का भी आग्रह किया।

शीर्ष अदालत ने 2023 में वकीलों, कानून के छात्रों और आम जनता को अपने निर्णयों तक निःशुल्क पहुंच प्रदान करने के लिए ई-एससीआर परियोजना शुरू की थी। वकील ई-एससीआर का उपयोग करते हुए सुनवाई के दौरान अपनी दलीलों के समर्थन में पिछले निर्णयों का हवाला देते हैं।



### फैसलों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद एआई की मदद से

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का अनुवाद अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से क्षेत्रीय भाषाओं में किया जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे देश भर की जिला अदालतों तक पहुंच सकें। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अंतिम अनुवाद की समीक्षा मानवीय हस्तक्षेप के माध्यम से की जाती है। अनुवाद में मानवीय हस्तक्षेप के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने एआई की सीमा का उल्लेख किया और कहा कि यह 'लीव ग्रांटेड' का अनुवाद 'अवकाश प्राप्त हुआ' के रूप में करती है। कानूनी भाषा में 'लीव' का मतलब अकसर किसी वादी को किसी विशेष उपाय का सहारा लेने के लिए अदालत की अनुमति देना होता है।

## खेल डायरी

### सुमित नागल ने खेलने के लिए मांगी थी 50,000 अमेरिकी डॉलर की फीस

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ ने गुरुवार को दावा किया कि सुमित नागल ने भारत के लिए



डेविस कप खेलने के लिए 50,000 अमेरिकी डॉलर की सालाना फीस मांगी थी, लेकिन देश के इस शीर्ष एकल खिलाड़ी ने खुद का बचाव करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को उनकी सेवाओं के लिए भुगतान किया जाना सामान्य बात है। नागल ने पीठ में खिंचाव का हवाला देते हुए स्वीडन के खिलाफ डेविस कप से हटने का फैसला किया था।

### विधात्री को महिला पेशेवर गोल्फ टूर में हिताषी के साथ संयुक्त बढ़त

**गुरुग्राम।** महिला पेशेवर गोल्फ टूर पर पिछले तीन टूर्नामेंट जीतने वाली विधात्री उर्स ने गुरुवार को 12वें चरण के टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद हिताषी बक्शी के साथ संयुक्त रूप से बढ़त बना ली।



पहले दौर के बाद हिताषी से एक शॉट पीछे चल रही विधात्री ने दूसरे दौर में दो ओवर 74 का स्कोर बनाया। हिताषी तीन ओवर का स्कोर ही बना पाईं। विधात्री और हिताषी एक ओवर 145 के समान स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

### आईएलटी20 ने स्टार खिलाड़ियों रॉय, होप और वेड से अनुबंध किया


**मुंबई।** डीपी वर्ल्ड अंतर्राष्ट्रीय लीग टी20 की छह फ्रेंचाइजी ने अगले साल 11 जनवरी से नौ फरवरी तक होने वाले तीसरे सत्र के लिए जेसन रॉय, मैथ्यू



वेड और शाई होप जैसे स्टार खिलाड़ियों के साथ अनुबंध किया है। नए खिलाड़ियों से अनुबंध करने की विंडो (समय-सीमा) जून में शुरू हुई थी जो पिछले रविवार को संपन्न हुई। मैच अबु धाबी, दुबई और शारजाह में होंगे। इस प्रतियोगिता में दुनिया के कुछ शीर्ष खिलाड़ी खेलने वाले हैं।

### भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने ला सेला ओपन में मजबूत शुरुआत की

**डेनिया (स्पेन)।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने गुरुवार के लेडीज यूरोपीय टूर पर ला सेला ओपन के



शुरुआती दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर अच्छी शुरूआत की। त्वेसा ने नौवें होल से शुरूआत की और बैक नाइन में आठ पार तथा एक बर्डी से संयुक्त 15वें स्थान पर बनी हुई हैं। अन्य भारतीयों में प्रणवी उर्स इवन पार पर थीं जबकि सहर अटवाल संयुक्त 75वें स्थान पर थीं। रिद्धिमा दिलावड़ी पहले होल के बाद एक ओवर पर थीं।

# शतकवीर अश्विन और जडेजा ने कराई भारत की वापसी

## पहले दिन भारतीय टीम ने छह विकेट पर 339 रन बनाए, भारतीय शीर्षक्रम बुरी तरह नाकाम रहा, हसन महमूद ने चार विकेट झटके




रविचंद्रन अश्विन

चेन्नई, एजेंसी

शतकवीर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने बांग्लादेश से मिले शुरुआती झटकों से निकालते हुए पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को भारतीय टीम को छह विकेट पर 339 रन तक पहुंचा दिया। दोनों ने सातवें विकेट की अटूट साझेदारी में 195 रन बना लिये हैं। इससे पहले भारतीय शीर्षक्रम बुरी तरह नाकाम रहा और पहले दो सत्र में बांग्लादेशी गेंदबाजों ने दबाव बनाते हुए छह विकेट 144 रन पर चटका दिये थे। इसके बाद चेन्नई में जन्मे अश्विन और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने वाले जडेजा ने अपने घरेलू मैदान एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर अद्भुत धैर्य और आपसी तालमेल का प्रदर्शन करते हुए बेजोड़ पारियां खेलीं।

अपना छठा टेस्ट शतक जड़ने वाले अश्विन ने 91 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए 112 गेंद में 102 रन जोड़े जिसमें 10 चौके और दो छक्के शामिल थे। वहीं जडेजा ने 117 गेंद में 86 रन बना लिये हैं। उन्होंने भी अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाये। इससे पहले इस साल मार्च में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले हसन महमूद ने भारतीय शीर्षक्रम को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया। 24 वर्ष के महमूद ने पांच ओवर में सिर्फ छह रन देकर पहले स्पैल में तीन विकेट चटकाये। उन्होंने 18 ओवर में 58 रन देकर चार विकेट लिये। यशस्वी जायसवाल के अलावा भारत का कोई बल्लेबाज सुबह के सत्र में बांग्लादेशी गेंदबाजी आक्रमण का सामना नहीं कर सका। जायसवाल ने 118 गेंद में नौ चौकों की मदद से 56 रन बनाये। जायसवाल और ऋषभ पंत (39) ने चौथे विकेट के लिये 99 गेंद में 62 रन जोड़े। पहले सत्र में प्रभावी दिख रहे पंत ने महमूद की गेंद पर विकेटकीपर लिटन दास को कैच थमाया। जायसवाल ने 95 गेंद में अपना अर्धशतक मेहदी हसन मिराज की गेंद पर एक रन लेकर पूरा किया। उन्होंने हालांकि इसके बाद अपनी एकाग्रता खोई और नाहिद राणा की गेंद पर पहली स्लिप में शादमैन इस्लाम को कैच दे बैठे। केएल राहुल 16 रन बनाकर आफ स्पिनर मिराज का शिकार हुए।

भारत के छह विकेट 144 रन पर गिर चुके थे। दूसरा सत्र भी पहले ही सत्र की तरह रहा जिसमें बांग्लादेशी गेंदबाज हावी रहे। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और पूरा फोकस एक्सप्रेस गेंदबाज नाहिद राणा पर था लेकिन भारतीय पारी को झटके महमूद ने दिये। रोहित शर्मा (छह) को एक के स्कोर पर डीआरएस से जीवनदान मिला था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सके। वह दूसरी स्लिप में नजमुल हसन शंटो को कैच देकर लौटे। शुभमन गिल (0) खाता भी नहीं खोल सके और आठ गेंद खेलने के बाद विकेटकीपर लिटन दास को कैच दे बैठे। विराट कोहली (छह) का मैदान में उतरने पर तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत हुआ लेकिन वह भी टिक नहीं सके। महमूद ने आफ स्टम्प से बाहर गेंद डाली जिस पर बल्ला अड़ाने का खामियाजा विराट ने भुगता और विकेट के पीछे लिटन ने कैच लपक लिया। भारत ने पहले तीन ओवर में ही एम ए चिदंबरम स्टेडियम की पिच पर तीन विकेट 34 रन के भीतर गंवा दिये। इसके बाद जायसवाल और केएल राहुल से ऊपर भेजे गए पंत ने पारी को संभालने की कोशिश की।

### पंत की तरह आक्रामक बल्लेबाजी करें : अश्विन

**चेन्नई।** घरेलू नायक रविचंद्रन अश्विन ने गुरुवार को नाबाद शतक जड़ने के बाद कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए तैयार की गई लाल मिट्टी की पिच पर उन्होंने जानबूझकर आक्रामक बल्लेबाजी करने का प्रयत्न किया। उनकी यह रणनीति कारगर रही और इसकी बदौलत वह घरेलू दर्शकों के सामने शानदार शतक लगाकर भारत को मुश्किल स्थिति से बाहर निकालने में सफल रहे। अश्विन ने पहले दिन के खेल खत्म होने के बाद मेजबान प्रसारक से कहा, यह चेन्नई की पुरानी पिच है जिसमें थोड़ा उछाल है। लाल मिट्टी की पिच पर आप अगर लाइन में आकर शॉट खेलने के इच्छुक हो तो आप कुछ शॉट खेल सकते हो। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से मैं हमेशा से ही अपने बल्ले को ऑफ स्टंप के बाहर घुमाता रहा हूं। मैंने कुछ चीजों पर काम किया और इस तरह की पिच पर अगर आपको गेंद पर शॉट लगाने है तो ऋषभ पंत की तरह आक्रामक बल्लेबाजी करनी चाहिए। ऋषभ पंत ने 39 गेंद में 52 रन बनाकर अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन लूज स्ट्रोक पर आउट हो गए।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी** : 339/6 (74)

| खिलाड़ी | रन | 4/6 |
|---|---|---|
| यशस्वी बो नाहिद | 56 | 9/0 |
| रोहित का शान्तो बो महमूद | 06 | 1/0 |
| गिल का लिटन बो महमूद | 00 | 0/0 |
| विराट का लिटन बो महमूद | 06 | 0/0 |
| पंत का लिटन बो महमूद | 39 | 6/0 |
| राहुल का जाकिर बो मिराज | 16 | 1/0 |
| जडेजा नाबाद | 86 | 10/2 |
| अश्विन नाबाद | 102 | 10/2 |

**अतिरिक्त** : 28 रन, **विकेट पतन** : 1-14, 2-28, 3-34, 4-96, 5-144, 6-144

**गेंदबाजी** : तसकीन अहमद 15-1-47-0, हसन महमूद 18-4-58-4, नाहिद राणा 17-2-80-1, मेहदी हसन मिराज 21-2-77-1, शाकिब अल हसन 8-0-50-0, मोमिनुल हक 1-0-4-0

# न्यूजीलैंड के चार विकेट पर 255 रन

- टॉम लैथम और केन विलियमसन ने दूसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की
- पहले टेस्ट मैच में श्रीलंका की टीम 305 रन पर ऑल आउट हो गई

गॉल, एजेंसी

टॉम लैथम और केन विलियमसन के अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को यहां चार विकेट पर 255 रन बनाए। श्रीलंका के पहली पारी के 305 रन के जवाब में लैथम (70) और डेवोन कॉनवे (17) ने पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। सलामी बल्लेबाज लैथम ने विलियमसन (55) के साथ भी दूसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की।

बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या की गेंद पर पवेलियन लौटने से पहले लैथम स्पिनरों के खिलाफ सहज नजर आ रहे थे। उन्होंने जयसूर्या की गेंद को स्वीप करने की कोशिश में स्क्वायर लेग पर कैच थमाया। विलियमसन की अच्छी लय में नजर आए लेकिन 55 रन के स्कोर पर उनकी एकाग्रता टूटी और उन्होंने धनंजय डिसिल्वा की गेंद पर विकेटकीपर कुसाल मेंडिस को कैच थमाया। रचिन रविंद्र (39) भी धनंजय की गेंद को पूरी तरह से चूककर बोल्ड हुए। डेरिल मिचेल (नाबाद 41) और टॉम ब्लंडेल (नाबाद 18) ने पांचवें विकेट के लिए 59 रन की अटूट साझेदारी करके इसके बाद न्यूजीलैंड को और झटके नहीं लगने दिए। इससे पहले श्रीलंका की टीम सात विकेट पर 302 रन से आगे खेलने उतरी और 305 रन पर ऑल आउट हो गई। तेज गेंदबाज विल ओ रोर्के ने 55 रन देकर पांच विकेट चटकाए।



श्रीलंका के गॉल में शॉट खेलते हुए न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल।

## फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में अर्जेन्टीना से भिड़ेगा इटली

**डेविस कप**

**मैड्रिड।** गत चैंपियन इटली नवंबर में डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में अर्जेन्टीना से भिड़ेगा। दक्षिणी स्पेनिश के शहर मलागा में गुरुवार को अंतिम आठ के लिए हुए ड्रॉ में अमेरिका का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से, जर्मनी का कनाडा से और नीदरलैंड का स्पेन से मुकाबला तय हुआ। अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने के बाद इटली, स्पेन, कनाडा और अमेरिका को वरीयता दी गई। इटली-अर्जेंटीना मुकाबले का विजेता सेमीफाइनल में अमेरिका या ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। जर्मनी-कनाडा मैच का विजेता नीदरलैंड या स्पेन के खिलाफ सेमीफाइनल खेलेगा।

**चाइना ओपन**



महिला एकल में स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को हराया

## मालविका क्वार्टरफाइनल में

**चांगझोऊ।** भारतीय शटलर मालविका बंसोड़ ने गुरुवार को चाइना ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल में स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। गुरुवार को एक घंटा और पांच मिनट तक चले मुकाबले में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने दूसरे राउंड में दो बार की राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को 21-17, 19-21, 21-16 से हराया। इस जीत के साथ वह साइना नेहवाल और पीवी सिंधु के बाद बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला एकल शटलर बन गई हैं।

# इंडिया ए ने मैच में बनाई पकड़

अनंतपुर, एजेंसी

**दलीप ट्रॉफी**

शाश्वत रावत (नाबाद 122) की शतकीय पारी के दम पर इंडिया ने वापसी करते हुए गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के छठे मुकाबले में अपनी पकड़ बना ली है। गुरुवार को टॉस जीतकर इंडिया सी ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने अंशुल कम्बोज और विजयकुमार वैशाख की घातक गेंदबाजी के आगे घुटने टेक दिये। ऐसे संकट के समय शाश्वत रावत और शम्स मुलानी ने पारी को संभाला। दिन का खेल समाप्त होने पर इंडिया ए ने सात विकेट पर 224 रन बना लिये थे और शाश्वत रावत (नाबाद 122) और आवेश खान (नाबाद 16) क्रीज पर थे। इंडिया सी की ओर से अंशुल कम्बोज ने तीन विकेट, विजयकुमार वैशाख को दो विकेट मिले।

### चार बल्लेबाजों का अर्धशतक, इंडिया डी बड़े स्कोर की ओर

**अनंतपुर।** संजू सैमसन (नाबाद 89), देवदत्त पड़िक्कल (50), श्रीकर भरत (52) और रिकी भुई (56) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत इंडिया डी ने गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के पाचवें मुकाबले में पांच विकेट पर 306 रन के साथ बड़े स्कोर की ओर कदम बढ़ा दिया है। इंडिया बी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया डी के देवदत्त पड़िक्कल और श्रीकर भरत की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 105 रन जोड़े। दिन का खेल समाप्त होने पर इंडिया डी ने पांच विकेट पर 306 रन बना लिये है और संजू सैमसन (नाबाद 89) और सारांश जैन (नाबाद 26) क्रीज पर मौजूद थे। इंडिया बी की ओर से राहुल चाहर ने तीन विकेट लिये। नवदीप सैनी और मुकेश कुमार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## भारतीय महिलाओं ने जॉर्जिया व पुरुष टीम ने चीन को हराया

**शतरंज ओलंपियाड**

**बुडापेस्ट।** ग्रैंडमास्टर आर वैशाली और वंतिका अग्रवाल के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के सातवें दौर में जॉर्जिया को हराया जबकि विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश की अगुवाई में पुरुष टीम ने चीन को हराकर अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। वैशाली और वंतिका ने क्रमशः लैला जे और बेला कोतेनाश्विली को हराया। भारतीय महिला टीम ने जॉर्जिया को 3-1 से और पुरुष टीम ने चीन को 2.5-1.5 से हराया। डी हरिका ने नाना जागनिजे से ड्रॉ खेला जबकि दिव्या देशमुख को निनो बात्सियाश्विली ने ड्रॉ पर रोका। ओपन वर्ग में गुकेश ने चीन के वेइ यि को हराया। गुकेश और विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन के बीच मुकाबले की अटकलें थी, जिन्हें नवंबर में सिंगापुर में विश्व चैम्पियनशिप मुकाबला खेलना है। चीन ने हालांकि लिरेन को आराम देने का फैसला किया। अगले दौर में भारतीय पुरुष टीम का सामना ईरान और महिला टीम का पोलैंड से होगा।

# भारत के शुरुआती मैच बांग्लादेश से

थिम्पू, एजेंसी

- सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैम्पियनशिप में तीन टीम के ग्रुप ए में मालदीव तीसरी टीम
- टूर्नामेंट के ग्रुप बी में मेजबान भूटान, नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान की टीमें शामिल

गत चैम्पियन भारत शुक्रवार को सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैम्पियनशिप में ग्रुप ए के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। तीन टीम के ग्रुप ए में मालदीव तीसरी टीम है और भारत को 24 सितंबर को उससे भिड़ना है। ग्रुप बी में मेजबान भूटान, नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 28 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद 30 सितंबर को फाइनल होगा।

भारत 2022 का चैम्पियन है, जब पिछली बार यह टूर्नामेंट अंडर-17 आयु ग्रुप में खेला गया था। पिछले साल का चरण अंडर-16 आयु वर्ग के लिए कराया गया था, जिसका विजेता भी भारत ही था। मुख्य कोच इश्फाक अहमद ने इसी चांगलिमिथांग स्टेडियम में ट्राफी उठाने वाली टीम के 23 में से 16 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। एक साल पहले भारत ने शुरूआती मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की थी और फाइनल भी बांग्लादेश के खिलाफ हुआ था, जिसमें वह 2-0 से विजेता रहा था। इश्फाक अहमद ने टूर्नामेंट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमें बांग्लादेश के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मैच की उम्मीद है। मैं चाहता हूं कि हमारे खिलाड़ियों की परीक्षा हो और हम जानते हैं कि बांग्लादेश की टीम से खेलना इतना आसान नहीं होगा। हमें सकारात्मक शुरूआत का भरोसा है। उम्मीद है कि हर कोई मैच में अच्छी फुटबॉल का लुत्फ उठायेगा।

## बॉलीवुड हलचल

# सिटाडेल सीजन 2 में नजर आयेंगी प्रियंका चोपड़ा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा वेब सीरीज सिटाडेल सीजन 2 में काम करती नजर आयेंगी। प्रियंका चोपड़ा अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल जीवन से जुड़ी झलकियां सोशल मीडिया



पर साझा करती रहती हैं। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों वेब सीरीज सिटाडेल सीजन 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। प्रियंका ने सिटाडेल 2 के सेट से एक बीटीएस वीडियो अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस वीडियो टूर की शुरुआत प्रियंका के क्लोज-अप शॉट में मिरर सेल्फी से होती है। इससे पहले कि वह सिटाडेल-सीजन 2 के सेट पर एक शानदार काले रंग की ड्रेस में नजर आईं। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि शार्प पोनीटेल, धूप का चश्मा लगाए हुए प्रियंका का यह लुक बेहद हॉट है। इस वीडियो के साथ प्रियंका ने लिखा, नादिया वापस आ गई। इससे पहले प्रियंका ने सेट पर जाने का एक वीडियो भी साझा किया था, जिसका कैप्शन था, हैलो सिटाडेल एस 2। अगस्त में प्रियंका ने अपने नए रंग की आंखों को दिखाते हुए एक क्लिप साझा की थी।

## दुर्गापूजा पर रिलीज होगी अपराधी

**मुंबई।** ट्रेंडिंग स्टार खेसारीलाल यादव की फिल्म अपराधी दुर्गापूजा के अवसर पर देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म अपराध का निर्माण दक्षा फिल्म इंडिया के बैनर तले किया गया है, और निर्देशन शेखर शर्मा ने किया है। फिल्म अपराधी में खेसारीलाल का दमदार एक्शन और रोमांस देखने को मिलेगा, जिसमें गांव का खास अंदाज दिखाया जाएगा। फिल्म में ऋतु सिंह, मेघाश्री और रक्षा गुप्ता भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी। बिहार



और झारखंड में फिल्म का वितरण रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट कर रही है। फिल्म अपराधी को लेकर खेसारीलाल यादव ने कहा, यह फिल्म मेरे दिल के बेहद करीब है। इसमें मेरा किरदार एक्शन और रोमांस दोनों का बेहतरीन मिश्रण है, जो दर्शकों को जरूर पसंद आएगा। खासकर इस दुर्गापूजा के मौके पर इसे रिलीज करना मेरे लिए खास है, क्योंकि यह फिल्म परिवार और समाज के कई महत्वपूर्ण मुद्दों को भी उजागर करती है।

## बेटों को जब वी मेट दिखाना चाहती हैं करीना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर अपने बेटों को अपनी सुपरहिट फिल्म जब वी मेट दिखाना चाहती हैं। हाल ही में, करीना कपूर के नाम पर एक फिल्म फेस्टिवल का एलान किया गया है। इस दौरान उनकी कई फिल्में दिखाई जाएगी। इस फिल्म फेस्टिवल में करीना कपूर की जब वी मेट, कभी खुशी कभी गम, अशोका, चमेली और ओमकारा समेत कई फिल्मों को दिखाया जाएगा। इसका आयोजन 20 से 27 सितंबर तक होगा। करीना कपूर चाहतीं हैं कि उनके बेटे तैमूर अली खान और जेह अली खान उनकी एक फिल्म जब वी मेट देखें। इस फिल्म में करीना कपूर ने गीत का रोल किया है, जिसे दर्शक काफी पसंद करते हैं। करीना कपूर की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। करीना कपूर की आने वाली फिल्म में सिंघम अगेन प्रमुख है।

## पंजाब ने हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती

**जालंधर।** पंजाब ने गुरुवार को शूट आउट में उत्तर प्रदेश को 4-3 से हराकर 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीता। पंजाब के लिए सुखविंदर सिंह (पांचवें मिनट), जरमन सिंह (33वें मिनट) और जोबनप्रीत सिंह (39वें मिनट) ने गोल दागे जबकि उप्र के लिए अजीत यादव (31वें मिनट), सूरज पाल (48वें मिनट) और आकाश पाल (54वें मिनट) ने गोल किए, जिससे मुकाबला 3-3 से बराबर था। शूटआउट के दौरान उप्र के आकाश पाल, नितीश भारद्वाज और अजीत यादव ने गोल किए जबकि पंजाब के लिए जपनीत सिंह, सुखविंदर सिंह, जरमन सिंह और लवनूर सिंह ने गोल दागकर खिताब सुनिश्चित किया। तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में हरियाणा ने कर्नाटक को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया। टीम के लिए अमित खासा (30वें मिनट), नवराज सिंह (50वें मिनट), नितिन (54वें मिनट), मनीष कुमार (55वें मिनट) और साहिल रुहाल (59वें मिनट) ने गोल किए।

# चैंपियंस लीग : मैनचेस्टर सिटी और इंटर मिलान ने ड्रॉ खेला

जिनेवा, एजेंसी

- 90वें मिनट में नूनो मेंडेस के गोल ने पीएसजी को 1-0 से जीत दिलाई

यूएफा चैंपियंस लीग में बोलोगना और शखतार दोनेत्स्क के बीच बुधवार को खेला गया मैच गोलरहित ड्रॉ रहने के बाद मैनचेस्टर सिटी और इंटर मिलान का मुकाबला भी 0-0 से बराबरी पर समाप्त हुआ। इससे पहले मंगलवार को हुए मुकाबलों में कुल 28 गोल दागे गये, जिनमें अकेले बायर्न म्यूनिख एफसी के नौ शामिल थे। वहीं अगले दिन के छह मुकाबलों में केवल 13 गोल ही हुए।

नये लीग चरण में खेले जाने वाले 144 में से अब तक 12 मैचों में ये दूसरा एकमात्र ड्रॉ है। पिछले सत्र में पूरी प्रतियोगिता में प्रति मैच औसतन तीन गोल हुए थे। पेरिस सेंट जर्मेन और गिरोना का मुकाबला भी गोलरहित ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था, लेकिन 90वें मिनट में नूनो मेंडेस के गोल ने पीएसजी को 1-0 से जीत दिलाई। बोरूसिया डॉर्टमंड ने स्थानापन्न खिलाड़ी जेमी गिटेंस के दो और सेरहो गुइरासी के अतिरिक्त समय में किये गोल से क्लब ब्रुग को 3-0 से हराया। टूर्नामेंट में गुरुवार को बार्सिलोना का मुकाबला मोनाको से होगा जबकि अटलांटा की आर्सेनल से भिड़ंत होगी। साथ ही बायेर लीवरकुसेन का सामना फेयेनूर्ड से होगा। 36 टीमें जनवरी तक आठ अलग-अलग विरोधी टीमों से खेलेंगी और उन्हें एकल लीग तालिका में स्थान दिया जाएगा। नॉकआउट चरण में जाने वाली टीमों का निर्धारण होगा।



गोल करने का मौका चूकने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते मैनचेस्टर सिटी के इल्के गुंडोगन। • एजेंसी


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

